www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:40 सूर्यास्त 6:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 02.2 न्यू | 13.03 अधि |
| धर्मशाला | 07.2 न्यू | 15.01 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73677.13 |
| निफ्टी | 22356.30 |
| सोना 64,850 | चांदी 73,700 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | बुधवार, 6 मार्च 2024 | 23 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 78 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

दीपिका के बाद परिणीति चोपड़ा से भी 'गुड न्यूज' मिलने की अटकलें ... पेज 14

सौगात गडकरी ने 4000 करोड़ के 15 एनएच प्रोजेक्टों के शिलान्यास-उद्घाटन किए

# मटौर से शिमला तक अब टू नहीं, पूर्ण होगा फोरलेन

## 3 घंटे में पूरा होगा सफर, घटेगी 43 किलो मीटर की दूरी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को यहां दोसड़का के पुलिस मैदान में आयोजित एक समारोह में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के राष्ट्रीय राजमार्गों और सीआईआरएफ के अंतर्गत 15 एनएच प्रोजेक्टों और पुलों के शिलान्यास एवं उद्घाटन किए। गडकरी ने बताया कि लगभग 4,000 करोड़ रुपए की इन विभिन्न परियोजनाओं से हिमाचल प्रदेश के विकास को बल मिलेगा।

गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि अकेले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए ही लगभग 3,000 करोड़ रुपए के शिलान्यास एवं लोकार्पण करके क्षेत्र की जनता को बहुत बड़ी सौगात दी गई है। हिमाचल का पहला रिंग रोड हमीरपुर में बनाया जाएगा।

गोविंदसागर झील पर 900 करोड़ से अत्याधुनिक पुल बनाया जाएगा। इस अवसर पर लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बरसात के मौसम में प्रदेश में हुए सड़कों के भारी नुकसान का मुआवजा तुरंत देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मटौर-शिमला नेशनल हाई-वे के कुछ हिस्सों को टू लेन ही रखा है, इस पूरे हाई-वे को फोरलेन किया जाना चाहिए जिसे केंद्रीय मंत्री ने पूरा कर दिया। (अनंत ज्ञान)





हमीरपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सम्मानित करते अनुराग ठाकुर, साथ हैं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

### 15 हजार करोड़ से बनेंगी 32 टनल

**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि ही नहीं हमारी सृष्टि सौंदर्य से भी अनूठा है। देश के विभिन्न प्रांतों के लोग हिमाचल में आते हैं। पर्यटन की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश आकर्षण का केंद्र है। हमारे उद्देश्य पर्यटन और उद्योग बढ़ाना है, उसी से रोजगार मिलता है। अगर हमें पर्यटन बढ़ाना है तो इसके लिए अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि वर्ष 2024 के समाप्त होने तक एक लाख करोड़ के कार्य कुछ पूरे होंगे और कुछ शुरू होंगे और हम एक लाख करोड़ रुपए खर्चा करके हिमाचल प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी दुनिया के बराबर बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि हम हिमाचल में 15 हजार करोड़ रुपए की लागत से 45 किलोमीटर लंबाई की 32 टनल का निर्माण करने जा रहे हैं। मनाली से लेह लद्दाख के बीच सीधी कनेक्टीविटी हो

### 284 करोड़ से तैयार होगा बिजली महादेव का रोप-वे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने हमीरपुर से वर्चुअल बिजली महादेव रोप-वे का भूमि पूजन किया। मुख्य संसदीय सचिव वन ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने मौहल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।

सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस रोप-वे का निर्माण एनएचएआई द्वार डेढ़ वर्ष के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। 284 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस रोप-वे की लंबाई 2.4 किलोमीटर होगी। रोपवे के बन जाने से कुल्लू से बिजली महादेव का सफर जो कि अढ़ाई घंटे में तय होता था अब केवल 7 मिनट में पूरा हो जाएगा।

# लुहणू मैदान में 'सांसद खेल महाकुंभ' का आगाज

## अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के ऐतिहासिक लुहणू क्रिकेट मैदान में मंगलवार को क्रिकेट, बॉलीवुड व गायकी के कई सितारे पहुंचे। 'सांसद खेल महाकुंभ 3.0' के शुभारंभ पर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ बिलासपुर पहुंचे जिन्होंने इन खेलों आगाज किया। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ को शॉल, टोपी व चंबा की सुप्रसिद्ध थाल के साथ सम्मानित किया।

अनुराग ठाकुर ने 'सांसद खेल महाकुंभ' के बारे में जानकारी दी। मंच का संचालन कर रहे बॉलीवुड अभिनेता अपार शक्ति खुराना ने रोहित और राहुल के साथ हंसी मजाक किया। साथ ही उनसे क्रिकेट के अनुभव भी पूछे। इस दौरान प्रशंसकों में रोहित शर्मा की फोटो व उनके साथ सेल्फी लेने के लिए होड़ लगी रही। इस दौरान 'सांसद खेल महाकुंभ' की जर्सी भी जारी की गई। खेल महाकुंभ में पंजाबी गायक लखविंद्र सिंह वडाली, नाटी किंग कुलदीप शर्मा, हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ द पाइंस और अपार शक्ति खुराना ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया।





रोहित शर्मा को शॉल, टोपी व चंबा की सुप्रसिद्ध थाल के साथ सम्मानित करते अनुराग ठाकुर व अन्य।

### लखविंद्र वडाली, नाटी किंग कुलदीप शर्मा व हिमाचल पुलिस बैंड ने किया मनोरंजन

राहुल द्रविड़ ने कहा, "मैंने अपनी जिंदगी में खेल से ही सब कुछ पाया है। खेल ने ही मुझे नई जिंदगी दी है। जरूरी नहीं है कि आप हमेशा भारत के लिए ही खेलोगे, लेकिन प्रदेश का प्रतिनिधित्व तो जरूर करोगे, यह मुझे पूरी उम्मीद है। सांसद खेल महाकुंभ हिमाचल के खिलाड़ियों को एक अलग पहचान देगा।"

अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेल महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक स्वस्थ मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। यह पहल युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखने में भी सहायक होगी।

## लुहणू ग्राउंड और गोविंदसागर झील बेहद खूबसूरत, परिवार के साथ फिर आऊंगा : रोहित

**शुभम राही, बिलासपुर**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कहा कि अभी बिलासपुर से मन नहीं भरा है। आसमान से बिलासपुर की गोविंदसागर झील और लुहणू क्रिकेट मैदान बेहद खूबसूरत दिखता है। वह बिलासपुर में अपने परिवार के साथ एक बार फिर से यहां पर आना चाहते हैं।

रोहित शर्मा ने कहा कि जब वह हेलिकॉप्टर के माध्यम से बिलासपुर में लैंड कर रहे थे तो ऊपर से बिलासपुर बहुत खूबसूरत नजर आ रहा था। हालांकि, यहां की पिच पर मैच नहीं खेल पाए हैं, लेकिन अगर कभी मौका मिला तो यहां के खिलाड़ियों के साथ खेलूंगा। धर्मशाला में होने जा रहे मैच को लेकर पूछे गए प्रश्न पर रोहित शर्मा ने कहा कि वह अभी कुछ जवाब नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में खेलना उन्हें बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि ग्राउंड से दिखने वाली धौलाधार की पहाड़ियों का दीदार बहुत ही मनमोहक है।



रोहित शर्मा के साथ विशेष बातचीत

### पत्नी को वीडियो कॉल से दिखाई झील और मैदान

रोहित शर्मा जब हेलिकॉप्टर के माध्यम से बिलासपुर में आ रहे थे तो उन्होंने अपनी पत्नी को वीडियो कॉल के माध्यम से यहां की गोविंदसागर झील और लुहणू क्रिकेट मैदान को दिखाया ।

### ओम के स्वरूप में बाबा भूतनाथ का धृत शृंगार



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग पर 27वें दिन धृत शृंगार में ओंकार का स्वरूप बनाया गया। ओम में ही सारी सृष्टि समाई हुई है। नासा के वैज्ञानिकों ने अत्याधुनिक यंत्रों की सहायता से अंतरिक्ष में ओम की ध्वनि को कैप्चर किया है। प्रणव को सृष्टि निर्माण का मंत्र माना गया है, जिसका उच्चारण कर परमपिता ब्रह्मा सृष्टि निर्माण कार्य आरंभ करते हैं। भूतों के नाथ भगवान शिव के इर्द गिर्द भी प्रणव का नाद सुनाई देता है। ओम में ही सारा ब्रह्मांड समाया हुआ है।

## धर्मपुर के गाहर में दो व्यक्तियों की लैंडस्लाइड में दबने से मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**पुलिस** थाना धर्मपुर के अंतर्गत गांव गाहर में दो व्यक्तियों की लैंडस्लाइड से मौत गई। जानकारी के मुताबिक सुखारी मुखिया (31 साल) पुत्र चनदेव निवासी गांव खैराघाट डाकघर खैरी थाना बजरिया पंचरूख मोतिहारी ईस्ट चंपारण बिहार व बेस मुखिया (46 साल) पुत्र जदुनंदन गांव खैराघाटी डाकघर खैरी थाना बजरिया पंचरूख मोतिहारी ईस्ट चंपारण बिहार इन दिनों धर्मपुर के गाहर में लेबर का काम कर रहे थे।

बीती रात को उनके ढारे के पीछे लैंड स्लाइड होने के कारण उनकी दबकर मौत हो गई। उक्त दोनों व्यक्ति तीन-चार दिन पहले ही यहां आए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। एसपी सोलन गौरव सिंह के कहा कि पुलिस की जांच के मुताबिक प्रथम दृष्टया दोनों की मृत्यु लैंड स्लाइड में दबने के कारण होना प्रतीत हो रही है।

## सुक्खू सरकार को झटका, हाई कोर्ट ने खारिज किया वाटर सेस एक्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**राजस्व** बढ़ाने की कोशिश में लगी सुक्खू सरकार को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पावर प्रोजेक्टों पर वाटर सेस लगाने की दिशा में बढ़ रही सुक्खू सरकार के हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है और इसे असंवैधानिक करार दिया है। हाई कोर्ट ने वाटर सेस आयोग का गठन राज्य विधानसभा के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने यह फैसला दिया है। बता दें कि अधिनियम के विरोध में 40 जल विद्युत कंपनियां कोर्ट गई थीं। वरिष्ठ वकील रजनीश मानिकतला ने इसकी जानकारी दी।

सरकार हिमाचल में आय के संसाधन जुटाने के लिए प्रयास कर रही है और वाटर सेस से 2500 करोड़ राजस्व जुटाने का लक्ष्य था, लेकिन हाई कोर्ट ने अधिनियम को खारिज कर दिया है।

## सीएम पलटे : 24 घंटे के अंदर एरियर की अधिसूचना ली वापस

**अरविंद शर्मा, शिमला**



**प्रदेश** की सुक्खू सरकार ने 24 घंटे के अंदर एरियर की अधिसूचना को वापस ले लिया है। अब इस अधिसूचना पर सरकार दोबारा पुनर्विचार करेगी। अधिसूचना को वापस लेने के पीछे यह कारण रहा है कि कर्मचारियों द्वारा इस पर सवाल उठाए थे कि एरियर बहुत ही कम दिया गया है, ऐसे में कुछ कर्मचारी इसको लेकर मुख्यमंत्री से भी मिले थे। ऐसे में मंगलवार शाम को सरकार ने यह फैसला वापस ले लिया है। प्रदेश के 5 लाख सरकारी कर्मचारियों व पेंशनरों को एरियर का तोहफा मिलना था। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में लगे भूकंप के झटके

**शिमला/जम्मू।** हिमाचल प्रदेश में मंडी जिला तथा जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक मंडी जिला में भूकंप के झटके सुबह 6 बजकर 56 मिनट पर कुछ सेकंड के लिए आए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3 दशमलव 2 मापी गई । वहीं डोडा जिले में सोमवार की रात भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.2 दर्ज की गई।





### फ्रांस की महिलाओं को मिला गर्भपात का संवैधानिक अधिकार

**पेरिस।** फ्रांस की महिलाओं को विशेष अधिकार देते हुए गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां द्वारा बुलाए गए संसद के दोनों सदनों के विशेष सत्र में गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा दिया गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने कहा कि उन्होंने महिलाओं को गर्भपात का संवैधानिक अधिकार देने का वादा किया था।

## हाई कोर्ट ने शाहजहां शेख केस सीबीआई को सौंपा

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को शाहजहां शेख का केस सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया। बंगाल सरकार के वकील ने हाई कोर्ट से अपील की कि वे इस आदेश पर 3 दिन रोक लगा दे, लेकिन हाई कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद राज्य सरकार ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाने का फैसला किया। शेख को ईडी की टीम पर हमले के केस में 29 फरवरी को नॉर्थ 24 परगना के मीनाखान इलाके से गिरफ्तार किया गया था। वह 55 दिन से फरार था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा कि इस केस से जुड़े सभी कागजात तुरंत सीबीआई को सौंप दिए जाएं।



## बारिश-बर्फबारी से अफगानिस्तान में 39 की मौत

**काबुल।** भारी बारिश और बर्फबारी की वजह से अफगानिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में अभी तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 से अधिक लोग घायल हैं। अफगानिस्तान इस वक्त भारी बारिश और बर्फबारी से जूझ रहा है। चार दिनों से भीषण बर्फबारी और बर्फीले तूफान का सिलसिला चल रहा है।

इससे प्रांतों और जिलों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हैं। अफगानी आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता जनान सईक ने कहा कि हाल ही में हुई बर्फबारी और बारिश ने 637 आवासीय घरों को पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट कर दिया है और 14,000 मवेशियों की जान ले ली है।

## बिहार के गया में सेना का एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त



**पटना।** बिहार के गया में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एयरक्राफ्ट ने गया ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) से उड़ान भरी थी, जिसमें अचानक तकनीकी खराबी आ गई और वह खेत में जा गिरा। एयरक्राफ्ट में सवार महिला प्रशिक्षु और ट्रेनर पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## सुक्खू ने किया 1962 मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा का शुभारंभ, विकास खंडों में मिलेगी एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पशुपालन विभाग की 1962 मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा का शुभारंभ किया। इसके तहत प्रथम चरण में 44 विकास खंडों में एंबुलेंस उपलब्ध करवाई गई हैं।

इस पर 7.04 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की गई है, इनमें से बिलासपुर, ऊना, सोलन व कुल्लू में तीन-तीन, लाहौल-स्पीति में दो, मंडी व शिमला में पांच, चंबा, सिरमौर व हमीरपुर में चार-चार, किन्नौर में एक तथा कांगड़ा जिला में सात मोबाइल एंबुलेंस उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने पशु संजीवनी कॉल सेंटर का शुभारंभ भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों सेवाओं के आरंभ होने से प्रदेश के पशुपालक किसी भी कोने से टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर आपात स्थिति में गंभीर पशु रोगों के उपचार के लिए पशु चिकित्सा सेवा अपने घरद्वार पर प्राप्त कर सकते हैं।

प्रत्येक एंबुलेंस के साथ एक पशु चिकित्सक तथा एक फार्मासिस्ट उपलब्ध होंगे। जब भी किसी पशुपालक को आपात स्थिति में मदद चाहिए होगी तो वह टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर सकेंगे और उन्हें नजदीकी पशु चिकित्सा सेवा के माध्यम से सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवा किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर कृषि एवं पशु पालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, विधायक नीरज नैयर, नरेश चौहान, निदेशक पशु पालन विभाग डॉ. प्रदीप शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

## टॉप स्टोरीज

जिला प्रशासन को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड ...पेज 2

टेस्ट मैच कल, टिकट बुक करवाने को मची होड़ ...पेज 6

लाहौल घाटी में चार जगह हुआ हिमस्खलन ...पेज 10

रिपोर्ट 2021 के बाद से ब्लूमबर्ग की रैंकिंग में बेजोस की वापसी, एलन मस्क को पछाड़ा

# जेफ बेजोस बने दुनिया के सबसे अमीर शख्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टेस्ला प्रमुख एलन मस्क को पछाड़ कर जेफ बेजोस फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। बेजोस ने लंबे समय तक सबसे अमीर शख्स रहने वाले मस्क का यह ताज अब छीन लिया है। बेजोस 200 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि मस्क 198 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक भले ही अमेजन फाउंडर 60 वर्षीय जेफ बेजोस ने नंबर-1 की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है। उन्होंने यह तमगा साल 2021 के बाद पहली बार पाया है, लेकिन एलन मस्क की संपत्ति में फासला बेहद कम है। दोनों अरबपतियों की संपत्ति में अंतर की बात करें तो ये महज दो अरब डॉलर का है।





### दुनिया के टॉप-10 अमीर

| | |
|---|---|
| जेफ बेजोस | 200 अरब डॉलर |
| एलन मस्क | 198 अरब डॉलर |
| बर्नार्ड अरनॉल्ट | 197 अरब डॉलर |
| मार्क जुकरबर्ग | 179 अरब डॉलर |
| बिल गेट्स | 150 अरब डॉलर |
| स्टीव बाल्मर | 143 अरब डॉलर |
| वॉरेन बफेट | 133 अरब डॉलर |
| लैरी एलिसन | 129 अरब डॉलर |
| लैरी पेज | 122 अरब डॉलर |
| सर्गी ब्रिन | 116 अरब डॉलर |

### एलन मस्क के पिछड़ने का कारण

**सोमवार** को एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों में जोरदार गिरावट आई और ये 7.2 फीसदी फिसलकर 188.14 डॉलर के भाव पर आ गए।10 इससे कंपनी की नेटवर्थ के साथ ही एलन मस्क की नेटवर्थ पर भी असर पड़ा।

### मुकेश अंबानी इस सूची में 11वें पायदान पर



**भारत** के अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी इस सूची में11वें पायदान पर हैं। मुकेश अंबानी की दौलत ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक 115 अरब डॉलर है। वे इस साल अबतक 18.2 अरब डॉलर की दौलत अपनी नेटवर्थ में जोड़ चुके हैं। इसी तरह भारत के ही एक और अरबपति कारोबारी गौतम अडानी इस सूची में 12वें नंबर पर हैं और उनके पास फिलहाल 104 अरब डॉलर की नेटवर्थ है।

7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए की रेड

## बेंगलुरु कैफे ब्लॉस्ट के तार आईएसआईएस से जुड़े

**एजेंसी, बेंगलुरु**





**कर्नाटक** के बेंगलुरु में मशहूर रामेश्वरम कैफे में 1 मार्च को हुए बम ब्लास्ट के तार आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ गए हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को मामले में 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर छापे मारे हैं।

एनआईए की टीम ने बेंगलुरु के आरटी नगर में टी नजीर के घर पर छापा मारा। टी नजीर के आईएसआईएस से जुड़े होने का शक है। उसने कथित तौर पर कैफे ब्लास्ट के लिए आतंकवादियों को उकसाया था। जुनैद नाम का शख्स रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। उसके खिलाफ हवाला लेन-देन के संबंध में पहले से ही मामला दर्ज है। एनआईए की टीम छानबीन के लिए बेंगलुरु सेंट्रल जेल भी गई थी। एनआईए ने चेन्नई के सिद्दरपेट और बिडयार से 5 लोगों को हिरासत में लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार से लगाई मदद के लिए गुहार


बीमार यशवीर सिंह।

**करसोग।** करसोग विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड चुराग के अंतर्गत आने वाले गांव खनीउडी के रहने वाले यशवीर सिंह पुत्र स्व. योगराज रक्त कैंसर की बीमारी से ग्रस्त हैं। यशवीर सिंह के परिवार में इसका छोटा भाई और पत्नी हैं। यशवीर सिंह 26 साल के हैं और कुछ महीनों से रक्त संबंधी कैंसर नामक बीमारी हो गई है और इनका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। बचपन में माता-पिता का देहांत होने के बाद परिवार की सारी जिम्मेदारी यशवीर सिंह पर ही है। हालात यह हैं कि यशवीर की पत्नी के लिए आजीविका कमाना चुनौती बनी हुई है। वहीं यशवीर सिंह व उसकी पत्नी ने आम जनमानस, सरकार और विधायक करसोग दीपराज कपूर व सांसद प्रतिभा सिंह से मदद की गुहार लगाई है।

### दीक्षा व रितिक कैंपस एंबेसडर बने



नए वोटर को जागरूक करने के लिए चुने गए कैंपस एंबेसडर व अन्य।

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर की 'इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब' (चुनावी साक्षरता क्लब) द्वारा नए वोटर को जागरूक करने के लिए कैंपस एंबेसडर का चुनाव किया गया, जिसमें बीए तृतीय वर्ष की दीक्षा शर्मा व बीए तृतीय वर्ष के रितिक ठाकुर का सर्वसम्मति से चयन किया गया। ईएलसी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. ओपी ठाकुर ने महाविद्यालय के 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले विद्यार्थियों को वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया व मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट के महत्व पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी। इस उपलक्ष्य पर डॉ. ब्रजनंदन, प्रो. अंजलि परमार व प्रो. कुलदीप मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी कृष्णानंद की जयंती मनाई


स्वतंत्रता सेनानी कृष्णानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान मौजूद गणमान्य।

**मंडी।** महान स्वतंत्रता सेनानी कृष्णानंद की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके परिजनों के सौजन्य से जिला पुस्तकालय मंडी के प्रांगण में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुस्तकालय के प्रांगण में स्थापित कृष्णानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, उपमहापौर माधूरी कपूर, 102 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी ओम चंद कपूर, ओपी कपूर वरिष्ठ नागरिक सभा के सदस्य व गणमान्य उपस्थित रहे।

### अब खैरात बांटने लगे हैं मुख्यमंत्री: चंदन

**पधर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कहा कि अभी एक सप्ताह पहले ही बजट सत्र में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए हर महीना देने के विषय में किसी भी प्रकार की कोई आर्थिक व्यवस्था नहीं की गई थी और न ही इस प्रकार की कोई घोषणा मुख्यमंत्री ने बजट सत्र में की थी। आज वह अपनी सरकार में उपजे असंतोष और विद्रोह को देखते हुए अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और बिना बजट के ही इस प्रकार की तथ्यहीन और झूठी घोषणाएं करने में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री अब खैरात बांटने लगे है। सोमवार को शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने कहा कि वह प्रदेश की पांच लाख महिलाओं को जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष तक है उन्हें 1500 रुपए मासिक देंगे परंतु शायद वह भूल गए हैं कि प्रदेश में 18 से 60 वर्ष तक की आयु वर्ग की महिलाओं की संख्या 22 लाख है। इसके लिए 800 सौ करोड़ रुपए वार्षिक खर्च आएगा। आगामी लोकसभा चुनावों में प्रदेश की जनता इस झूठ की सरकार वाली कांग्रेस पार्टी को सभी लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड अंतर से हराकर आईना दिखाने वाली है।

### 4750 करोड़ की वार्षिक ऋण योजना स्वीकृत


जिला के समस्त बैंकों की वार्षिक ऋण योजना को जारी करते डीसी मंडी व अन्य।

**मंडी।** मंडी जिले में वर्ष 2024-25 के लिए बैंकों द्वारा प्रस्तावित 4750 करोड़ रुपए के ऋण वितरण लक्ष्य को अनुमोदित किया गया है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सोमवार देर सायं जिला के समस्त बैंकों द्वारा तैयार वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2024-25 को जारी करते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में जिला में बैंकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों, कृषि, उद्योग, अन्य प्राथमिकता एवं गैर प्राथमिकता क्षेत्र में कुल 4750 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसमें कृषि क्षेत्र में 2023 करोड़ रुपए, उद्योग में 1040 करोड़ रुपए, अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 694 करोड़ रुपए, गैर प्राथमिकता क्षेत्र में 993 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए जाएंगे। उपायुक्त ने उम्मीद जताई कि बैंकों द्वारा तैयार ऋण योजना से स्वरोजगार लगाने और अन्य कार्यों को लेकर जनता को बहुत लाभ होगा। जिला अग्रणी प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि ये लक्ष्य नाबार्ड द्वारा प्रस्तावित पोटेंशियल प्लान को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड राकेश वर्मा, जिला अग्रणी प्रबंधक संजय कुमार, जिला प्रबंधक हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक अनुराग जोशी भी मौजूद रहे।

## सौ करोड़ की लागत से एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सुदृढ़ करने की आवश्यकता, मंडी में बिकता है चार से आठ करोड़ का चिट्टा

# हिमाचल प्रदेश में तेजी से फैल रहा नशे का कारोबार: ओपी शर्मा

**अनिल शर्मा, मंडी**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व अधिकारी एवं राज्य निवारण बोर्ड के संयोजक ओपी शर्मा ने कहा कि पड़ोसी राज्यों की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश का युवा वर्ग भी नशे की चपेट में आ रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार और समाज को सामूहिक प्रयास करने होंगे। यहां पत्रकारों से बात करते हुए ओपी शर्मा ने कहा कि प्रदेश में नशे के इस मकड़जाल को तोड़ने के लिए करीब सौ करोड़ रुपए की लागत से राज्य एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सुदृढ़ करते हुए इसमें अढ़ाई सौ के करीब प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आवश्यकता है। जिन्हें कमांडो प्रशिक्षण देकर नशा माफिया के खिलाफ तैयार करना होगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल का कोई भी हिस्सा नशे की हद से अछूता नहीं रहा है। भांग अफीम से आगे अब युवा पीढ़ी चिट्टा और अन्य घातक नशे की आदी हो रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन की तर्ज पर हिमाचल में भी नशे का कारोबार पनप रहा है, जबकि सरकार का नशा निवारण बोर्ड एक तरह से पंगु बनाकर रख दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार रहते हुए जो एकीकृत नशा निवारण नीति बनाई गई थी उसे लागू ही नहीं किया जा सका है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में प्रतिदिन बिक रहा है करोड़ों का नशा

ओपी शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे से राज्य में चिट्टे का कारोबार इतना बढ़ गया है कि इससे आने वाली पीढ़ी बर्बाद हो रही है। उन्होंने बताया कि अकेले मंडी शहर में ही चार से आठ करोड़ का चिट्टा बिक रहा है, जबकि सुंदरनगर में तो स्थिति इससे भी भयावह है। यहां 15 मिनट में ही तीन करोड़ रुपए का चिट्टा बिक जाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एक और नशा आने वाला है जो चिट्टे से पचास से सौ गुणा ज्यादा घातक है। उन्होंने बताया कि नशे का यह नेटवर्क इतना व्यापक हो गया है कि नशाखोरों के लिए घर-घर तक सप्लाई हो रही है। हालांकि, पुलिस अपने स्तर पर कार्य कर रही है और बड़े-बड़े मामले भी सामने आ रहे हैं। इसके बावजूद नशाखोरी के खिलाफ पूरे समाज को जागरूक करते हुए सामूहिक लड़ाई लड़नी होगी। नशा निवारण अभियान को मिशन मोड पर लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हालत इतनी भयावह है कि इसका कोई भी आंकड़ा सरकार के पास नहीं है। हालांकि, इसका कोई सर्वे नहीं किया गया है। एक मोटे अनुमान के अनुसार हिमाचल में एक लाख के करीब परिवार नशाखोरी की समस्या से जूझ रहे हैं।


नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व अधिकारी एवं राज्य निवारण बोर्ड के संयोजक ओपी शर्मा ।

### युवाओं में मेंटल हेल्थ की समस्या

ओपी शर्मा ने कहा कि छोटी उम्र में नशे का आदी हो जाने से युवाओं में मेंटल हेल्थ की समस्या पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा गठित नशा निवारण बोर्ड बंद कर दिया गया है। वहीं नशा निवारण के लिए फंडिंग भी बंद हो गई है, जबकि नशा निवारण केंद्रों की हालत भी ठीक नहीं है। वहां पर मरीजों से मारपीट की जाती है। यहां तक कि कई जगहों पर नशे की सप्लाई होती है। यह अकेले पुलिस का कार्य नहीं है हम सबको सजग होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नशाखोरी अब वैश्विक समस्या बन गई है। जो चीन और अमेरिका में हो रहा है, वही सब हिमाचल में भी हो रहा है। इसके लिए मिशन डेवलपमेंट फॉर ड्रग कंट्रोल के अलावा युवाओं को खेलों की ओर मोड़ना होगा।

# 31 मार्च तक लें लाइसेंस

## नगर निगम ने टीवीसी की बैठक में रेहड़ी धारकों को दिया अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी में मंगलवार को टीवीसी की बैठक बुलाई गई जिसमें पिछली बैठक में लिए गए फैसलों पर चर्चा की गई। रेहड़ी-फड़ी यूनियन के सचिव प्रवीण कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा 392 रेहड़ी-फड़ी धारकों को लाइसेंस जारी किए जाने थे लेकिन स्ट्रीट वेंडर द्वारा अभी तक 231 लाइसेंस ही लिए गए है।

बता दें कि नगर निगम क्षेत्र में रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों के सर्वे हुए थे जिनमें 392 रेहड़ी-फड़ी धारक अपने चिन्हित स्थानों पर पाए गए जिनमें से से 231 रेहड़ी-फड़ी धारकों ने लाइसेंस लिए। नगर निगम मंडी ने शहर में बाकी बचे रेहड़ी धारक जो लाइसेंस नहीं ले रहे है उन्हें 31 मार्च तक अपने लाइसेंस लेने को कहा है।

लाइसेंस न लेने पर नगर निगम द्वारा बचे हुए रेहड़ी फहड़ी धारकों को पहले 45 दिन का नोटिस जारी किया जाएगा उसके बाद 15 दिन का नोटिस जारी होने के बाद भी रेहड़ी धारक लाइसेंस नहीं लेते है तो उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे और नगर निगम क्षेत्र में उन्हें रेहड़ी-फड़ी लगाने का अधिकार नहीं रहेगा। प्रवीण कुमार ने बताया कि इस बात पर उन्होंने सहमति जताई गई है। वहीं शाम के समय शहर में कूड़े की गाड़ी न आने पर भी आयुक्त के समक्ष आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि 35 वेंडिंग जोन को नगर निगम द्वारा धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है जबकि सभी चीजों को ध्यान में रख कर टीवीसी द्वारा वेंडिंग जोनों को बनाया जाता है।

**पहले 45 दिन का नोटिस फिर रद्द होगा लाइसेंस**

उन्होंने बताया कि एसडीएम सदर द्वारा धारा 133 के तहत निगम को एक नोटिस जारी किया गया है जिसमें वेंडिंग जोन स्कोढी और आईटीआई को हटाने कि बात कि जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि उन्हें किसी और जगह वैकल्पिक स्थान दिया जाए जिसमें आजाद ड्राईक्लीनर के सामने और इंदिरा मार्केट के साथ वाली जगह दी जाती है तभी उक्त स्थान से जाने की बात पर सहमति जताई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए नगर निगम और टीवीसी कमेटी का सहयोग भी चाहिए। जिसके लिए मंगलवार को एडीसी को भी ज्ञापन दिया।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मनमाने तरीके से यदि वेंडिंग जोन को रद्द किया जाता है तो नौ मार्च को मुख्यमंत्री की जलेब के साथ रेहड़ी-फड़ी धारकों की विरोध और नारों के साथ दूसरी जलेब निकलेगी।


बैठक के दौरान रेहड़ी-फड़ी यूनियन के सदस्य सामूहिक चित्र में।

## एचआरटीसी ने लांच की 'प्रथम दर्शन सेवा' बुकलेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश में धार्मिक स्थलों के लिए चलाए जा रहे बस रूट की यात्रियों को जानकारी मिलेगी। हिमाचल पथ परिवहन निगम ने धार्मिक स्थलों के लिए 'प्रथम दर्शन सेवा बुकलेट' लांच की है। एचआरटीसी अपने 50 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इसके उपलक्ष्य पर यात्रियों की सुविधा के लिए 'प्रथम दर्शन सेवा' बुकलेट का अनावरण किया गया है, ताकि धार्मिक स्थलों के लिए निगम के बस अड्डों से कहां-कहां के लिए बसें चलाई जा रही हैं।

इन बसों के चलने का क्या टाइम रहेगा और वापसी में कितने बजे चलेगी, विस्तार से जानकारी दी गई है। प्रदेशभर में धार्मिक स्थलों के वर्तमान समय में 170 के करीब बसें चलाई जा रही हैं। मंडी डिवीजन के मंडलीय प्रबंधक विनोद कुमार ठाकुर ने अपने कार्यालय में 'प्रथम दर्शन सेवा' बुकलेट का अनावरण किया। निगम के 50 वर्ष पूरे होने पर धार्मिक प्रथम दर्शन सेवा बुकलेट लांच की गई है। निगम ने 'प्रथम दर्शन सेवा' बुकलेट को निगम की साइट पर भी अपलोड कर दिया है, ताकि लोग साइट पर भी धार्मिक स्थलों के लिए चलाई जा रही बसों की जानकारी प्राप्त कर सके। यही नहीं, जल्द ही निगम के सभी बस अड्डों और बुकिंग काउंटरों पर भी बुकलेट उपलब्ध करवा दी जाएगी।

बुकलेट में वर्तमान में प्रदेश भर से धार्मिक स्थलों व ऐतिहासिक स्थलों के लिए चलाई जा रही 170 बसों की डिटेल संबंधित बस अड्डों में और बसों के चलने और वापसी का टाइम भी दिया गया है। निगम वृंदावन, खाटू श्याम, गोल्डन टैंपल, वैष्णो देवी, चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, हाटकोटी, रेणुका जी, भीमकाली, श्रीनयनादेवी, दियोटसिद्ध सहित अन्य धार्मिक स्थल में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।


'प्रथम दर्शन सेवा' बुकलेट दिखाते हुए।

### एरियर भुगतान अधिसूचना का विरोध किया

**मंडी।** हिमाचल कॉलेज टीचर संघ की राज्याध्यक्ष डॉक्टर वनिता सकलानी और सचिव डॉ. संजय कांगो ने सरकार की पहली जनवरी 2016 से लागू सातवें वेतनमान के शेष एरियर की मार्च 2024 को 1.5 प्रतिशत और अप्रैल 2024 से सत्र 2024- 2025 के लिए 0.25 प्रतिशत की दर से मासिक वेतन अदायगी के साथ दिए जाने वाले भुगतान अधिसूचना का विरोध जताया है। संयुक्त बयान में इस अधिसूचना में पहली जुलाई 2022 से देय डीए एरियर के भुगतान की 1.5 प्रतिशत राशि मासिक वेतन के साथ सत्र 2024- 2025 में देने की बात का भी कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कर्मचारी एरियर भुगतान के आज तक के इतिहास में इसे एक अजीब सी अधिसूचना बताया है।

## जिला प्रशासन को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला प्रशासन को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड (गोल्ड) से नवाजा गया है। जिला प्रशासन को बेटियों के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए चलाए 'देई' (डी.ईआई - डॉटर्स एंपावरमेंट इनिशिएटिव) कार्यक्रम के बेहतर व सफल कार्यान्वयन के लिए यह अवार्ड मिला है। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिले में 'देई' कार्यक्रम को एक जन आंदोलन का रूप देकर आगे बढ़ाया गया है। इसके माध्यम से जिला में लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है।

वहीं इसमें लड़कियों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों को लेकर भी जन जागरूकता लाने के प्रयास सम्मिलित हैं। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम रहे हैं। बता दें, मंडी जिला प्रशासन ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत आठ जून, 2023 को जिले में देई कार्यक्रम आरंभ किया था। देवगन ने प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड मिलने पर मंडी जिला की जनता को बधाई दी और सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के सहयोग की सराहना करते हुए आभार जताया है।



## मंडी-पटड़ीघाट-सरकाघाट बस आठ माह से है बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकाघाट की मंडी वाया ढहनु, पटड़ीघाट, सरकाघाट बस सेवा पिछले लगभग आठ माह से बंद है। इस बस सेवा को फिर से शुरू करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कई बार क्षेत्रीय प्रबंधक से फोन पर शिकायत की गई, परंतु आज तक बस सेवा शुरू नहीं हुई है।

क्षेत्रीय प्रबंधक सरकाघाट मेहर चंद से बस चलाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि कम आय के कारण इस बस सेवा को बंद कर दिया गया है। स्थानीय लोगों में ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चंद, उपप्रधान वीरी सिंह, ग्राम पंचायत ढलवान के प्रधान लाल सिंह, उपप्रधान सुनील ठाकुर, ग्राम पंचायत गुमहू की प्रधान मीना कुमारी, उपप्रधान दिनेश शर्मा व ग्रामीण हेत राम, श्याम लाल, महेंद्र, जीवन टेक चंद, सुरेंद्र कुमार, दिले राम, रबी चंद, महेश, सुरेश कुमार, रविंद्र कुमार, मोक्ष शर्मा, विनोद कुमार, दीना नाथ, चमन लाल, रिया, चुनी लाल, ईश्वर दास, दुर्गा राम आदि ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से यह मांग की है कि इस बस सेवा को सुचारू रूप से चलाया जाए।

परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक मेहर चंद ने बताया कि लोगों को आ रही कठिनाई को देखते हुए बस सेवा को शुरू करने पर विचार किया जाएगा।

### भंगरोटू में 110 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**नेरचौक।** अमृतसर के श्री धनवंतरी हर्बल्स के सौजन्य से आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र भंगरोटू में हड्डियों में कैल्शियम की निशुल्क जांच के लिए बीएमडी कैंप का आयोजन किया गया। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति ठाकुर ने बताया कि इस दौरान 110 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिनमें से अधिकांश लोगों में हड्डियों में कैल्शियम की कमी पाई गई। डॉ. स्वाति ठाकुर ने सभी लोगों की जांच रिपोर्ट देखने के पश्चात उन्हें सुझाव के साथ दवाइयां भी दी। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी के अलावा स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी गीता रानी तथा जांच के लिए आई श्री धनवंतरी हर्बल्स की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## बेवजह दो युवकों की पुलिस कर्मियों ने की धुनाई

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी के सुंदरनगर में पुलिस की हैवानियत का एक मामला सामने आया है। जहां पुलिस थाना सुंदरनगर के पूर्व प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह सहित एक प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल दीनानाथ द्वारा क्षेत्र के गांव एहन निवासी सतीश कुमार और समौण निवासी पाल के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है।

दोनों पीड़ित युवकों ने मामले की शिकायत डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण से की है और मामले में निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है। पीड़ित सतीश कुमार व पाल ने कहा कि रविवार शाम के समय किसी व्यक्ति ने उन्हें पैसे देने के लिए बस स्टैंड सुंदरनगर के समीप बुलाया और उनके साथ पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। इस दौरान दोनों पीड़ितों के साथ पुलिस थाना सुंदरनगर के प्रभारी जसवीर सिंह व उनके साथ मौजूद प्रोबेशन सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल ने बेवजह मारपीट करना शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों युवकों को गाड़ी में डाल कर सुंदरनगर थाना ले गए और वहां पर करीब दो घंटे उनके साथ मारपीट की।

**पीड़ित युवकों ने डीएसपी सुंदरनगर को सौंपी शिकायत**

सतीश कुमार ने कहा कि पुलिस ने उसे पूरी रात हवालात में रखा और उसके अन्य साथी पाल को रात को ही छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना सुंदरनगर के पूर्व थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह और अन्य दो पुलिस कर्मियों द्वारा उनके साथ बेवजह मारपीट की है। इसके कारण उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। वहीं पीड़ित व्यक्तियों ने डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण को शिकायत सौंप मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उन्होंने पुलिस के उच्च अधिकारियों व सरकार से गुहार लगाई है कि उन्हें इंसाफ दिलाया जाए और आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। मामले पर जब डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दोनों व्यक्तियों को हुड़दंग मचाने को लेकर पुलिस थाना सुंदरनगर में तलब किया गया था, लेकिन अब इनके द्वारा मारपीट करने के आरोप लगाए गए हैं और मामले को लेकर जांच की जा रही है।

## सुंदरनगर से वाया भनबाड़ बोबर सड़क पर गड्ढों की भरमार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर से वाया भनबाड़ बोबर सड़क की खस्ताहालत राहगीरों से लेकर स्कूली बच्चों के लिए परेशानी बन चुकी है। गौर हो कि भनबाड़ स्कूल से भनबाड पंप हाउस तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं और नालियों का कोई पता नहीं है। सारी नालियां मिट्टी से भरी हुई हैं और पानी सड़क पर बह रहा है। लोगों ने लोक निर्माण मंत्री से मांग की है कि गलू से भनबाड़ पंप हाउस तक पानी की निकासी के लिए पक्की नाली बनाई जाए और भनबाड़ स्कूल और पंप हाउस में वर्षाशालिका बनाई जाए।

ग्रामीण बालक राम, हेमराज, योगराज, जगत राम, काशी राम, लोकराज, महेंद्र सिंह, प्रिया, सुनिता, रीता, नरेंद्र, जीत राम, पिंकी, कृतिका, शालू और परस राम ने कहा कि इस बारे में कई बार विभाग को अवगत करवाया गया, लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई है।

परस राम ने कहा कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 पर भी दर्ज करवाई गई, लेकिन अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए। वहीं इस बारे में लोक निर्माण विभाग सुंदरनगर के जेई रणजीत ने बताया कि मामला ध्यान में आया है, विभाग सड़क में पड़े गड्ढों को भरने के लिए प्रयासरत है, जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

**पत्रकार वार्ता** हिमाचल जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ने खोला मोर्चा

# बेसहारा पशुओं पर भाजपा-कांग्रेस को घेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल जनता पार्टी ने मंडी में प्रेस वार्ता की। इस दौरान पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पवन कटोच ने भाजपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हिमाचल में बेसहारा पशुओं को लेकर दोनों ही पार्टियां कोई प्रयास नहीं कर रही हैं।

किसानों की फसलें पशु चट कर रहे हैं, जिससे सकल घरेलू उत्पाद कम हो रहा है। अर्थव्यवस्था डूब रही है, ये सब दोनों ही पार्टियों का कॉरपोरेट घरानों से मिलीभगत का परिणाम है। प्रदेशाध्यक्ष पवन कटोच ने कहा कि हमारे पास हिमाचल को कर्ज से उबारने का प्लान है, जिसको लागू कर हिमाचल को बचाया जा सकता है। नहीं तो दोनों ही पार्टियां हिमाचल को डुबोने के लिए लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में प्रदेश की चारों सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करेंगे। मंडी लोकसभा सीट से पार्टी उपाध्यक्ष महेश सैनी उम्मीदवार होंगे। बाकी तीन उम्मीदवारों की घोषणा दो सप्ताह में कर दी जाएगी। इस मौके पर महासचिव नारायण डोगरा, सलाहकार डॉ. रमेश मन्हास, कोषाध्यक्ष कुलवंत, कुल्लू जिलाध्यक्ष चेतराम, कुल्लू विधानसभा अध्यक्ष चंदन उपस्थित रहे। इन वक्ताओं ने करुणामूलक नौकरियों पर शीघ्र कार्रवाई, केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के उचित संचालन पर कदम उठाने, बेसहारा पशुओं व प्रदेश को कर्ज मुक्ति का मुद्दा उठाया।


प्रेस वार्ता करते हुए हिमाचल जनता पार्टी के सदस्य।

## शहर में शिवरात्रि उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया


शहर का औचक निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त व विधायक।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान शहर में साफ-सफाई व अन्य कार्यों की चल रही तैयारियों का जायजा नगर निगम आयुक्त एचएस राणा द्वारा लिया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक अनिल शर्मा भी मौजूद रहे। वहीं एचएस राणा ने कहा कि महोत्सव से पहले ही सभी व्यवस्थाएं खंगाल ली जाएंगी, ताकि कोई खामी न रहे। शहर के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## हैप्पी बर्थडे



सरकाघाट के भरनाल की सोनी ठाकुर को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई।

## शादी मुबारक

चलोह साइगलू के आशीष अरनोद व कोठी की ईशा ठाकुर को परिणयसूत्र में बंधने पर शुभकामनाएं।





अनुज भारती और ममता भारती को परिणयसूत्र में बंधने पर हार्दिक बधाई।

# नेरवा में बनेगा मिनी सचिवालय

## सीएम सुक्खू ने किए करोड़ों की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, नेरवा-चैपाल**

मंगलवार को नेरवा दौरे के दौरान सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेरवा में 73 करोड़ 42 लाख के शिलान्यास और उद्घाटन किए। इस दौरान उन्हों ने नेरवावासियों की कई पुरानी मांगे पूरी कर यहां की जनता को निहाल कर दिया।

उन्होंने नेरवा में मल्टी स्टोरी बस स्टैंड, मिल्क चिलिंग प्लांट, नेरवा में मिनी सचिवालय, अग्निशमन केंद्र, नेरवा में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के लिए दस करोड़, नेरवा कॉलेज में दो स्नातकोत्तर कक्षाएं, धार ढंढ़ना, देइया एवं उत्तराखंड की सीमा पर स्थित मनेवटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुपवी में छोटा मिनी सचिवालय खोलने की घोषणा की। सिविल अस्पताल नेरवा में अल्ट्रा साउंड और एक्सरे की सुविधा प्रदान करने की मांग पर उन्हों ने कहा कि वह इसके लिए आवश्यक कदम उठा कर इन सुविधाओं को अस्पताल में प्रदान करने का पूरा प्रयास करेंगे। इसके आलावा उन्हों ने छह करोड़ 83 लाख की लगत से मेटल हुए तरांह-बनाह मार्ग, छह करोड़ से पक्के हुए पबास-मशरोंह मार्ग, पांच करोड़ 14 लाख की लगत से पक्के हुए सैंज-डाक श्राड मार्ग, तीन करोड़ से अधिक की लगत से नवनिर्मित नान्हार से वाया हरिजन बस्ती कुफ्टू, क्लून-मलकौत मार्ग एवं पांच करोड़ रुपए की लागत से बने कनाहल-बजाथल मार्ग का शिलान्यास किया। इसके आलावा तीस करोड़ 45 लाख की लागत से सैंज- देहा- चंबी- चैपाल- नेरवा- फेडिजपुल के चैड़ीकरण एवं इसके उत्थान, न्योटी में शालवी नदी पर चार करोडे 26 लाख की लागत से निर्मित होने वाले साठ मीटर लंबे डबल लेन पुल, सात करोड़ 68 लाख की लागत से देहा-कठोरी मार्ग के विस्तारीकरण एवं क्रेश बैरियर योजना का शिलान्यास किया।



नेरवा में करोड़ों की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करते सीएम सुक्खू।

### बच्चों के बीच बच्चा बन गए सीएम

**सीएम** के नेरवा दौरे के दौरान माहौल उस समय खुशनुमा हो उठा जब सुखविंद्र सिंह सुक्खू सभास्थल पर पंहुचते ही बच्चों को देख खुद भी बच्चा बन बैठे। हुआ यूं कि सीएम एक खुली जीप में अन्य नेताओं के साथ खुली जीप में सभा स्थल की तरफ बढ़ रहे थे, इस दौरान स्टेडियम में बैठे बच्चों ने उन पर फूलों की वर्षा शुरू कर दी। फिर जो हुआ उसे देख सभी अचंभित हो उठे। सीएम जीप से उतर गए एवं बच्चों के साथ खेलने लग गए। उन्हों ने करीब बीस मिनट तक स्टेडियम की सीढ़ियों पर बैठे बच्चों के साथ खूब मस्ती की। इस दौरान उन्हों ने किसी बच्चे को गोद में उठा लिया तो किसी के साथ हाथ मिलाया एवं बच्चे भी सीएम को करीब पाकर झूम उठे।

# सुक्खू सरकार को बचाने की हो रही साजिश : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हाल ही के राज्यसभा चुनाव के बाद सुक्खू सरकार अल्पमत में आ गई है। इसी वजह से भारतीय जनता पार्टी के 15 विधायकों को निलंबित कर बजट पारित करा लिया गया। जयराम ठाकुर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भाजपा के विधायकों को निष्कासित करना इस बात का सुबूत है कि सरकार अल्पमत में आ गई है।

उन्होंने कहा कि विशेषाधिकार कमेटी के जरिए भाजपा के सात विधायकों को नोटिस देकर निष्कासित करने का प्रस्ताव लाकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को बचाने का प्रयास कर रही है। अपनी सरकार को बचाए रखने के लिए सुक्खू सरकार अब नया यह षड्यंत्र रच रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को यह समझ आ गया है कि वह बहुमत खो चुके हैं और सत्ता में बने रहने के लिए उनके पास संख्या बल नहीं है। इसलिए नियमों की धज्जियां उड़ाकर विधायकों को निष्कासित करने का जो प्रयास हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार कर रही है वह आज तक भारत के इतिहास में किसी भी विधानसभा में नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह विधायकों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। बजट पारित होने के बाद बजट पारित होने के पांच दिन के पश्चात प्रदेश की महिलाओं को सम्मान निधि के रूप में 1500 रुपए देने की घोषणा करने से स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री स्वयं ही इस बात को महसूस कर रहे हैं कि उनके पास सरकार चलाने का बहुमत नहीं रह गया है।

# सरकार ने चार उपमंडल अधिकारियों के किए तबादले

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने चार एचएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस संबंध में मंगलवार को कार्मिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार एसडीओ धर्मशाला धर्मेश कुमार को अब एसडीओ डोडरा क्वार लगाया गया है। वहीं, एडीओ बंगाणा मनोज कुमार एसडीओ केलांग, संजीव कुमार को डोडरा क्वार से धर्मशाला व सोनू को केलांग से एसडीओ बंगाणा लगाया गया है। बताया जा रहा है कि धर्मशाला से सुधीर और कुटलैहड़ से देवेंद्र भुट्टो कांग्रेस के बागी विधायक हैं। बंगाणा कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत आता है। इसी को देखते हुए दोनों एसडीओ पर ट्रांसफर की गाज गिरी है। सूत्रों के अनुसार इन दोनों अधिकारियों की बागी विधायकों से करीबी के चलते ट्रांसफर हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला से मारपीट, अपमानित व धमकी देने का मामला दर्ज

**अर्की।** पुलिस स्टेशन कुनिहार में महिला से मारपीट, अपमानित व धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार सपना वर्मा पुत्री जय सिंह गांव कैंथू डा. डुमैहर, तहसील अर्की ने मामला दर्ज करवाया है। शिकायत के मुताबिक उसकी बहन सुष्मिता अपने निजी कार्य से कुनिहार बाजार आए थे। इस दौरान जब वे कुनिहार न्यू बस स्टैंड में खड़े थे, तो अचानक पवन कुमार पुत्र रूप चंद गांव लादी डाकघर डुमैहर तहसील अर्की अपनी गाड़ी (एचपी 11 5172) में आया और सुष्मिता को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने की कोशिश करने लगा और जब वह नहीं गई तो उसने उसे धक्का दिया और इसके साथ गाली-ग्लौज व धमकियां देने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### सुंदरनगर में नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

**सुंदरनगर।** महिला पुलिस थाना मंडी स्थित भ्यूली में सुंदरनगर क्षेत्र की रहने वाली एक 14 वर्षीय नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता नाबालिगा की माता ने शिकायत दर्ज करवाई है कि पंजाब के आनंदपुर साहिब और वर्तमान सुंदरनगर में रहने वाला 54 वर्षीय आरोपी जगदीश उर्फ जग्गा बीते एक वर्ष से उसकी 14 साल की नाबालिग बेटी को डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। इस पर महिला पुलिस थाना मंडी ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय द्वारा आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी को सात मार्च को दोबारा न्यायालय में पेश करेगी। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने खबर की पुष्टि की है।



### महिला ने छेड़छाड़-मारपीट और दुष्कर्म के लगाए आरोप

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर की एक महिला के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत में महिला ने बताया कि शाम को वह पैदल घर जा रही थी, इस दौरान चिंत राम ने उसका रास्ता रोक कर गले से पकड़ा तथा बाल खींचे और उसके साथ गलत हरकत करने लगा। महिला किसी तरह से उसके चुंगल से छूटकर भागी तो आरोपी ने उसके मुंह व सिर पर पत्थर मार कर हमला कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि दिसंबर, 2022 में भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था और किसी को न बताने की धमकियां देता रहा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उधर, डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### तीन युवक 906 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार, मामला दर्ज

**डलहौजी ।** चुवाड़ी थाना के अंतर्गत जिला चंबा के प्रवेश द्वार तुन्नूहट्टी चेकपोस्ट बैरियर पर प्रभारी राकेश धीमान की अगुवाई में आने-जाने वाली गाड़ियों का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान सफेद रंग की मारुति अल्टो कार (एचपी 44- 3352) रुकी, जिसमें सवार तीन युवक पुलिस दल को देखकर घबरा गए। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उनकी गाड़ी के बोनेट में रखी 906 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लेकर मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। तीनों आरोपियों की पहचान लालचंद (35), चंद्री (35) व लोकी नंद (31 ) निवासी गांव आना डाकघर भंजराडू तहसील जिला चंबा के रूप में हुई है। डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### बरोटीवाला में कंपनी संचालक से 6.90 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला स्थित रिसोर्स लाइफ साइंस कंपनी के साथ 6.90 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। पुलिस ने कंपनी मालिक की शिकायत पर महाराष्ट्र की फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में रिसोर्स लाइफ साइंस कंपनी के मालिक मनुज अग्रवाल में बताया कि वह काफी समय से बरोटीवाला में फार्मा प्लांट चला रहे है, जिसका मुख्य कार्यालय चंडीगढ़ में है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा फार्मा कंपनी से एजिथ्रोमाइसिन दवा के निर्माण में उपयोग होने वाले रॉ मैटेरियल मंगवाया था, जिसके लिए 6.90 लाख रुपए दिए, लेकिन फर्म ने एजीथ्रोमाइसिन की जगह को अन्य सामग्री भिजवा दी। अब सामग्री वापस लेने से मना कर रहा है और न ही पैसे वापस कर रहा है। पुलिस ने फर्म के खिलाफ बरोटीवाला थाना में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने खबर की पुष्टि की है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी सौगात, गोविंदसागर झील पर प्रस्तावित पुल का किया शिलान्यास

# 871 करोड़ से बनेगा लठियानी-मंदली पुल

**अनंत ज्ञान, ऊना/बंगाणा।**

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के गोविंदसागर झील पर लठियानी-मंदली पुल का मंगलवार को वर्चुअली शिलान्यास किया। यह पुल 871 करोड़ की लागत से बनेगा। एशिया के सबसे बड़े बांध पर स्थित लठियानी मंदली पुल का निर्माण अपने आप में एतिहासिक है। करीब तीन दशकों से राजनीति में घिरे इस पुल पर अब राजनीति पर पूर्ण विराम लग चुका है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बताया कि उक्त पुल निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एवं पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर ने काफी महकत की।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि तीन दशकों से जब भी चुनाव आते थे, तो कांग्रेस नेता झूठे शिलान्यास करके लाठियानी मंदली पुल निर्माण के लिए जनता को भ्रमित करते थे, लेकिन हमने पहले पुल निर्माण के लिए बजट में प्रावधान करवाया। फिर भूमि अधिग्रहण करवाने की प्रतिक्रिया को पूर्ण किया। फिर 871 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया है। पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर ने कहा कि लाठियानी मंदली पुल बनाना मेरा सपना था और आज मेरा सपना साकार हो रहा है। जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के लाठियानी मंदली पुल निर्माण होने से लाठियानी रायपुर मैदान कोहडरा परोइया कला और दोनों छोर जो झील के आर-पार गांववासी हैं, उन्हें खास तौर से पुल बनने पर सीधा लाभ मिलेगा। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि मेरे जिला पार्षद वार्ड के बनने वाले इस पुल की सबसे बडी उपलब्धि है और इस श्रेय पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर को जाता है। जिनके अथक प्रयासों से पुल बनाने के लिए 871 करोड़ की धनराशि और अब प्रधान मंत्री के कर कमलों द्वारा शिलान्यास हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अनुराग सिंह ठाकुर एवं पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर का कुटलैहड़ की समस्त जनता की तरफ से आभार प्रकट किया।

### सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना, 15 मेगावाट नंगल फ्लोटिंग सौर विद्युत परियोजना की रखी आधारशिला



**सुन्नी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिलाबाद, तेलंगाना में आयोजित समारोह वर्चुअल माध्यम से हिमाचल प्रदेश में स्थित एसजेवीएन की 382 मेगावाट की सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना और 15 मेगावाट की नंगल फ्लोटिंग सौर परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने असम में एसजेवीएन की 70 मेगावाट सौर परियोजना की आधारशिला भी रखी। यह सभी परियोजनाएं वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन अर्थव्यवस्था प्राप्त करने के देश के लक्ष्य में योगदान देंगी। वर्चुअल माध्यम से सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना स्थल पर संजय कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना प्रमुख एवं परियोजना प्रभावित पंचायतों के प्रधान तथा जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान छविंद्र पाल, प्रधान ग्राम पंचायत चेबड़ी, देव राज, प्रधान ग्राम पंचायत ओगली, तिलक राम, प्रधान ग्राम पंचायत सरत्यौला, गायत्री कपूर, प्रधान ग्राम पंचायत परलोग, बड़ी संख्या में परियोजना प्रभावित पंचायतों के स्थानीय लोग, परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी एवं कांट्रेक्टर के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बजट में प्रावधान नहीं तो महिलाओं को 1500 कहां से देगी सरकार: राकेश जम्वाल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की नीति व नियति दोनों से वाकिफ हो चुकी है। आज प्रदेश की जो स्थिति है, उसके हिसाब से मुख्यमंत्री बार-बार खाली खजाने की दुहाई देते नजर आते हैं। वह आज लोकसभा चुनाव को सामने देख एक बार फिर जनता को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि ये पब्लिक है, सब जानती है। जब बजट में प्रावधान नहीं तो 1500 रुपए कहां से देने की बात मुख्यमंत्री कर रहे हैं। विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले चुनावों को प्रभावित करने के उद्देश्य से योजना के अनुसार इस तरह की घोषणा प्रदेश सरकार द्वारा की गई है। पिछले एक माह में प्रदेश में जो घटनाक्रम घटा है, उससे साफ जाहिर है कि सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक जा सकती है।



### कांग्रेस कर रही जनता को गुमराह: नंदा

**शिमला।** कांग्रेस पार्टी केवल दुष्प्रचार में ही विश्वास रखती है और बिना जानकारी बयान बाजी कर रही है। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कांग्रेस पर्वक्ता के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि शायद उनको दिखता नहीं है पर भाजपा के सांसद सुरेश कश्यप ने 15000 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य अपने संसदीय क्षेत्र में करवाए हैं। अगर हम इसको गिनने लग जाएं तो बहुत बड़ी सूची है पर लगता है कि समय आ गया है कि हमें कुछ उदाहरण उनके समक्ष रखने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा क्षेत्र के अनुसार भी एक लेखा जोखा तयार किया है। जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के लिए सांसद सुरेश कश्यप ने 76 कामों के लिए सांसद निधि का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि यह सांसद सुरेश कश्यप के अथक प्रयास हैं, जिसे इतना विकास कार्य हुआ है।



### एरियर भुगतान के तरीके का किया विरोध

**शिमला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने चरणबद्ध तरीके से एरियर के भुगतान के तरीके का जोरदार विरोध किया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान महासंघ प्रांत महामंत्री डॉ. मामराज पुंडीर ने एरियर भुगतान की इस प्रक्रिया को प्रदेश के कर्मचारियों के साथ भद्दा मजाक बताया और इस व्यवस्था पर हैरानी जताई। उन्होंने मांग की कि सरकार को प्रदेश के सभी कर्मचारियों को वेतन का एरियर और डीए का एरियर नियमानुसार एक मुश्त देना चाहिए। पुंडीर ने कहा कि सरकार को चाहिए कि संयुक्त सचिव के ऐसे विवादास्पद फार्मूले को तुरंत प्रभाव से रोक कर पूर्व में मिल रहे फार्मूले के आधार पर सुधार करने के आदेश दें। प्रदेश के लाखों कर्मचारी वर्षों से लटके हुए अपने वेतन आयोग के देय एरियर के भुगतान को लेकर नई सरकार से उम्मीद लगाए बैठे थे कि सभी कर्मचारियों को उनकी कमाई का एक मुक्त भुगतान व्यवस्था परिवर्तन के साथ होगा, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के इस नए फार्मूले से पूरा कर्मचारी वर्ग हैरान और परेशान हो गया है।



### सुक्खू सरकार ने कर्मचारियों व पेंशनरों के साथ किया भद्दा मजाक: डॉ. शाद

**शिमला।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों के नए वेतनमान के लागू होने के बाद जो एरियर के भुगतान व मंहगाई भते के संबंध में जो अधिसूचना जारी की है, उसकी कड़े शब्दों मे निंदा करती है। सीपीआईएम के प्रदेश महा सचिव डॉ. ओंकार शाद ने कहा कि इन दोनों अधिसूचनाओं को जारी कर प्रदेश सरकार के लाखों कर्मचारियों का मजाक बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों कर्मचारी अपने बकाया राशि के लिए 2016 से इंतजार कर रहे हैं और सरकार ने जो हाल ही में अधिसूचना निकाली है, जो हास्यस्पद है उदाहरण के लिए एक कर्मचारी का अगर दो लाख बकाया राशि है, तो उसे उसका 1.5 प्रतिशत यानी मात्र 3000 रुपए मिलेंगे।



### सोलन पुलिस ने जीरकपुर से गिरफ्तार किया चिट्टा सप्लायर

**सोलन ।** सोलन पुलिस की स्पेशल टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि विनय कुमार व अमित कुमार नामक दो युवक काफी मात्रा में चिट्टा लेकर चंडीगढ़ से सोलन की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की स्पेशल टीम ने दोनों युवकों अमित कुमार (35) पुत्र स्व. कमल ठाकुर निवासी न्यू शिमला व विनय कुमार (27) पुत्र प्रेम प्रकाश निवासी चायल तह. कंडाघाट जिला सोलन को 14 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया और उनके दो वाहनों को भी जब्त किया। इस मामले के तहत पुलिस थाना सदर सोलन में पंजीकृत किया गया। दोनों आरोपी पांच दिन के पुलिस डिमांड पर हैं। आरोपी अमित को इससे पहले शिमला पुलिस ने भी चिट्टे के केस में गिरफ्तार किया था। आरोपियों से तफतीश पर ज्ञात हुआ कि ये दोनों अपने दोस्त अंकुश ठाकुर जो जीरकपुर पंजाब में रहता है, से चिट्टा लाए थे, जिस पर सोमवार को आरोपी अंकुश ठाकुर (34) पुत्र शिव सिंह निवासी जीरकपुर पंजाब को पुलिस थाना सदर सोलन की टीम ने जीरकपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चिट्टे का एक बड़ा सप्लायर है, जिसके खिलाफ 100 ग्राम चिट्टा तस्करी का मुकदमा पंजाब के खरड़ थाने में दर्ज है।



## तीन साल के बच्चे की जिंदा जलकर मौत, मां-बाप भी झुलसे

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के अंतर्गत दभोटा पंचायत की हरिजन बस्ती में एक मकान में फ्रिज का कंप्रेसर फटने से आग लग गई। आग लगने से तीन साल के बच्चे विहान की मौत हो गई है। वहीं, बच्चे के माता-पिता भी बुरी तरह से झुलस गए हैं। पिता की हालत नाजुक होने पर उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

जानकारी अनुसार यह हादसा सोमवार को देर रात्रि 11 बजे हुआ है। दभोटा गांव के रमेश कुमार के घर में आग लगी। हादसे के वक्त रमेश कुमार का बेटा सतनाम सिंह अपनी पत्नी व चार साल के बेटे विहान के साथ अपने कमरे में सोया हुआ था। लाइट न होने के चलते उन्होंने मोमबत्ती जला कर फ्रिज पर रख दी। इस बीच वे दोनों सो गए, लेकिन मोमबत्ती नहीं बुझाई। मोमबत्ती की आग फ्रिज पर लगाए गए कवर से होती हुई कंप्रेसर तक जा पहुंची, जिससे जोरदार धमाके के साथ कमरे में आग लग गई। सतनाम व उसकी पत्नी ने बचाव के लिए शोर मचाया। शोर सुनते ही लोग वहां इक्ट्ठे हो गए। उन्होंने देखा कि कमरे में आग लगी है और कमरा अंदर से बंद है। इस बीच लोगों ने कुल्हाड़ी से दरवाजा तोड़ा। इसके बाद पति-पत्नी दोनों तो कमरे से निकल गए, लेकिन बच्चे को नहीं ला पाए। लोगों ने पानी डाल कर आग बुझाई, मगर तब तक बच्चा बुरी तरह से झुलस गया था। बेहोशी की हालत में सतनाम सिंह उसकी पत्नी व बेटे विहान को पंजाब के भरतगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से सतनाम सिंह व विहान को रोपड़ रेफर कर दिया गया। रोपड़ से दोनों को पीजीआई रेफर किया, लेकिन विहान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उधर, प्रशासन की ओर से एसडीएम दिव्यांशु सिंगल ने पीड़ित परिवार को फौरी राहत मुहैया करवाई। मौके पर तहसीलदार निशा आजाद को भेजा गया। पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए की फौरी राहत दे दी गई है।

### बेटी की हत्या का प्रयास करने के दोषी को दस साल का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** एलडी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हमीरपुर गौरव महाजन ने आरोपी व्यक्ति बलबीर कश्यप पुत्र मूल चंद कश्यप निवासी तहसील बिसौली जिला बदायूं यूपी को दोषी ठहराया है, जो वर्तमान में वार्ड नंबर तीन प्रताप नगर, हमीरपुर का निवासी है। अदालत से बलबीर कश्यप को धारा 307, 324, 317, 177 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया है। अदालत से दोषी व्यक्ति को 10 साल का कठोर कारावास व 21 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। उप जिला न्यायवादी राहुल चोपड़ा के अनुसार 11.05.2022 को लगभग तीन-चार बजे अपराह्न स्थान रिहाला डुगा कलां, हमीरपुर, में आरोपी बलबीर कश्यप ने जानबूझ कर अपनी बेटी का गला दराती से तीन बार काटा है तथा इस प्रकार उसकी हत्या करने का प्रयास किया गया। उसके खिलापफ 307, 324, 317, 177 आईपीसी के तहत सदर पुलिस स्टेशन सदर हमीरपुर में एफआईआर दर्ज की गई थी और जब पीड़िता टांडा मेडिकल कॉलेज, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) में उपचाराधीन थी तो आरोपी ने अपने बच्चों को भी छोड़ दिया।

# प्रदेश से भाजपा दो सीटों पर महिलाओं से लड़ा सकती है चुनाव

**एसपी जैरथ, नाहन**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट को लेकर मौजूदा सांसदों की धड़कनें तेज हो गई हैं। तीन एक के आंकड़े वाले प्रदेश की चार लोकसभा सीटों पर हाइकमान गहन माथापच्ची में है। सूत्रों की मानें तो प्रदेश की चार सीटों में से दो सीटों पर महिला प्रत्याशी उतारे जा सकते हैं। माना यह जा रहा है कि भाजपा 33 फीसदी महिला आरक्षण का 2027 के लिए मसौदा तैयार कर रही है।

बीते विधानसभा चुनाव में जितने भी शीर्ष नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आए थे, सभी ने महिला वोट बैंक को भविष्य के लिए आधार बनाया है। बता दें कि महिला वोट बैंक ऐसा बैंक है, जो स्थायी रूप से लंबे समय बना रहता है। प्रदेश में 68 विधायकों में से केवल एक महिला विधायक ही विधानसभा में बैठती है, जो कि प्रदेश की महिलाओं का भाजपा की ओर से नेतृत्व करती है। जाहिर है कि मौजूदा उत्पन्न राजनीतिक हलचल के बाद भाजपा कम से कम इस महिला को शिमला पार्लियामेंटरी सीट से प्रत्याशी नहीं बनाएगी। अब प्रदेश की ऐसी कौन सी दो सीटें होंगी, जिन पर हाइकमान महिला प्रत्याशी उतारेगी। शिमला पार्लियामेंटरी सीट पर फिलहाल भाजपा के ही सांसद सुरेश कश्यप हैं। यहां यह भी बता दें कि भाजपा द्वारा जो पहली लिस्ट जारी की गई है, उसकी 195 सीटों में से 28 सीटों पर महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जो कि फिलहाल न काफी भी माना जा रहा है। मौजूदा सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अटकलें चंडीगढ़ से संभावित प्रत्याशी के लिए लग रही हैं। मंडी की सीट पर जहां कंगना रनौत की अटकलें थीं, वह अब पूरी तरह निष्क्रिय हो चुकी हैं। मंडी सीट पर ब्रिगेडियर साहब को फिर से उतार जा सकता है।

(अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा में भाजपा के पास नहीं कोई दमदार चेहरा

**ऐसे** में यदि कहा जाए कांगड़ा सीट तो प्रदेश में फिलहाल भाजपा के पास कोई दमदार चेहरा नहीं है। अटकलें तो यह भी हैं कि जिस तरीके से भाजपा प्रैक्टिकल कर रही है या कहो मोदी लहर के सहारे नैया को लहरों के हवाले किया गया है। ऐसे में बाहर से भी कोई महिला उतारी जा सकती है यह कह नहीं सकते। बड़ी बात तो यह भी है कि भाजपा संगठन में जिस नाम के चर्चे ज्यादा होते हैं, अक्सर वह हाशिए पर चला जाता है। बहरहाल दूसरी लिस्ट में हिमाचल के संभावित प्रत्याशियों के खुलासे हो सकते हैं।

**कार्रवाई** | 28 फरवरी के हंगामे के बाद भाजपा विधायकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

# भाजपा के नौ विधायकों को नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश विधानसभा में एक नाटकीय घटनाक्रम में 28 फरवरी को बजट पारित होने से पहले हंगामा करने में कथित संलिप्तता के लिए कई भाजपा विधायकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि कुछ विधायकों को नोटिस मिले हैं और उन्होंने घटना का स्वत: संज्ञान लिया है।

स्पीकर के मुताबिक मामला विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया है। अध्यक्ष पठानिया ने जोर देकर कहा, सदन के अंदर भाजपा विधायकों द्वारा की गई अनुशासनहीनता विशेषाधिकार, नियमों और संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कार्रवाई को आमंत्रित करती है और इस संबंध में उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जैसा कि अध्यक्ष ने पुष्टि की है, विशेषाधिकार समिति बंद दरवाजों के पीछे अपनी कार्यवाही आयोजित करने और मामले पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए तैयार है। विधानसभा आचार एवं विशेषाधिकार समिति में उपाध्यक्ष विनय कुमार, फतेहपुर विधायक भवानी सिंह पठानिया शामिल हैं। डलहौजी विधायक डीएस ठाकुर, दरंग विधायक पूरन चंद, नाहन विधायक अजय सोलंकी, चंबा विधायक नीरज नैय्यर विचाराधीन घटना 27 फरवरी को हुई, जब अध्यक्ष के कार्यालय के बाहर मार्शल के साथ कथित दुर्व्यवहार और विधानसभा के भीतर व्यवधान के लिए विपक्षी नेता जयराम ठाकुर सहित 15 भाजपा विधायकों को निलंबित करने के बाद अध्यक्ष ने सदन स्थगित कर दिया।

अपने निलंबन के बावजूद, भाजपा विधायकों ने कथित तौर पर परिसर खाली करने से इनकार कर दिया और आगे विरोध-प्रदर्शन किया, अध्यक्ष की कुर्सी पर कागजात फेंके और नारे लगाए। आसन्न कार्रवाई के जवाब में, जयराम ठाकुर ने कहा कि वे विभिन्न प्रावधानों के तहत नोटिस का जवाब देंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सुलह विधायक विपिन परमार, बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी, चुराह विधायक और पूर्व डिप्टी स्पीकर हंस राज नाचन विधायक विनोद कुमार, बिलासपुर विधायक त्रिलोक जम्वाल, ऊना विधायक सतपाल सिंह को नोटिस जारी किया गया है। सत्ती, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, करसोग के विधायक दीपराज, आनी के विधायक झलोकिंदर कुमार इससे पहले, कांग्रेस पार्टी को अनुशासनात्मक कार्रवाइयों का सामना करना पड़ा था, जिसमें बजट सत्र के दौरान पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने के लिए छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस सदस्यों ने राज्यसभा चुनाव के दौरान कथित तौर पर भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश सरकार अल्पमत में आ गई है। इसी वजह से बजट पास होने से पहले भारतीय जनता पार्टी के 15 विधायकों को निलंबित कर बजट पास कराया गया। भाजपा विधायकों का निलंबन इस बात का प्रमाण है कि सरकार अल्पमत में आ गई है। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर अपनी सरकार बचाने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, श्कांग्रेस सरकार विशेषाधिकार समिति के माध्यम से सात भाजपा विधायकों को नोटिस देकर और उन्हें निष्कासित करने का प्रस्ताव लाकर राज्य की कांग्रेस सरकार को बचाने की कोशिश कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार समझ गई है कि वह बहुमत खो चुकी है। इसलिए हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा नियमों को ताक पर रखकर विधायकों को बाहर निकालने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह आज तक भारत के इतिहास में किसी भी विधानसभा में नहीं किया गया है।

# महाशिवरात्रि की शहर में तैयारियां शुरू, सजे मंदिर

## राधा-कृष्ण मंदिर में शुरू हुआ शिव-पार्वती विवाह, आठ को गंज बाजार से विवाह की निकाली जाएगी झांकी

आशिमा वैरागी, शिमला



राजधानी शिमला में महाशिवरात्रि की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। आठ मार्च को पूरे देश में इस अवसर को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। शहर के विभिन्न मंदिरों की सजावट का काम शुरू हो गया है।

बाजार में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में शिव-पार्वती का विवाह हो रहा है। राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारियों ने विवाह की तैयारी की हैं। सात मार्च को मंदिर में तेल, हल्दी, बटना का कार्यक्रम रखा है। इसमें शहरवासी अपनी इच्छा से भाग ले सकते हैं। आठ को गंज बाजार से शिव-पार्वती के विवाह की झांकी निकाली जाएगी। इसमें शिव-पार्वती के साथ बारात में गण भी बाजार में जाएंगे। शिवलिंग की पूजा-अर्चना, जलधारा व दूध चढ़ाने के लिए कई घंटे तक श्रद्धालु लाइन में न लगे, इसके लिए हर मंदिर में व्यवस्था की जा रही है। भक्त बिल्व पत्र, धतूरा, दूध आदि चढ़ाकर शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। शिवरात्रि पर शिमला के विभिन्न मंदिरों में रात को भी भजन-कीर्तन होगा। (अनंत ज्ञान)

### आठ मार्च को चार बार होगी पूजा

शिवरात्रि के शुभ अवसर पर दिन में चार बार पूजा की जाती है। शिमला शिव मंदिर के पंडित वासुदेव शर्मा ने बताया कि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष के चतुर्दशी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इस दिन सुबह के 10 बजे पहली, 12:30 बजे दूसरी, दो बजे तीसरी और 4:30 बजे चौथी बार पूजा की जाएगी। शिव मंदिर में तीन पंडित होंगे, जो कि पूजा-अर्चना करेंगे।

### शिवरात्रि का महत्व

साल के हर महीने में शिवरात्रि आती है, लेकिन फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष के चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस दिन महाकाल और मां पार्वती का विवाह हुआ था।

श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए मंदिर परिसर में शिवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके अलावा शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी बाजार में निकली जाएगी। इसमें सभी श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं।
**पंडित उमेश नौटियाल, राधा-कृष्ण मंदिर पंडित।**

### दिन में रुद्राभिषेक और रात को होगा जागरण

शिमला शहर के मंदिरों में सुबह से ही रुद्राभिषेक का कार्य शुरू हो जाएगा। इसमें दूध, दही, घी और पंचामृत शिवलिंग पर चढ़ाया जाएगा। उसके बाद रात्री पूजन के बाद श्रद्धालु जागरण करेंगे और सुबह होने पर व्रत खोल सकेंगे।

# जुब्बल-नावर-कोटखाई को आदर्श बनाने के लिए प्रतिबद्ध : अनिरुद्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर कोटखाई क्षेत्र में उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन करते हुए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मंगलवार को अपने प्रवास के दूसरे दिन कोटखाई क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में लगभग 19 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित जनकल्याणकारी योजनाओं के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किए।

रोहित ठाकुर ने दो करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत गुम्मा के अंतर्गत हुल्ली, कुफ्फर, कनलोग एवं साथ लगते क्षेत्र के लिए उठाऊ पेयजल योजना और गुम्मा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से स्तरोन्नत किए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने गुम्मा स्थित प्रगतिनगर में 44 लाख 18 हजार रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना का भी लोकार्पण किया। इसके बाद मंत्री कोटखाई तहसील के उबादेश क्षेत्र का दौरा कर कलबोग पंचायत के अंतर्गत सात करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ सिंचाई योजना (चरण-1) का लोकार्पण किया। इस परियोजना से ग्राम पंचायत कलबोग के ग्रामीणों की सिंचाई की जरूरतें पूरी होंगी साथ ही उन्होंने आठ करोड़ दस लाख रुपए से विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत ग्वाच, विकासनगर, नार्गन सड़क के स्तरोन्नत कार्य का भूमि पूजन भी किया। कलबोग में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जुब्बल-कोटखाई-नावर विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश का सर्वाधिक उन्नत एवं आदर्श क्षेत्र बनाने के प्रति वे प्रतिबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### पोस्टर मेकिंग में अमन प्रथम, कमल रहे द्वितीय




**रिकांगपिओ।** ठाकुर सिंह नेगी कॉलेज रिकांगपिओ किन्नौर में वोटिंग जागरूकता अभियान के तहत एनएसएस के स्वयंसेवियों ने पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर पूनम मेहता ने इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। निर्णायक मंडल के रूप में प्रोफेसर बालम नेगी व प्रोफेसर सिद्धेश्वरी नेगी उपस्थित रहे। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर अमन नेगी, द्वितीय स्थान पर कमल नेगी तथा रविशा व एंजेल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। नारा लेखन में प्रथम स्थान पर पायल, द्वितीय स्थान पर अंजलि एवं दीपिका तृतीय स्थान पर रहीं।

### नेसंग में ग्लेशियर गिरा, बगीचों को नुकसान

**रिकांगपिओ।** किन्नौर के नेसंग पंचायत क्षेत्र के दो नालों में एक साथ ग्लेशियरों के गिरने से एक दर्जन के करीब ग्रामीणों के सेब के बगीचे नष्ट हो गए हैं। इस दौरान दो ग्रामीणों के शेडों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। गत दिनों हुई बर्फबारी के दौरान नेसंग पंचायत क्षेत्र में तीन फुट से भी अधिक बर्फ दर्ज की गई थी। इस दौरान पहाड़ों में इकट्ठा बर्फ ग्लेशियर का रूप धारण एक आबादी वाले क्षेत्र की ओर गिर पड़ा। कई लाखों टन ग्लेशियर का एक साथ ग्रामीणों के सेब के बगीचों में गिरने से हिरपाल सिंह, ठाकुर सिंह, यश पाल, नंद लाल, कृष्ण लाल, अनिल कुमार, बलबीर सिंह, छेरिंग चारस, हरीश चंद, राम केदार आदि के सैकड़ों सेब के बगीचे को बारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्लेशियर रात के समय आया यदि यह ग्लेशियर दिन में गिरा होता, तो जान माल का भी नुकसान हो सकता था।

### एरियर के फार्मूले पर जताया रोष

**सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के महासचिव संजीव ठाकुर ने सरकार से मांग की है कि जो पे कमिशन-2016 का एरियर और चार प्रतिशत डीए का एरियर की वर्तमान नोटिफिकेशन पर पुनः विचार करे। भुगतान करने के लिए सरकार ने जो तरीका अपनाया है, वह बिलकुल भी तर्कसंगत नहीं है और कर्मचारी हित में सरकार इसके ऊपर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। वर्तमान नोटिफिकेशन के हिसाब से पे कमिशन-2016 के एरियर का भुगतान लगभग 33 साल के बाद यानी 2057 में पूरा होगा। इस अवधि के दौरान लगभग वर्तमान में सभी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके होंगे। इसके अतिरिक्त सरकार ने जुलाई-2022 से जो चार प्रतिशत डीए दिया है, यह 21 महीने का एरियर प्राप्त करने के लिए लगभग 66 महीने का इंतजार करना पड़ेगा। इसी आधार पर अभी तक लगभग 12 फीसदी दिए पेंडिंग हैं।

### पोस्टर मेकिंग में अंजली ने झटका प्रथम स्थान



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकारी दंत चिकित्सालय के कंजरवेटिव एंड एंडोडोंटिक्स विभाग में मंगलवार को राष्ट्रीय कोंस एंडो दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. आशु गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट में पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संस्थान के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इसमे अंजली ने प्रथम हासिल किया। पूजा ने द्वितीय, अताशी और समीक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभाग ने उपस्थित सभी स्टूडेंट्स व अध्यापकों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

### 19 से 21 मार्च तक होगी क्लाइमेट मीट



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में 19 से 21 मार्च तक कलाईमेट मीट का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन शिमला कलेक्टिव और ह्यूमन ड्वेल्पमेंट ऑर्गेनाइजेशन व एक्शन एंड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा मिलकर किया जा रहा है, जिसमें दुनिया में हो रहे जलवायु परिवर्तन को उससे आम आदमी पर पड़ रहे प्रभावों पर विस्तार से चर्चा होनी है व इंसान कैसे इस परिस्थिति से मुकाबला करें इसको लेकर विचार मंथन किया जाएगा। शिमला कलेक्टिव और ह्यूमन ड्वेल्पमेंट ऑर्गेनाइजेशन के सचिव विवेक कश्यप ने बताया कि इस मीट में जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के लगभग 100 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# पांच करोड़ 64 हजार के अनुमानित बजट को स्वीकृति

## आउटसोर्स के तहत लिपिक के 8, स्टाफ नर्स के 7 व चतुर्थ श्रेणी के भरे जाएंगे 5 पद, डेंटल कैंप के लिए किराए पर लेगा छोटा वाहन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में राजकीय दंत कॉलेज एवं अस्पताल के रोगी कल्याण समिति की बैठक पर मौजूद लोग।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेश राजकीय दंत कॉलेज एवं अस्पताल के रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पांच करोड़ 64 हजार रुपए का अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही समिति की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं के सफल संचालन के लिए आउटसोर्स आधार पर खाली लिपिक के आठ पद, स्टाफ नर्स के सात पद एवं चतुर्थ श्रेणी के पांच पद भरने की अनुमति प्रदान की गई। समिति ने आवश्यकता अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित होने वाले डेंटल कैंप के लिए छोटा वाहन किराए पर लेने की अनुमति प्रदान की गई। वहीं, अस्पताल में क्रियान्वित एक ऑपरेशन थियेटर को मॉडुलर रूप में उन्नयन करने के लिए भी अनुमति प्रदान की गई।

इस संदर्भ में मशीनरी तथा अन्य आवश्यक चीजों के लिए बजट का भी प्रावधान किया जा चुका है। समिति द्वारा आज दंत चिकित्सा अस्पताल में नई प्रक्रिया के लिए उपयोगकर्ता शुल्क दरों में भी मंजूरी प्रदान की गई। उपरोक्त दरों को अन्य राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय की दरों के आधार पर निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है, ताकि आमजन को इन सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने दंत चिकित्सा अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने का आग्रह किया, ताकि आमजन को इस अस्पताल का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी, प्रधानाचार्य हिमाचल प्रदेश राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल डॉ. आशु गुप्ता सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पुस्तकालय में जर्नल्स खरीदने की भी अनुमति

इसके अतिरिक्त दंत चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों के लिए पुस्तकालय में जर्नल्स खरीदने की भी अनुमति दी गई। विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों के लिए कंप्यूटर खरीदने, छात्रों के लिए लॉकर्स केबिन खरीदने, सेंट्रल एयर कम्प्रेशर पाइप लाइन स्थापित करने, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करने की अनुमति दी गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त कॉलेज की अन्य मांगें भी समिति के समक्ष प्राप्त हुई हैं, जिसे आगामी विचार के लिए सरकार के समक्ष प्रेषित किया जाएगा।

### डेंटल में होंगे फ्री एक्स-रे

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में आईजीएमसी के डेंटल कॉलेज में मरीजों को फ्री एक्स-रे की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा अब थ्री एक्स-रे की सुविधा भी दी जाएगी। मंगलवार को अस्पताल में हुई आरकेएस की बैठक में इसे मंजूरी मिल गई है। मशीन को जल्द ही अस्पताल में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों के लिए आधुनिक तकनीक से आपरेशन थियेटर को बनाया जाएगा। अभी तक अस्पताल में आधुनिक आपरेशन थियेटर नहीं है।

### 788 ऑपरेशन सफल

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि समिति की बैठक का आयोजन भी लंबे समय के उपरांत किया जा रहा है, जिसकी एक वजह प्रदेश में आई भारी आपदा है। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के दौरान बाह्य रोगी विभाग के अंतर्गत लगभग दो लाख 21 हजार मरीजों को उपचार प्रदान किया गया। वहीं, अस्पताल ने इस दौरान 788 सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। इसके अतिरिक्त इस दौरान लगभग 63 हजार मरीजों के एक्स-रे भी किए गए।

# किसान-बागवान तीन लाख का ऋण किसान क्रेडिट कार्ड से करें प्राप्त : डीसी

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ



जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक में मौजूद डीसी व अन्य।

जिला एवं प्रदेश के अग्रणी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक की ओर से उपायुक्त कार्यालय किन्नौर में वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत दिसंबर 2023 तक के परिणामों तथा उपलब्धियों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने की।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि जिले के किसान व बागवान तीन लाख रुपए तक का ऋण किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों की ओर से क्रियान्वित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना 2023 -24 के अंतर्गत दिसंबर तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की गई। बैठक का संचालन करते हुए श्री तिलक राज डोगरा अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि किन्नौर के ऋण वितरण में बैंकों का वार्षिक ऋण योजना 2023-24 ( 01-04-2023 से 31-12-2023 तक) का लक्ष्य 476.98 करोड़ रुपए था, जिसे दिसंबर तिमाही के अंत तक बैंकों ने 412.54 करोड़ रुपए के ऋण वितरण करके 86.49 प्रतिशत की दर से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है।

## स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत 148 मामलों को स्वीकृति

**शिमला।** जिला कल्याण अधिकारी शिमला केवल राम चौहान ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, प्रदेश सरकार की ओर से संचालित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के कल्याणर्थ संचालित 'स्वर्ण जयंती आश्रय योजना' के अंतर्गत अनुसूचित जाति से संबंधित 33 और अन्य पिछड़ा वर्ग के एक मामले के पक्ष में 51 लाख रुपए की स्वीकृति डीसी द्वारा प्रदान की गई।

'स्वर्ण जयंती आश्रय योजना' के तहत चालु वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 148 मामलों को दो करोड़ 22 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# पंचायतों को सांसद ने नहीं दिया एक भी रुपया : कौशल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



शिमला लोकसभा की 300 पंचायतों को सांसद सुरेश कश्यप ने एक भी रुपए नहीं दिए हैं। यह बात शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला परिषद सदस्य हाटकोटी व मीडिया पैनलिस्ट प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी कौशल मुंगटा ने कही।

15 साल से भाजपा के सांसदों ने शिमला लोकसभा क्षेत्र को लावारिस छोड़ दिया है। सांसद निधि तक कोई सही तरीके से नहीं बांटा गया। उनका कहना है कि शिमला लोकसभा सीट में 17 विधानसभा आती हैं, जिसमें 900 के लगभग पंचायतें हैं और सूचना के अधिकार से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के शिमला से सांसद सुरेश कश्यप ने 300 से भी अधिक पंचायतों को एक भी रुपए पांच वर्षों में नहीं दिए हैं। पूरी तरह से सांसद निधि की बंदरबांट की गई है। कौशल मुंगटा का कहना है कि भाजपा सांसद कहां तो केंद्र से कोई राष्ट्रीय स्तर का संस्थान लाते हैं और कोई मंडी खोलते और कोई छोटी इकाइयां प्रदेश में स्थापित करवाते उल्टा जो निधि थी उसमें भी बंदरबांट की गई है। कोरोना के समय भी सांसद क्षेत्र से नदारद रहे।

# एरियर को लेकर वापस अधिसूचना का कर्मचारियों ने जताया आभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**संजीव की अध्यक्षता में हुई कर्मचारी महासंघ की बैठक**

हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ की बैठक संघ के प्रधान संजीव शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वित्त विभाग द्वारा चार को जारी की गई अधिसूचना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

इस अधिसूचना में वेतन पुनरीक्षण एवं महंगाई भत्ता के बकाया राशी की अदायगी के बारे में जो मापदंड निर्धारित किए गए थे, उसके बारे में महासंघ ने रोष व्यक्त किया। अधिसूचना के अनुसार वेतन एरियर की अदायगी के लिए लगभग 33 वर्ष एवं मंहगाई भत्ता की अदायगी के लिए लगभग पांच वर्ष का समय लगना था, जोकि कर्मचारियों के लिए बहुत ही निराशाजनक था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उक्त अधिसूचना को मुख्यमंत्री के सज्ञान में लाया जाए। महासंघ के प्रयत्न के बाद तथा मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान की मध्यस्थता के बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से महासंघ की मांग को मान लिया।

# बंगाल सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



बंगाल सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्रहित, समाजहित और छात्रहित के लिए मांग उठाने का काम करती आई है। ऐसे में एबीवीपी द्वारा शिमला मुख्यालय के बाहर बंगाल सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने बयान जारी करते हुए कहा कि वेस्ट बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपखंड में स्थित संदेशखाली इस वक्त पूरे देश में सुर्खियों में है। किसानों की जमीन पर कब्जा करने से लेकर महिलाओं के साथ अत्याचार तक, यहां बड़े पैमाने पर लोगों के साथ अत्याचार किया गया है। इस तरह की हरकत को अंजाम देने के लिए यहां एक गैंग सक्रिय था, जिसका सरगना वही शाहजहां शेख है, जिसने ईडी की टीम पर जानलेवा हमला करवाया था। धरना-प्रदर्शन के साथ-साथ एबीवीपी द्वारा उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें कुछ मांगें रखी गई, जिसमें राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से करवाई जाए एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई गई। ममता बनर्जी के द्वारा ऐसे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय ऐसे अपराधी को संरक्षण देना अत्यधिक निंदनीय विषय है।

## कुमारसैन में खुली एचडीएफसी की नई बैंक शाखा

**कुमारसैन।** मंगलवार को कुमारसैन बाजार में एचडीएफसी बैंक की नई शाखा का शुभारंभ एसडीएम कृष्ण ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान एसडीएम कृष्ण ने क्षेत्र वासियों को नई बैंक शाखा खुलने पर बधाई देते हुए कहा कि एचडीएफसी बैंक खुलने से आधुनिक बैंकिंग सुविधा मिलेगी। इस दौरान एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड वीरेंद्र शर्मा, ब्रांच मैनेजर देवेश कुमार और अनुपम भारद्वाज आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि एचडीएफसी वर्ल्ड क्लास बैंक है।

**परेशानी** एक मार्च से शुरू होना था कार्य, मौसम बिगड़ने से नहीं हुआ शुरू, अब आठ के बाद किया जाएगा

# सूखे और गिरे पेड़ों को काटने में लगेगा समय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला शहर में सूखे और गिरे पेड़ों से शहरवासी काफी परेशान हैं। इसके लिए नगर निगम की मासिक बैठक में फैसला लिया गया था कि एक मार्च से इन पेड़ों को काटने का कार्य शुरू किया जाएगा, लेकिन मौसम बिगड़ने के कारण यह काम शुरू नहीं हो पाया।

अब इस कार्य को आठ मार्च के बाद शुरू किया जाना है। शिमला में बीते वर्ष भारी बरसात के कारण सैकड़ों पेड़ गिरे, जिससे शहर को करोड़ों का नुकसान हुआ।

इसके अलावा कई सूखे और गिरे पेड़ शहरवासियों के लिए खतरा बने हुए हैं। शहरवासियों का कहना है कि खतरनाक पेड़ों को काटने के लिए आवेदन देकर एसडीएम की पर्मिशन के बाद पेड़ों को काटना मुश्किल हो रहा था, जिसके बाद निगम को परमिशन दे दी गई कि सूखे और गिरे पेड़ों को काट दिया जाए।

मौसम खराब होने के बाद यह काम शुरू नहीं हो पाया।

### पार्षद हर बैठक में लगाते हैं यही प्रश्न

बीते वर्ष से निगम की मासिक बैठक में हर बार पेड़ संबंधी प्रश्न लगाए जाते हैं। इससे पार्षद भी नाराज हो रहे हैं। उनका कहना है कि आम जनता का विश्वास उन पर से उठ रहा है। जल्द समस्या का हाल निकाला जाए।

### ट्री कमेटी की गई गठित

शहर में खतरनाक पेड़ों से लोग परेशान हैं, इसके लिए निगम द्वारा ट्री कमेटी गठित की गई। पेड़ों से कोई भी समस्या हो तो इससे संपर्क कर शहरवासियों को समस्या से निजात मिलने की उम्मीद होती है।

सूखे और गिरे पेड़ों को काटने के लिए एक मार्च से कार्य शुरू किया जाना था, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से काम शुरू नहीं हो पाया। अब यह कार्य आठ मार्च के बाद शुरू किया जाएगा।
**सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

### गाद को रोकने के लिए बनाया जाएगा डैम

**शिमला।** शिमला शहर में बरसात के बाद अक्सर पेयजल परियोजना में गाद भर जाती है, जिस कारण पानी की पंपिंग नहीं हो पाती। शहरवासियों को हर बरसात इस समस्या से जूझना पड़ता है।

निगम की ओर से इस समस्या का हल ढूंढा गया है। गिरी परियोजना में कुल चार पंप हैं। बारिश के समय पानी की सप्लाई में सबसे बड़ी परेशानी गाद है, जिसको रोकने के लिए गिरी से 100 मीटर पीछे डैम बनाने की बात की गई है, जहां पर पानी की फिल्ट्रेशन होती है। उससे थोड़े आगे जगह खाली है। उस जगह पर टैंक बनाए जाएंगे। जहां पर पांच एमएलडी पानी स्टोर किया जाएगा। इस पानी को स्टोर करके शहरवासियों को थोड़ी राहत प्रदान होगी, जैसे ही गिरी में गाद आती है, तो उस दिन से टैंक में स्टोर पानी की सप्लाई की जा सकती है।

पानी फिल्ट्रेशन के आगे काफी जगह खाली है, जहां पर टैंक बनाया जाएगा और पांच एमएलडी पानी स्टोर किया जाएगा। पानी स्टोर करने से मदद मिलेगी और शहरवासियों के लिए थोड़ी राहत प्रदान होगी।
**सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

# धौला-डोडरा क्वार के गोसांगू तक सड़क मार्ग कब बनकर होगा तैयार

दशमी रावत, रोहड़ू



उत्तराखंड के कुछ गांव के लोगों को पैदल चलकर धौला में सड़क मार्ग तक पहुंचना पड़ रहा है। वहीं, रोजमर्रा के जीवन यापन के लिए इस क्षेत्र के लोगों को कठिनाइयों का सामना कर खच्चर पर सामान लादकर अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाना पड़ रहा है। कई मर्तबा बीमार व्यक्ति को सामूहिक रूप से पीठ पर उठाकर डोडरा क्वार, सेवा व दांताधार से धौला पहुंचाना पड़ रहा है।

उत्तराखंड के धौला से डोडरा क्वार के गोसांगू तक सड़क मार्ग आज दिन तक नहीं बन पाई है। उत्तराखंड के सेवा गांव, दांताधार व उपमंडल डोडरा क्वार की पांच पंचायतों के सैकड़ों लोगों को करीब सोलह किलोमीटर पैदल चलकर जान जोखिम में डालकर धौला पंहुचना पड़ता है। यह पैदल रास्ता गोसांगू से लेकर हारली खड्ड तक प्रदेश के क्षेत्र में चार किलोमीटर पड़ता है।

वहीं हारली खड्ड से लेकर धौला तक यह पैदल ट्रैक 12 किलोमीटर का पड़ता है। सर्दियों के मौसम में लगभग छह माह में चांशल घाटी पर हिमपात होने के कारण सड़क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो जाता है, जिस कारण डोडरा क्वार उपमंडल व कई बार बीमार व्यक्ति रास्ते में ही दम तोड़ देता है और समय पर अस्पताल न पहुंचने से कई मरीज आधे रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।

स्थानीय लोगों ने हिमाचल व उत्तराखंड सरकार एवं प्रशासन से मांग की है कि समय रहते हुए लोक निर्माण विभाग से डीपीआर तैयार करवा कर लोगों की सुख-सुविधा के लिए जल्द सड़क निर्माण का कार्य पूरा करवाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

धौला से लेकर हारली खड्ड तक उत्तराखंड वाले क्षेत्र में सड़क मार्ग बनाने के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। अब सिर्फ सिविल फारेस्ट क्लीयरेंस ही शेष रह गई है। उसके बाद तुरंत प्रभाव से सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
**दुर्गेश लाल, पुरोला विधायक।**

# नगर निगम ने पूरी की 12 हजार भवनों की मैनुअल मैपिंग

## अब नए सिरे से तय होगा प्रॉपर्टी टैक्स, सर्वे से छूट गए भवन मालिकों को जारी होगा नोटिस

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने नए सिरे से प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण के लिए शहर करीब 12 हजार भवनों की मैनुअल मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया है। निगम ने यह कार्य निजी एजेंसी की मदद से किया है। इससे पहले शहर की ड्रोन तकनीक से मैपिंग भी हुई। अब दोनों तरह की मैपिंग को वेरिफाई कर प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा। निगम के अनुमान के मुताबिक भवनों की मैपिंग से 7 से 8 करोड़ की आमदनी होगी।

वहीं, सर्वे के दौरान छूट गए प्रॉपर्टी मालिकों को नगर निगम नोटिस जारी करेगा। उन्हें अब नगर निगम कार्यालय में जाकर स्वयं प्रॉपर्टी से संबंधित डाटा देना होगा। टीम के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे के दौरान बहुत से भवन मालिक घरों पर उपस्थित नहीं मिले। कई लोग ऐसे हैं, जिन्होंने सोलन में मकान बनाया


सोलन नगर निगम शहर के भवनों की मैनुअल मैपिंग का कार्य रहा है।

है, लेकिन खुद दूसरी जगह रहते हैं। ऐसे में नगर निगम अब इन लोगों को सूचना देने के लिए एक नोटिस जारी करेगा, जिसमें निर्देश दिए जाएंगे कि वह तय समय में निगम कार्यालय पहुंचकर अपनी प्रॉपर्टी से संबंधित जानकारी दें।

**नई दरों से जारी होंगे प्रॉपर्टी टैक्स के बिल :** प्रापर्टी टैक्स सर्वे का कार्य पूरा होने के बाद अब निगम नई दरों से प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी कर सकता है। इससे पूर्व सोलन शहर में लोगों से हाउस टैक्स वसूल किया जाता था। वर्ष 2022 में निगम की बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स पर मुहर लगी थी।

इसके बाद शहर में प्रॉपर्टी टैक्स के लिए सर्वे का कार्य शुरू किया गया था। निगम ने पहले चरण में निजी कंपनी के माध्यम से शहर के करीब 12 हजार घरेलू व व्यावसायिक भवनों की ड्रोन मैपिंग पूरी कर ली थी। इसके बाद वार्डों के अनुसार घर जाकर टीम ने सर्वे का कार्य किया।

सर्वे पूरा होते ही भवन मालिकों को नई दरों से अगस्त 2023 के बाद से प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाना होगा। इससे पहले निगम ने पुरानी दर से चार अगस्त तक का टैक्स वसूल कर चुकी है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है क्योंकि सरकार ने चार अगस्त से 2023 से नए प्रॉपर्टी टैक्स को लागू करने की अधिसूचना जारी की थी।

### निगम में शामिल नए क्षेत्रों में लगेगा टैक्स

नगर निगम बनाने के लिए शामिल किए गए नए क्षेत्रों में भी सर्वे के बाद से प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी किए जाएंगे। इससे पहले इन क्षेत्रों को तीन साल की राहत प्रदान की गई थी। इसमें किसी भी प्रकार का टैक्स न लेने का ऐलान किया गया था। अक्तूबर 2023 में तीन वर्ष का समय पूरा होने जा रहा है। इसके बाद इन क्षेत्रों को भी अन्य वार्डों की तरह टैक्स अदा करना होगा। शहर के साथ लगती आठ पंचायतों के क्षेत्रों को नगर निगम में विलय किया गया था। इसमें आंजी, बसाल, सलोगड़ा, सपरून, शामती, कोठों, कथेड़ और सेरी पंचायतों के कुछ हिस्से शामिल हैं।

**नगर** निगम सोलन के अंतर्गत सभी वार्डों में प्रापर्टी टैक्स को लेकर सर्वे लगभग पूरा हो गया है। सर्वे के दौरान छूट गए भवन मालिकों को निगम नोटिस जारी करेगा। अब ऐसे भवन मालिकों को स्वयं कार्यालय आकर प्रॉपर्टी का ब्यौरा देना होगा। जल्द नई दरों से के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी होंगे।

**-उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।**

## न्यूज ब्रीफ

### ई-वेस्ट प्रबंधन और मिलेट्स पर किया जागरूक


सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओच्छघाट में आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लेते बच्चे।

**सोलन।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओच्छघाट में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ई-वेस्ट प्रबंधन और मिलेट्स के बारे में विशेषज्ञ श्रेय गुप्ता और आशीष पल्याल ने जानकारी दी। इस कार्यशाला में 50 छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और अध्यापकों ने भाग लिया। दो दिवसीय इस कार्यशाला में पेंटिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्राओं की ओर से मिलेट्स पर आधारित एक लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यशाला में स्कूल की प्रधानाचार्या पुनीत कौशल, पंचायत प्रधान पूनम शर्मा, एसएमसी प्रधान नरेश ठाकुर, इको क्लब इंचार्ज मीनू चौहान और स्कूल के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### शिल्ली स्कूल को उत्कृष्ट प्रबंधन समिति का पुरस्कार


प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते शिल्ली स्कूल के प्रबंधक

**सोलन।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में जिला स्तरीय उत्कृष्ट प्रबंधन समिति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा खंड सोलन से राजकीय माध्यमिक पाठशाला शिल्ली को प्रथम चुना गया। कार्यक्रम में जिला दंडाधिकारी अजय यादव ने समिति अध्यक्ष किरण और शारीरिक शिक्षक सुरेश सूर्या को स्मृति चिन्ह और प्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा सोलन जिला खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य डाइट ने चयनित विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों को स्मृति चिन प्रदान कर सम्मानित किया।

### वसुधा सहगल पंजाब विश्वविद्यालय में टॉपर



**पांवटा साहिब।** गुरु की नगरी पांवटा साहिब की बेटी वसुधा सहगल पंजाब विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान टॉपर हैं। उन्हें इस उपलब्धि के लिए चडीगढ़ में सम्मान दिया गया। इस सफलता से परिजनों व पांवटावासियों में खुशी का माहौल है। जिला सिरमौर के सेवानिवृत्त सीएमओ डॉ. संजीव सहगल व डॉ. शैल सहगल की पुत्री वसुधा सहगल की स्कूली शिक्षा गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब व सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल कसौली से हुई है। इसके बाद एमसीएम डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ से मनोविज्ञान ऑनर्स के साथ स्नातक, एमए मनोविज्ञान और व्यावसायिक परामर्श और मनोचिकित्सा में पोस्ट एमए डिप्लोमा किया है। इनका विवाह सार्थक गुप्ता से हुआ। वर्तमान में ग्लोबल अकादमी पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में बतौर मनोवैज्ञानिक के रूप में परामर्श कल्याण, व्यक्तिगत विकास, शिक्षा दे रही है। जो कि बच्चों की समस्याओं का निवारण करती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित


सोलन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र।

**सोलन।** राजकीय डिग्री कॉलेज सोलन के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की तरफ से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो. रीता शर्मा प्रिंसिपल गवर्नमेंट कॉलेज सोलन मुख्य अतिथि और डॉ. शिवानी शर्मा प्रिंसिपल गवर्नमेंट कॉलेज पझौता विशेष अतिथि व मुख्य वक्ता मौजूद रही। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर विचार प्रस्तुत किए और छात्रों को लैंगिक समानता की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्र प्रज्वल, चेतना, प्रिंसी, तनुज, प्रशांत आदि ने भी महिला सशक्तिकरण विषय पर कविता एवं गद्य के माध्यम से अपनी बात रखी। मंच का संचालन बीए द्वितीय वर्ष की प्रियांशी ने किया जबकि बीए द्वितीय वर्ष के मयंक और साहिल नेगी ने संगीत से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर डॉ. रितु शर्मा सोनी (संयोजक), डॉ. रेनू, डॉ. कल्पना, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. बीएन कमल, डॉ. मिन्नू कुंडी, अलीशा और अन्य स्टाफ सदस्य सहित महिला सेल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### अर्की कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर विशेष व्याख्यान


सड़क सुरक्षा क्लब के विशेष व्याख्यान में पहुंचे पुलिस अधिकारी।

**अर्की।** राजकीय महाविद्यालय अर्की के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अर्की पुलिस थाना प्रभारी गोपाल सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। सड़क सुरक्षा प्रभारी प्रो. सोहन सिंह नेगी ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. सुनीता शर्मा ने कहा कि यदि युवा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हैं या पालन करने के लिए औरों को प्रेरित करते हैं तो उससे कम से कम सड़क दुर्घटनाएं होंगी। प्राचार्या ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

### राजपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन


श्रद्धांजलि देते परिजन और भूतपूर्व सैनिक संगठन के सदस्य।

**पावंटा साहिब।** शहीद समीर के पैतृक गांव राजपुर स्थित शहीदी स्थल पर भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब-शिलाई क्षेत्र व परिवार तथा गांव के सदस्यों ने अमर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि शहीद समीर 3 ग्रिनेडियर में भर्ती हुए थे और 2002 में 39 राष्ट्रीय राइफल के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र सुरनकोट में तैनात थे। 5 मार्च 2002 को आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान सिपाही समीर वीरगति को प्राप्त हुए। इस मौके माता कमला देवी व भाई अमीत कुमार ने स्मारक स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर शहीद समीर की माता कमला देवी व भाई अमित कुमार, पंचायत प्रतिनिधि कंठी राम तथा भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र से केदार सिंह, अमित कुमार, जय किशन व स्थानीय ग्रामवासी तथा अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

## संशोधित वेतनमान के एरियर एकमुश्त जारी करे सरकार

**अर्की।** पेंशनर्स कल्याण संगठन की अर्की इकाई के प्रधान कृष्ण सिंह चौहान व महासचिव राजेंद्र शर्मा ने प्रदेश सरकार के संशोधित वेतनमान के ज्ञापन पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशनरों को संशोधित वेतनमान के एरियर को किस्तों में देने का निर्णय सरकार का बेहूदा तथा पेंशनर्स विरोधी निर्णय है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार एरियर किश्तों में अदा करने में वर्षों लग जाएंगे बल्कि यहां तक कि महंगाई भत्ते के एरियर को भी किस्तों में थोड़ा-थोड़ा दिया जाना भी कर्मचारियों एवं पेंनशनरो के साथ भद्दा मजाक है।

पेंशनरों के साथ ऐसा हिमाचल के इतिहास में पहले शायद कभी नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार को चेताया कि आदेश को तुरंत वापस लेकर उचित आदेश जारी किए जाएं।

## चिकित्सकों ने काले रिबन बांधकर जताया रोष


सिविल अस्पताल पांवटा साहिब के चिकित्सक काले रिबन बांधकर रोष जताते हुए।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

**सिविल** अस्पताल पांवटा साहिब के चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में काले रिबन बांधकर रोष जताया। हिमाचल प्रदेश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक पिछले लगभग 47 दिनों से हड़ताल पर हैं। सिविल अस्पताल पांवटा साहिब के चिकित्सक भी लगातार हड़ताल कर रहे हैं और दो सप्ताह से पेन डाउन स्ट्राइक पर है।

डॉ. पीयूष तिवारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी कुछ प्रमुख मांगें हैं, जिन्हें लगातार सरकार के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन सरकार इस मामले पर गौर नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्य मांग एनपीए को लेकर है। इतना ही नहीं डॉक्टर्स कई बार मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं, लेकिन मामला बातचीत से आगे नहीं बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेन डाउन स्ट्राइक के चलते भी डॉक्टर इमरजेंसी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, मगर चिकित्सकों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**डॉक्टर्स इमरजेंसी में भी दे रहे ड्यूटी, पर सरकार नहीं मांग रही मांगें : डॉ. तिवारी**

इसके साथ ही अस्पताल के सभी सीनियर चिकित्सक अस्पताल परिसर में मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि 26 मार्च को हड़ताल के चलते सभी चिकित्सक एक दिन की सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। दूसरी ओर जब हमने अस्पताल का दौरा किया तो देखा कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र से आए मरीजों पर डॉक्टरों की हड़ताल का असर दिखाई दे रहा है।

मरीज सुबह से ही लंबी लंबी कतारों में खड़े रहते हैं, लेकिन डॉक्टर 12 बजे के बाद सेवाएं देते हैं ऐसे में मरीज परेशानी से जूझ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि वे लगातार सरकार के समक्ष अपनी आवाज रखेंगे और उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी मांगों पर अमल करेगी।

### युवाओं को मतदान के प्रति करें जागरूक : यादव

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सोलन जिला के शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने तथा युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अपना मत का प्रयोग करने वाले युवा मतदाताओं के लिए लक्की ड्रा निकालकर पुरस्कृत किया जाएगा। अजय कुमार यादव जिला स्तरीय सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कोर समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस अवसर पर सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के संस्थानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करके नव युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

### किस्तों में एरियर देना पेंशनरों के साथ मजाक : राणा

**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक संगठन की नालागढ़ इकाई की बैठक मंगलवार को नालागढ़ में हुई। बैठक में संशोधित पेंशन व वेतनमान के भुगतान को लेकर सरकार के आदेश का विरोध किया है। नालागढ़ में इकाई के महासचिव कैलाश राणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने जो आदेश दिए हैं, वे पेंशनरों के साथ एक मजाक है। संगठन ने इस आदेश को वापस लेने की मांग की है। बैठक में इकाई के प्रधान नरेश घई समेत सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सौंपी जिम्मेदारी

**राजगढ़।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पच्छाद डॉ. संजीव कुमार धीमान ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत तैनात विभिन्न नोडल अधिकारी अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन सुनिश्चित बनाएं ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव को बेहतर ढंग से संपन्न करवाया जा सके। एसडीएम लोकसभा चुनाव को लेकर पच्छाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से तैनात विभिन्न नोडल अधिकारियों के साथ उपमंडल अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पच्छाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विभिन्न अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव के मध्यनजर विभिन्न दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पूरा एरियर मिलने में लगेंगे 33 साल : पुंडीर



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी संशोधित वेतनमान के एरियर की अधिसूचना को लेकर सूबे के कर्मचारी वर्ग में बवाल मचा है। आदेशों के अनुसार अगर एरियर 3 प्रतिशत दर से मिला तो इसकी अदायगी में करीब 33 साल लग जाएंगे, को लेकर कर्मचारी वर्ग खफा है। जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर के अनुसार हताश कर्मचारी अब एक बार फिर से नई रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

### अग्निशमन विभाग ने किया जागरूक


केंदुवाल सीईटीपी में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम।

**बीबीएन।** बद्दी के केंदुवाल स्थित सीईटीपी प्लांट की आपदा प्रबंधन टीम को अग्निशमन विभाग बद्दी के अधिकारियों की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी बद्दी हेम राज ने बताया कि सीईटीपी प्रबंधकों के आग्रह पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा सीईटीपी आपदा प्रबंधन टीम को अग्नि सुरक्षा से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। सीईटीपी के प्लांट इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया कि अग्निशमन अधिकारी हेमराज के समर्पण और विशेषज्ञ का प्रशिक्षण सत्रों में व्यापक प्रभाव पड़ा और इससे हमारे प्लांट में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हुआ। प्लांट के महाप्रबंधक राज कुमार राणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों में ठीक से प्रतिक्रिया करने के लिए संरक्षण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर अभी समय टीम मेंबर के अलावा सीईटीपी बद्दी से प्लांट इंचार्ज संजय शर्मा, उपमहाप्रबंधक राजकुमार राणा, सुरक्षा अधिकारी प्रदीप ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा, साहिल राणा, विनोद कुमार, पंकज सूद तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीक सदन के नाम रहा हिंदी हास्य काव्य वाचन प्रतियोगिता का ओवरऑल खिताब


पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में अंतरसदनीय हिंदी हास्य काव्य वाचन प्रतियोगिता की विजेता टीम।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**पाइनग्रोव** स्कूल सुबाथू में अंतरसदनीय हिंदी हास्य काव्य वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में चिनार, देवदार, ओक और टीक सदनों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग के चारों सदनों के एक-एक प्रतिभागी ने हिंदी हास्य काव्य वाचना प्रतियोगिता में भाग लिया।

टीक सदन से कनिष्ठ वर्ग के समर गौतम को प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार, चिनार सदन के स्वास्तिक ठाकुर को दूसरा स्थान, जबकि ओक सदन की शफक और देवदार सदन के विजेंद्र राणा तीसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग का प्रथम पुरस्कार टीक सदन की काव्या ने प्राप्त किया, जबकि ओक सदन की पायसविनी को दूसरा स्थान तथा चिनार सदन के अक्षत को तीसरे स्थान पर संतुष्ट रहना पड़ा।

अंतरसदनीय हिंदी हास्य काव्य वाचन प्रतियोगिता का ओवरऑल खिताब टीक सदन के नाम रहा। प्रतियोगिता के दूसरे स्थान पर ओक सदन और चिनार सदन रहे, जबकि तीसरा स्थान देवदार सदन ने अपने नाम किया। निर्णायक मंडल में डिंपल चुग और वंदना वर्मा जो कि पाइन स्कूल धर्मपुर में कार्यरत हैं, उन्होंने समय देकर नन्हे बाल कवियों की खूब सराहना की। हेड टीचर पंकज शर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चारों सदनों के प्रतिभागियों की सराहना की और विजयी सदन के विद्यार्थियों को मंच पर पुरस्कृत किया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में आगे बढ़कर भाग लेना चाहिए और यह अवसर उनके लिए सुनहरी होता है। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह एवं प्रबंधन प्रमुख समीक्षा सिंह नें सभी विजेताओं, आयोजकों को शुभकामनाएं ज्ञापित कीं।

## सरकार ने पेंशनरों के साथ किया भद्दा मजाक : संघ प्रवक्ता

**नाहन।** सिरमौर जिला पेंशनर संघ के प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश सरकार पर राज्य के पेंशनरों के साथ भद्दा मजाक करने का आरोप लगाया है। प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा एरियर के भुगतान के बारे में जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए मेलाराम शर्मा ने बताया कि उक्त अधिसूचना के अनुसार जुलाई 2022 से मार्च 2024 तक 21 महीने के 4 फीसदी डीए एरियर का भुगतान 1.5 फीसदी प्रतिमाह की दर से 67 किस्तों में यानी 5 साल 7 महीने तक करने के इस फरमान से बुढ़ापे का कठिन जीवन जी रहे पेंशनरों को भारी ठेस पहुंची है। दूसरी और छठे वेतन आयोग के अनुसार 1.1.2016 से 1/2022 तक पेंशनरों की बढ़ी हुई पेंशन का एरियर 0.25 फीसदी पर माह के हिसाब से 400 किस्तों यानी 33 वर्षों तक देने का बचकाना फरमान जारी किया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि इस अधिसूचना को तुरंत रद्द किया जाए।



**कार्यक्रम** पूर्व छात्रों के लिए एलुम्नी मीट का आयोजन, पुराने दिनों की यादें हुई ताजा

## नौणी विवि में 53 साल बाद मिले पूर्व छात्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**डॉ.** यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के पूर्व छात्र विश्वविद्यालय में आयोजित एलुम्नी मीट के लिए इकट्ठा हुए। यह कार्यक्रम विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों का एक साथ लाया, जो अपने विश्वविद्यालय के दिनों की यादगार यादों को ताजा करने के लिए उत्सुक दिखे। इस अवसर पर हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. नंद लाल शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद के डीडीजी और निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग विनय कुमार और ओमनी फ्लावर कनाडा के एमडी देवेंदर आसी विशिष्ट अतिथि थे। उपस्थित लोगों में कई भारतीय वन सेवा अधिकारी, विभिन्न सरकारी और सार्वजनिक उद्यमों के प्रशासक, प्रगतिशील किसान और उद्यमी शामिल थे। इस कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय सोलन से 1971 बैच के पासआउट राम लाल शर्मा ने भाग लिया, जो इस बैठक में उपस्थित सबसे पुराने पूर्व छात्र थे।


नौणी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र विश्वविद्यालय एलुम्नी मीट के दौरान एक-दूसरे से मिले तथा अपने अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ. राज कुमार ठाकुर ने इस यादगार कार्यक्रम के लिए नौणी में एकत्रित हुए देश-विदेश के आए पूर्व छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन के दौरान, डॉ. नंद लाल शर्मा ने अपने विश्वविद्यालय के दिनों को याद किया और पूर्व छात्र एसोसिएशन द्वारा स्थापित फंड में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि सभी विश्वविद्यालय के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने पूर्व छात्रों से वर्तमान छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करने, मार्गदर्शन और कौशल वृद्धि चर्चाओं को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

डॉ. नंद लाल शर्मा और देविंद्र आसी दोनों ने कॉर्पस फंड में एक लाख रुपए का योगदान दिया, जबकि अनेक प्रतिभागियों ने भी इस फंड में अपना योगदान दिया। इस मौके पर आभार व्यक्त करते हुए कुलपति डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने संस्थान के भविष्य को आकार देने में पूर्व छात्रों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन और पूर्व और वर्तमान छात्रों के बीच संबंध मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव भी हुआ, जिसमें डॉ. हरीश शर्मा को अध्यक्ष, अजय राणा और डॉ. नीरजा सिंह राणा को उपाध्यक्ष और डॉ. अनिल हांडा को सचिव चुना गया। कार्यक्रम के दौरान एक स्मारिका और छात्र पत्रिका का अनावरण किया गया। 'सृजन आर्ट्स क्लब की ओर से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर ने फेसबुक प्रोफाइल पर लिखा 'मैं मोदी का परिवार'

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**




हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के बाद नालागढ़ विधानसभा में भी राजनीतिक समीकरण बदल चुके हैं। निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर अब खुलकर बीजेपी के साथ आ गए हैं। नालागढ़ से निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर ने अपना फेसबुक प्रोफाइल बदलते हुए अपने प्रोफाइल नाम में प्रधानमंत्री की फोटो के साथ 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया है, जिससे अब साफ हो चुका है कि निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

बता दें की बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने रविवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निजी हमले किए थे, जिसके बाद से भाजपा नेताओं और मोदी सरकार के कई मंत्रीयों ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने प्रोफाइल नाम में 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया है। इसी का अनुसरण करते हुए नालागढ़ से निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर ने भी अपने फेसबुक के ऑफिशियल अकांउट के प्रोफाइल को बदलते हुए भाजपा के सर्मथन का एलान कर दिया है।

केएल ठाकुर ने 2012 में भाजपा की टिकट पर पहली बार चुनाव लड़ा था और विधायक बने थे, जबकि अगला विस चुनाव केएल ठाकुर हार गए । 2022 के विस चुनावों में बीजेपी ने केएल ठाकुर का टिकट काट लखविंद्र राणा को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन केएल ठाकुर पार्टी के इस चिनिर्णय के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में उतर गए और बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

# संदेशखाली प्रकरण के खिलाफ फूटा अभाविप का गुस्सा, सौंपा ज्ञापन



संदेशखाली प्रकरण पर प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय परिषद के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, जमीन कब्जाने तथा अपराध से भयमुक्त वातावरण निर्माण कर स्थानीय हिंदू परिवारों को पलायन करने को मजबूर करने के विरुद्ध देशव्यापी प्रदर्शन किया, यह देशव्यापी प्रदर्शन देश के सभी राज्यों की राजधानियों तथा 500 से अधिक जिलों व महानगरों में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थीयों ने सहभागिता ली।

उल्लेखनीय है कि परिषद ने पुदुचेरी में 27-28 फरवरी आयोजित हुई अभाविप केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में संदेशखाली घटना के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित कर, महिलाओं के विरुद्ध जघन्यतम अपराधों का केंद्र बन चुके पश्चिम बंगाल की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग करने का निर्णय लिया था। इसी संदर्भ में मंगलवार को विद्यार्थी परिषद जिला कांगड़ा द्वारा उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला के बाहर महिला विरोधी ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी और धरना प्रदर्शन किया गया। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं तथा भ्रष्टाचारियों व अपराधियों का संरक्षण कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की नीति से आम जनमानस त्रस्त है, एक ओर राज्य सरकार संरक्षित भ्रष्टाचारी हर ओर भ्रष्टाचार कर आम लोगों का हक मार रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था की जर्जर स्थिति से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। केंद्रीय कार्य समिति सदस्य शिल्पा कुमारी ने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ अत्याचारों का घटनाक्रम जब सामने आया तभी से विद्यार्थी परिषद न्याय की मांग को लेकर पूरे देश के शैक्षणिक संस्थानों में प्रदर्शन कर रही है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद पश्चिम बंगाल की महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मानपूर्ण जीवन सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। परिषद नेताओं ने कहा कि विद्यार्थी परिषद को महिलाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कुच भी करना पड़े तो उस को लेकर भी विद्यार्थी परिषद गुरेज नहीं करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### राहगीर से पकड़ी 70.60 ग्राम चरस

**ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के अंतर्गत गत देर रात पुलिस ने गश्त के दौरान जमूली चौक से लगभग 800 मीटर आगे एक युवक से 70.60 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि ज्वालामुखी थाना प्रभारी विजय कुमार शर्मा ने की है। जानकारी के अनुसार पुलिस देर रात जमूली के पास गश्त पर थी तभी पुलिस की गाड़ी को आता देखकर एक युवक एक दम से रूका तथा पीछे मुड़कर तेजी से जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को पकड़ा और उससे पूछताछ की। इस दौरान युवक ने एक पोलिथीन सड़क किनारे फेंकी थी। जिसे पुलिस ने उठाया और तलाशी के दौरान मौके पर 70.60 ग्राम चरस उसमें बरामद की गई। पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत मे लेते हुए उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला थाना दर्ज किया है। युवक की पहचान पवन कुमार उम्र 38 वर्ष पुत्र कृष्णलाल निवासी गांव बरोटा जगीर के रूप में हुई।

### संजीव कुमार होंगे धर्मशाला के नए एसडीएम

**धर्मशाला।** प्रदेश सरकार से बागी हुए विधायकों के गृह क्षेत्रों से संगठनात्मक फेरबदल के बाद अब अधिकारियों की फेरबदल शुरू हो गई है। एडीएम धर्मशाला धर्मेश रमोत्रा का डोडरा क्वार तबादला कर दिया गया है। धर्मेश रमोत्रा डोडरा क्वार, शिमला में एसडीएम सिविल सेवाएं देंगे। डोडरा क्वार में तैनात एसडीएम संजीव कुमार सिविल को एसडीएम धर्मशाला नियुक्त किया गया है। यह आदेश निजी सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार अमनदीप गर्ग ने मंगलवार को जारी किए।

### भाजपा ओछी राजनीति पर उतर आई है: पंकज

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार को तोड़ने का जो प्रयास कांग्रेस के बागी नेताओं और भाजपा ने किया है, वह शर्मनाक है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने ओछी राजनीतिक संस्कृति को जन्म देने का प्रयास किया है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की मुख्य गारंटियों में शामिल महिलाओं को 1500 रुपए देने का फैसला लिया, इसके लिए प्रदेश सरकार बधाई की पात्र है। पंकज ने कहा कि भाजपा के पास विधायकों को खरीदने के लिए तो पैसे हैं लेकिन आपदा से जूझ रहे प्रदेश के लोगों की मदद के लिए पैसे नहीं है।

# विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र करें खर्च : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अधिकारियों को निर्देश देते डीसी।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने 15वें वितायोग के तहत कांगड़ा जिला में पंचायतों को आवंटित धनराशि को शीघ्र खर्च करने के निर्देश दिए हैं तथा 15वें वितायोग के तहत जो कार्य अभी तक आरंभ नहीं हुए हैं उनकी रिपोर्ट भी प्रेषित करने के साथ साथ धनराशि भी वापस करने निर्देश दिए गए हैं ताकि उक्त फंड का अन्य जगहों पर सही उपयोग किया जा सके। उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जिन पंचायतों में पांच से ज्यादा कार्य लंबित हैं उनकी सूची भी तैयार की जाए ताकि विकास कार्यों की सही तरीके से मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि पंचायत घरों के भवन निर्माण के लिए भी उचित कदम उठाए जाएं, ताकि पंचायतों में कामकाज निपटाने में आसानी हो सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने सभी विकास खंड अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नियमित तौर पर विकास कार्यों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खंड स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा के लिए भी नियमित तौर पर बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा किया जा सके। वहीं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ स्वयं सहायता समूहों के गठन पर बल दिया। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पंचायत स्तर पर समग्र मनरेगा पर विशेष फोकस करने को कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने पंचायतों में विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि का सदुपयोग करने पर बल दिया। इस अवसर पर एडीसी सौरभ जस्सल, पीओ डीआरडीए अस्मिता, डीपीओ श्रवण कश्यप सहित विभिन्न विकास खंड अधिकारी उपस्थित थे।

## पसंदीदा खिलाड़ियों को लेकर क्रिकेट प्रशंसक क्रेजी, खिलाड़ियों के नाम की जर्सियों को खरीदने में लगे दर्शक

# टेस्ट मैच कल, टिकट बुक करवाने को मची होड़

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच का काउंटडाउन शुरू हो गया है। टेस्ट मैच सात मार्च को शुरू होगा। क्रिकेट प्रशंसकों में मैच को लेकर काफी उत्साह देखने का मिल रहा है। जैसे-जैसे मैच का दिन नजदीक आता जा रहा है, धर्मशाला में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। एचपीसीए स्टेडियम के बाहर टिकट काउंटर में अपनी टिकट बुक करवाने की होड़ में दिखे।

स्टेडियम के बाहर क्रिकेट प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ी के नाम की स्पोर्ट्स टी-शर्ट, हैट व रिस्ट बैंड खरीददते नजर आए। क्रिकेट प्रशंसकों में अपने पंसदीदा खिलाड़ियों को लेकर उत्साह है। स्टेडियम के बाहर टी-शर्ट, हैट व रिस्ट बैंड विक्रेता महाराष्ट्र से प्रकाश राज व दिनेश दूबे सहित विभिन्न विक्रेताओं ने बताया कि आगामी टेस्ट मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में काफी क्रेज दिख रहा है। लोग अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के नाम की जर्सी सहित अन्य स्पोर्ट का सामान खूब खरीद रहे हैं। उन्होंने धर्मशाला के मैदान और यहां के स्वच्छ वातावरण की भी तारीफ की। विक्रेताओं ने बताया कि वह धर्मशाला में पूर्व में हुए मैचों में भी खिलाड़ियों के नाम की जर्सियां बेच चुके हैं और यहां उन्हें अच्छा मुनाफा होता रहा है। (अनंत ज्ञान)




धर्मशाला में सात मार्च को शुरू होगा टेस्ट मैच। इसके लिए टिकट लेते प्रशंसक।

### मुझे क्रिकेट से काफी कुछ सीखने को मिला



**धर्मशाला।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम के खिलाड़ी आर अश्वीन ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि यह टेस्ट सिरीज के दौरान उन्हें टीम में रहते हुए काफी कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने कहा कि उनका यह सफर प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा कि उनके जो सहयोगी इस सफर पर उनके साथ रहे उन्होंने उनका भी आभार व्यक्त किया। अश्वीन ने कहा कि वर्ष 2012 में इंग्लैंड टीम से हारने के बाद उनके केरियर में यह एक बदलाव था। इससे उन्होंने काफी कुछ सीखने को मिला ओर इससे उनका केरियर में काफी बदलाव आया अश्विन अपना 100वां टेस्ट मैच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेलने वाले हैं ओर यह उनके लिए रोमांचक भरा होने वाला हैं।

### चित्रकार एंडी ब्राउन ने दिखाया पेंटिंग ब्रश और रंगों का कमाल



**धर्मशाला।** इंग्लैंड के प्रसिद्ध चित्रकार एंडी ब्राउन ने क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला को अपने रंगों में उतारा और हू-ब-हू एचपीसीए मैदान की तस्वीर बना डाली। स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ी अभ्यास कर रहे थे। इसी दौरान ब्राउन ने अपने पेंटिंग ब्रश और रंगों का कमाल दिखाते हुए एक शानदान पेंटिंग बना डाली। उनकी शानदार कला को देख कर स्टेडियम में मौजूदा लोग हैरान थे।

### टेस्ट मैच को लेकर पुलिस का ट्रैफिक प्लान तैयार

**धर्मशाला।** भारत और इंग्लैंड टेस्ट मैच के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए जिला पुलिस ने एक ट्रैफिक प्लान बनाया है। इस प्लान के तहत धर्मशाला के आईटीआई से होते हुए एचपीसीए स्टेडियम तक खिलाड़ियों का आवागमन रहेगा। इस दौरान इस रूट पर अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रखी जाएगी। वाहनों की संख्या अधिक होने पर शहीद स्मारक, चीलगाड़ी, सर्किट हाउस व मैक्सीमस मॉल को वन साइड पार्किंग के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यदि दर्शकों की संख्या अधिक रहती है तो धर्मशाला-चैतड़ू मार्ग को वाहनों को बाहर जाने के लिए वन-वे रखा जाएगा। गाड़ियों की पार्किंग के लिए पुलिस मैदान, डीआईजी कार्यालय, फुटबॉल मैदान व साई पार्किंग चिन्हित किए गए हैं। मीडिया के लिए पार्किंग गेट एमई-2 के बाहर रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर सिंह ने दी है।

### धर्मशाला पहुंचे रोहित शर्मा



**धर्मशाला।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड मंगलवार को धर्मशाला पहुंचे। इस पूर्व वह बिलासपुर के लुहणू मैदान में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। लुहणू में कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भी मिले और इस दौरान हिमाचल में क्रिकेट गतिविधियों को लेकर भी चर्चा हुई। लुहणू से रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड हेलिकॉप्टर के माध्यम से धर्मशाला पहुंचे।



धर्मशाला स्टेडियम के बाहर टी-शर्ट, हैट व रिस्ट बैंड बेचता एक दुकानदार।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कल बनखंडी में चिड़ियाघर की रखेंगे नींव

**देहरा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कल देहरा के बनखंडी में होंगे। बनखंडी में चिड़ियाघर साइट तत्ताहन कलां जाकर करीब 11 बजकर 50 मिनट पर जूलॉजिकल पार्क (चिड़ियाघर) का नींव पत्थर रखेंगे। उसके बाद मां बगलामुखी मंदिर की पार्किंग में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वहीं, इसको लेकर कांग्रेस के प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश शर्मा और कांग्रेस मत्स्य विभाग के प्रदेशाध्यक्ष नरदेव कंवर ने सामूहिक प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी । मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंगलवार को डीएफओ वन मंडल देहरा सन्नी वर्मा, वन मंडल अधिकारी वन्यजीव हमीरपुर रिजनाल्ड रोयस्टन, केसीसी बैंक के निदेशक व कांग्रेस नेता सुनील कश्यप, देहरा ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार सहित वन विभाग और लोक निर्माण विभाग के अन्य अधिकारियों ने साइट पर जाकर तैयारी को लेकर जायजा लिया। वहीं, बगलामुखी मंदिर के नजदीक सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं को सुनेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा ने कहा कि बनखंडी में करीब 350 करोड़ का जू बन रहा है। इसका शिलान्यास करने कल मुख्यमंत्री बनखंडी में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के बनखंडी में आगमन को लेकर हमने आज साइट पर जाकर निरीक्षण किया है। वहीं, इसके लिए सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

### चैतड़ू में भाजपा के कांगड़ा-चंबा संसदीय कार्यालय का शुभारंभ



**धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रभारी अभिनाश राय खन्ना ने धर्मशाला के समीप गांव चैतड़ू में पारंपरिक पूजा, विधि-विधान व हवन के साथ किया। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी धर्मशाला मंडल की त्रिदेव, ग्रामकेंद्र प्रमुख एवं जोन प्रमुख कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बैठक की गई। बैठक में खन्ना ने कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। भाजपा कार्यकर्ता जोश के साथ लबरेज हैं, और अबकी बार मोदी 400 पार को लेकर कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र घर-घर संदेश देंगे।

# गारंटियों पर भाजपा के दुष्प्रचार की पोल खुली : मल्ही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस के प्रदेश सचिव व राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक पुनीत मल्ही ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस सरकार की महिलाओं को हर माह 1500 रुपए देने की गारंटी पूरी कर भाजपा द्वारा गारंटियों को लेकर फैलाए जा रहे दुष्प्रचार की पोल खोल दी है।

यहां जारी बयान में मल्ही ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार भारी-भरकम कर्ज व कर्मचारियों की करोड़ों की देनदारियों को छोड़ गई थी। वहीं, सुक्खू सरकार ने खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से डीए व एरियर का भुगतान करना शुरू कर दिया है। साथ ही अपने वादे के मुताबिक सभी चुनावी गारंटियों को भी पूरा किया जा रहा है। मल्ही ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने 14 माह के कार्यकाल में ओल्ड पेंशन स्कीम, स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई, राजीव गांधी स्टार्टअप योजना, दूध का समर्थन मूल्य घोषित करना व 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं को मासिक 1500 रुपए देने की गारंटियों को पूरा कर चुकी है।

# घनश्याम शर्मा ने डीए व एरियर देने की घोषणा पर कांग्रेस सरकार ली आड़े हाथ

**पालमपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने जिस हिसाब से प्रदेश के कर्मियों को देय डीए व एरियर देने की अधिसूचना जारी की है। उससे साफ है कि सेवानिवृत्त कर्मियों को अगले जन्म में व सेवारत्त कर्मियों को रिटायर्ड होने के बाद ही यह लाभ मिलेगा। शर्मा ने कहा कि प्रदेश वे इस अधिसूचना का बिलकुल विरोध करते है। अगर इस अधिसूचना को अमलीजामा पहनाया गया तो अंजाम गंभीर होंगे।

शर्मा ने कहा कि 20 माह के चार प्रतिशत डीए, एरियर की 1.5 प्रतिमाह की दर से 67 किश्तें बन रही है, यानि पांच साल सात महीने और 1.1.2016 से 1/2022 तक 0.25 प्रतिशत प्रति माह के हिसाब से 400 किस्त जिसका मतलब 33 वर्ष का समय लगेगा। यूं समझो जिसकी उम्र 60 वर्ष हुई, उसे 93, जिसकी उम्र 70 है उसे 103 साल तथा इसी प्रकार 80 साल वाले को 113 साल यानी 33 साल जोड़ कर तो कम से कम जीना पड़ेगा।

### अधिसूचना वापस ले सरकार



**घनश्याम** शर्मा ने कहा कि कर्मियों के देय वित्तीय लाभों के बारे इस ऑर्डर करने व सुझाव देने वाले व फैसला लेने वाले को भी हिसाब देख कर शर्म नहीं आई, वह भी कर्मचारी, अधिकारी होगा। उसे भी इसी परिस्थिति से गुजरना पड़ेगा। चाहे वह आईएएस, एचएएस अधिकारी होगा। इस ऑर्डर का तो विशेष स्थान इतिहास में दर्ज होगा। शर्मा ने कहा कि भाजपा कर्मचारी, पेंशनर्ज संघ सरकार के इस निर्णय का घोर विरोध करता है। सरकार को तुरंत प्रभाव से इस निर्णय अधिसूचना को वापस लेना होगा।

# अब चोरी के सरगना की तलाश में बिहार-नेपाल जाएगी धर्मशाला पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के कोतवाली बाजार में मोबाइल स्टोर से लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस किंगपिन की तलाश में जल्द ही भारत के बिहार के अलावा नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में फिर से दबिश देगी। यहां बताते चलें कि चोरी के इस मामले में लाखों रुपए के ब्रांडेड मोबाइल तथा आईपैड चोरी कर लिए गए थे।

इस चोरी में बिहार-नेपाल सीमा के कुख्यात भारतीय क्षेत्र घोड़ासहन के चोर गिरोह की संलिप्तता पाए जाने के बाद एक चोर को गिरफ्तार कर धर्मशाला लाया गया था। वहीं, चोरी के बाद सीसीटीवी में नौ लोगों के चोरी की इस वारदात में शामिल होने के साक्ष्य मिले थे तथा अब पुलिस इस मामले के मुख्य सरगना समेत अन्य आरोपियों की तलाश में भारत के बिहार राज्य के अलावा नेपाल में भी दबिश देने की तैयारी कर रही है। वहीं, पकड़े गए चोर से केवल चार मोबाइल ही बरामद हो पाए हैं। ऐसे में चोरी के बाकी सामान की बरामदगी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। यहां बताते चलें कि यह गिरोह काफी कुख्यात है तथा भारत के अलावा नेपाल के चोर भी इसमें शामिल हैं। वहीं, नक्सल प्रभावित रहे तथा चोर गिरोहों के लिए कुख्यात इस क्षेत्र से धर्मशाला के एएसआई विजय सिंह की अगुआई में पांच सदस्यीय पुलिस टीम ने 13 दिन की तलाश के बाद एक चोर को गिरफ्तार किया था।

वहीं, अब जल्द ही धर्मशाला पुलिस की टीम ने चोरी के मामले के सरगना समेत कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए बिहार के अलावा नेपाल में दबिश दे सकती है।

### मामले की छानबीन जारी है : एएसपी वीर बहादुर

**उधर,** इस बारे में जब एएसपी वीर बहादुर से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि इस मामले में छानबीन जारी है तथा मामले में संलिप्त अन्य चोरों की धरपकड़ भी की जाएगी।

### गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण पर एक और नया पेंच

**गगल।** प्रदेश की एयरपोर्ट में होने वाले विस्तार को लेकर एक नया मोड़ सामने आ गया है। इसके चलते एक बार फिर एयरपोर्ट का विस्तार प्रश्न चिन्ह में आ गया है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय में दायर याचिका में याचिका कर्ताओं ने यह प्वाइंट भी रखा था के एयरपोर्ट विस्तार में जो 132 केवी विद्युत लाइन आ रही है और पठानकोट से मंडी जा रही है वह एयरपोर्ट की विस्तार की जद में आती है तो यहां के किसानों को एक बार फिर अपनी भूमि कुर्बान करनी पड़ेगी और अगर एयरपोर्ट के साथ-साथ फोरलेन का काम चलता है तो भी किसानों को तीसरी बार भूमि देनी पड़ेगी यह वार्ता चल ही रही थी की मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखू ने केंद्र सरकार से आग्रह किया के गगल एयरपोर्ट के साथ जो विद्युत लाइन गुजर रही है वह 3 मार्च 1924 को प्रदेश सरकार ने लीज पर पंजाब सरकार को दी थी और अब लीज का समय पूरा हो गया है। इसलिए इसकी सारी संपत्ति हिमाचल प्रदेश सरकार को दी जाए। इस पर पंजाब सरकार ने कहा की जब यह भूमि लीज पर मिली थी तो पंजाब हिमाचल का ही एक हिस्सा था । इस पर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि कि वह अभी तक कोई भी कदम इस बारे में न उठाएं गए। उधर, इस मामले को लेकर पंजाब सरकार भी सुप्रीम कोर्ट चली गई है देखिए अब यह कैसे क्या रंग लाता है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मौना ने बताया के अभी तो विद्युत लाइन के पेच ही सामने आया है हो सकता है कल को मांझी खड़ पर पुल बनाए जाने का पेच भी अड़ सकता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह एयरपोर्ट विस्तार की जगह कोई नया विकल्प ढूंढे।

**कार्यक्रम** डीएवी कॉलेज कांगड़ा में वार्षिक पुरस्कार समारोह धूमधाम से मनाया

# बाली ने होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन करते हुए हिमाचल प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

प्रदेश के युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए सरकार द्वारा अनेक बहुमूल्य निर्णय लिए गए हैं, जिनके परिणाम आने वाले समय में हमें देखने को मिलेंगे। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने आज मंगलवार को डीएवी कॉलेज कांगड़ा के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस दौरान कॉलेज में विकास कार्यों के लिए दस लाख रुपए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार द्वारा कई निर्णायक फैसले लिए गए हैं। इसमें डे बोर्डिंग स्कूलों को शुरू करके गुणात्मक शिक्षा प्रदेश के बच्चों को देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण करवाया जाएगा। इससे स्कूली स्तर से बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव रखी जाएगी। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के मौके पर कॉलेज छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में आरएस बाली ने परीक्षाओं, खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू, एसडीएम ईशांत जसवाल, कॉलेज प्राचार्य बलजीत सिंह पटियाल, प्रदेश सचिव कांग्रेस अजय वर्मा, ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष नागेश्वर मनकोटिया, एसएचओ विजय कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश, पार्षद अशोक शर्मा, पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष सुमन वर्मा, उपाध्यक्ष राजकुमारी, बीडीसी कांता सरोच, रीता मनकोटिया, ईशान ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सहित छात्र मौजूद रहे।



कार्यक्रम में पहुंचने पर आरएस बाली का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# पठानिया ने जाइका के तहत कूहल के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



कूहल का शिलान्यास करते केवल पठानिया।

शाहपुर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी इस के लिए नई कूहलों के निर्माण के साथ साथ पुरानी कूहलों का जीर्णोद्वार भी सुनिश्चित किया जाएगा।

यह बात विधायक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को बागड़ू पंचायत के पुहाड़ा में कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत बहाव सिंचाई कूहल का शिलान्यास करने के उपरांत दी। विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के नेतृत्व में चुनावी वायदों को चरणबद्व तरीके से पूर्ण कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की राशि देने की गारंटी को भी अमलीजामा पहनाया गया है। विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि किसानों के लिए हिम उन्नति योजना आरंभ की गई है जिसके तहत क्षेत्र की विशेष की क्षमता के अनुरूप दूध, दालों, सब्जियों, फलों, फूलों तथा नगदी फसलों के क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही 500 करोड़ रुपए की हिम गंगा योजना आरंभ की गई है ताकि किसानों की आमदनी में इजाफा हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### धूमधाम से मनाया जाएगा शिवरात्रि पर्व

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रबंध समिति के प्रधान बलराम पुरी व सचिव विपिन चौधरी ने आज प्रेस सूचना जारी करते हुए कहा कि आठ मार्च शुक्रवार को महा शिवरात्रि का आयोजन धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक सभी भक्तजन भोले बाबा को जल, फल, फूल समर्पित करेगे। उसके उपरांत श्रृंगार करके 6:30 बजे शाम की आरती एवं सात बजे से रात्रि दस बजे भजन संध्या होगी मंदिर प्रबंध समिति ने सभी शिव भक्तों से अनुरोध किया है समय पर आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### शाहपुर कॉलेज में वार्षिक समारोह आज

**कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन छह मार्च को होगा प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि माननीय विधायक केवल सिंह पठानिया होंगे। उन्होंने बताया कि समारोह का आयोजन सुबह दस बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत किए जाएंगे व सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने अभिभावकों व विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे बड़ी संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### दस गरीब परिवारों को पौष्टिक आहार बांटा

**जयसिंहपुर।** मंगलवार को जन कल्याण संस्था तलवाड़ जयसिंहपुर की मासिक बैठक बजरंगबली मंदिर तलवाड़ में संस्था के प्रधान कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सबसे तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दस गरीब परिवारों को पौष्टिक आहार वितरित किया उसके पश्चात आए हुए आठ आवेदनों पर विचार किया गया। इसमें सर्वसम्मति से पास किया गया आज की बैठक में निम्नलिखित समाज सेवक सम्मिलित हुए संस्था के सचिव जगन्नाथ डोगरा, कोषाध्यक्ष त्रिलोक नाथ चौधरी, कैप्टन दलेर सिंह राणा, कैप्टन टेक राणा, सिकंदर भंडारी, मोहन सिंह, महेंद्र सिंह सतीश जडवाल, चंद्रभान जडवाल, काशीराम चौधरी, बालकृष्ण चौधरी शेर सिंह, किशोरी लाल, उत्तम चौधरी, प्रमोद डोगरा, नानक चंद, रवि समकड़िया संस्था में शामिल हुए। इन नए समाजसेवकों को आए हुए सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ इनका हार्दिक स्वागत किया।

### सरकार का फैसला पेंशनरों के साथ मजाक

**धर्मशाला।** पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन जिला कांगड़ा कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में जोधामल डिपो बाजार धर्मशाला में हुई। बैठक में पेंशनर्ज को छठे वेतन आयोग की बकाया देनदारियों को देने बारे चर्चा की गई और इस संबंध में जारी अधिसूचना की निंदा करते हुए विरोध किया। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार ने जो कुल बकाया तीन फीसद देने बारे जिक्र किया है। इस तीन फीसद का भी जो पैमाना बनाया है वह सरासर गलत है। ये पेंशनर्ज के साथ अन्याय ही नहीं मजाक है। संघ ने फैसला लिया कि सरकार उपरोक्त अधिसूचना को वापस ले व संशोधित अधिसूचना को तुरंत जारी करे अन्यथा सरकार के खिलाफ पेंशनर्ज सड़कों पर उतरेंगे। जिसके लिए सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। इस दौरान संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्कूल पहुंचने पर शिक्षक सुनील का किया स्वागत

**रक्कड़।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बंडोल के अध्यापक सुनील धीमान का सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण से लौटने पर स्कूल प्रबंधन समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जोरदार भव्य स्वागत किया गया। वहीं इस दौरान शिक्षक सुनील धीमान ने यहां पहुंचते ही मौजूद अभिभावकों, सहयोगियों और बच्चों के साथ अपने शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव को साझा किया। गौरतलब रहे शिक्षक सुनील धीमान को पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रिंसिपल्स अकादमी सिंगापुर भेजा गया था। इसमें 21वीं सदी की शिक्षण और सीखने की विविध विधियों एवं अनुभावात्मक अधिगम शैली पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सिंगापुर की शिक्षा प्रणाली को जानने के लिए झोंघुआ प्राइमरी स्कूल का भ्रमण करवाया गया। अध्यापक सुनील धीमान ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण में सीखे उत्कृष्ट पांच कार्यों की रिपोर्ट जो वह अपनी पाठशाला में क्रियान्वित करने जा रहे हैं।

### कीचड़ व टूटी बिल्डिंग में बैठने को मजबूर स्टूडेंट्स; 360 छात्र कर रहे शिक्षा ग्रहण, छात्रों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

# फोरलेन की भेंट चढ़ा भड़वार स्कूल, खतरे में छात्रों का भविष्य

**संजीव महाजन, नूरपुर**

शिक्षा खंड नूरपुर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भड़वार में नौ पंचायतों के साढ़े 300 से ज्यादा छात्रों का भविष्य फोरलेन की भेंट चढ़ चुका है। बारिश के मौसम में कीचड़ तथा साफ मौसम में धूप में बैठने को मजबूर हैं इस स्कूल के विद्यार्थी। हालांकि सरकारों द्वारा मुफ्त शिक्षा और समग्र शिक्षा जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। मगर इन सबसे भड़वार सीनियर सेकेंडरी स्कूल की परिस्थितियां भिन्न हैं। यहां पर भड़वार के अलावा आसपास की नौ पंचायत के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं।

मगर महज तीन कमरों में साथ कक्षाएं पढ़ाने पर अध्यापक भी मजबूर हैं। इस तरह के मौसम में कहां बैठे और 350 से ज्यादा बच्चों को कहां बिठाए यह अध्यापकों के लिए चुनौती बना हुआ है। वहीं, छात्र भी डर के साए में पढ़ाई करने को मजबूर है। यहां पर भड़वार के अलावा आसपास की नौ पंचायत के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। स्कूल के फोरलेन में आने से छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। (अनंत ज्ञान)



फोरलेन की जद में आया भड़वार स्कूल



कीचड़ में पढ़ाई करते छात्र

#### अभिभावक बोले- शीघ्र इस समस्या का समाधान किया जाए

**स्कूल** की एसएमसी कमेटी के प्रधान ने बताया कि हमारे स्कूल की बिल्डिंग फोरलेन के चलते उखड़ गई है। उन्होंने कहा कि यहां बच्चों को बिठाने में समस्या आ रही है तथा विभाग व सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि शीघ्र बिल्डिंग का समाधान किया जाए। वहीं, अभिभावकों और लोगों ने मांग की है कि जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए।

#### कभी भी गिर सकते हैं कमरे

**स्कूल** के प्रिंसिपल राकेश महाजन ने बताया कि हमारे स्कूल की 80 प्रतिशत बिल्डिंग फोरलेन में चली गई है तथा 350 से ज्यादा विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमने एक निजी बिल्डिंग भी किराए पर ले रखी है। मगर उसका भी रेंट विभाग द्वारा अभी तक हमें जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारे पास मात्र छह कमरे बचे हैं। इनमें से तीन कमरों में स्कूल का सामान भरा पड़ा है तथा एक कमरे में कार्यालय का कार्यभार चलाया जा रहा है। बचे हुए कमरों में बच्चों को एडजस्ट किया जा रहा है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिन कमरों में विद्यार्थियों को बिठाया जा रहा है वह भी कभी भी गिरकर ढेर हो सकते हैं तथा किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो बिल्डिंग बची हुई है उस पर कुछ कमरे बनाकर इसका फिलहाल समाधान हो सकता है। अगर उसके लिए बजट का प्रावधान सरकार या विभाग की तरफ से किया जाए।

## 17 से शुरू होगी प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया

### खनियारा में श्री इंद्रु नाग मेला 27 से 30 मार्च तक, सांस्कृतिक संध्या व खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

खनियारा का ऐतिहासिक श्री इंद्रु नाग छिंज मेला 27 मार्च से शुरू हो रहा है। 30 मार्च तक चलने वाले मेले के सफल आयोजन को लेकर बैठक मेला कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन ईश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में हुई।

इसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्लॉट आवंटन दुकानों के लिए किया जाएगा। वहीं, तीसरे वर्ष भी मेला नशा मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मेले में दुकान उसी व्यक्ति व दुकानदार को मिलेगी जो मेले के भीतर किसी भी तरह के नशे को न बेचेगा और बेचते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई के तौर पर तुरंत दुकान खाली करवाकर पुलिस को मामला दिया जाएगा। मेले के लिए दुकान आवंटन प्रक्रिया 17 मार्च से शुरू हो जाएगी। वहीं, गत वर्ष की मेला उपकमेटियों को यथावत रखा गया है। यह जानकारी मेला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को इंद्रु नाग मंदिर में खेलपात्र का आयोजन होगा।

28 मार्च को इंद्रु नाग देवता की छड़ी मुख्य मंदिर से कटासनी माता मंदिर होते हुए छिंज मैदान पटोला पहुंचेगी। इसके साथ ही दंगल शुरू होगा। 29 मार्च को मुख्य दंगल व बड़ी माली होगी। महिला कुश्ती को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। 29 मार्च को ही सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन होगा। 30 मार्च को मेला व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आगामी बैठक में मुख्यातिथि चयन, माली राशि को तय करने सहित सांस्कृतिक संध्या को लेकर अंतिम रूप देने सहित बजट पर चर्चा होगी।

#### मेले की लिए उपकमेटियां की गठित

**मेले** के लिए गठित उपकमेटियों स्वागत कमेटी, पूजा उपकमेटी, छड़ी यात्रा उपकमेटी, मार्किंग उपकमेटी, बिजली उपकमेटी, पानी उपकमेटी, अखाड़ा उपकमेटी, सुरक्षा व यातायात कमेटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम उपकमेटी, जलपालन व्यवस्था उपकमेटी, स्पोर्ट्स उपकमेटी, सफाई उपकमेटी, मतड़ नाग मंदिर आयोजन उपकमेटी, ओडिट उपकमेटी का गठन किया गया है।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

**बैठक** में प्रधान कैप्टन ईश्वर ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लव कुमार छेत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैप्टन शिवराज थापा, सहायक कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, उपकोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव स्वास्तिक मस्ताना, देशराज पठानिया कार्यकारिणी सदस्य संजय भट्ट, नितिन कुमार व गणमान्य सदस्यों ने शिरकत की।

## उपन्यास 'मुंडू' का किया जाएगा अंग्रेजी में अनुवाद: पंकज दर्शी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

हिमाचल के प्रसिद्ध लेखक पंकज दर्शी ने उपन्यास शेन-पा चोर्टेन पर अपने पहले काम के बाद अंग्रेजी में अनुवाद के लिए दूसरा लोकप्रिय उपन्यास 'मुंडू' लिया है, जो एक महान नायक जनरल जोरावर सिंह कहलूरिया की कहानी बताता है और उसके अनुसार कुछ बड़े प्रकाशकों ने इसे प्रकाशित करने में अपनी रुचि दिखाई है। उपन्यास 'मुंडू' (2020) हिंदी में पालमपुर कांगड़ा के प्रसिद्ध कथाकार त्रिलोक मेहरा द्वारा लिखा गया है।

उपन्यास लोकतांत्रिक जागरूकता और अधिकारों की बात करता है। कुछ आलोचक पहले ही उपन्यास पर लंबा भाषण दे चुके हैं। उपन्यास में पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों की जमीनी हकीकत को दर्शाया गया है जो 1966 में हिमाचल प्रदेश के क्षेत्र में आया था। इस क्षेत्र के युवा जो अपनी जीविका कमाने के लिए बाहर गए थे उन्हें अपमानजनक उपनाम 'मुंडू' दिया गया था, जिसका अर्थ है पापुएर-वेटर। मुजाहरा अधिनियम की नींव हिमाचलियों के पक्ष में तत्कालीन मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार ने रखी थी और एक भाषण में उन्होंने स्वयं को 'मुंडू' कहा था। उन्होंने राज्य में सम्मानजनक नौकरियां पैदा करके और लोगों को जमींदारों की दासता से मुक्त करके हिमाचल के भविष्य को उज्ज्वल करने का सपना देखा। गांधीजी के पसंदीदा शिष्य विनोबा भावे ने इस क्षेत्र में कदम रखा और जमींदारों को अपनी जमीनें दान करने के लिए प्रेरित किया। उपन्यास में जमींदारों के झगड़े और उनके कंगाल-किसानों के संघर्ष का उल्लेखनीय चित्रण किया गया है।

## नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।

## स्वयंसेवियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गरली**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर(हिमाचल) में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में कुल 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।



युवा संवाद कार्यक्रम में स्वयंसेवियों को सम्मानित करने का दौर।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के प्रभारी निदेशक डॉ. विजेंद्र शर्मा ने की। इस संदर्भ में एनएसएस संयोजक पंकज ने कहा कि युवा संवाद के माध्यम से एनएसएस स्वयंसेवियों को मंच प्राप्त हुआ एवं प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया एवं समाजसेवी प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस संवाद में डॉ. के मनोज्ञा, डॉ. संतोष गोडरा, डॉ. मनीष, डॉ. हरि ओम, अमर चंद आदि परिसरीय प्राध्यापक निर्णायक एवं सत्राध्यक्ष के रूप उपस्थित रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्नेहा और नाभि ने मारी बाजी

### केंद्रीय विश्वविद्यालय के करियर क्लब की ओर से आयोजित किया कार्यक्रम, छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर दो में विकसित भारत 2047 विषय पर करियर क्लब की ओर से वादविवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे।

उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का आयोजन एमबीए के आयुष की ओर से किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में एमबीए के ऋषभ प्रथम, स्नेहा मिश्रा द्वितीय, हर्षित शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, प्रश्नोत्तरी में एमबीए में स्नेहा मिश्रा एवं नाभि शर्मा प्रथम, विकल्प चौहान एवं सुमना आर दूसरे, गगन कुमार और अभिनव शर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। इस मौके पर डॉ. रीता देवी, डॉ. रुचि शर्मा, डॉ. भावना, और डॉ. देवेश सहित क्लब के संयोजक और सह-संयोजकों ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रो. दीपांकर शर्मा, विभागाध्यक्ष, सम्मानित अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार का स्वागत किया। वहीं, डॉ. देवेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## लोकसभा चुनाव को देखकर घोषणाएं कर जनता को ठग रहे मुख्यमंत्री: बिक्रम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, रक्कड़**

हिमाचल प्रदेश की सरकार आज लोकसभा चुनावों व पार्टी में घट रहे घटनाचक्र के बाद हुई फजीहत को देखते हुए आज लोक लुभावनी घोषणाएं कर रही है।



पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज जब लोकसभा चुनाव सर पर हैं और कांग्रेस अपनी झूठ गारंटी का प्रभाव चार राज्यों के चुनाव के नतीजे से देख चुकी है। आज मात्र अपने डैमेज कंट्रोल को रोकने व जनता में अपनी खराब हुई छवि को समेटने के चक्कर में घोषणाएं कर रहे हैं। जबकि बजट में इन बातों के लिए कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू या तो खुद को बहुत चतुर समझते हैं या फिर हिमाचल की जनता को मूर्ख। मुख्यमंत्री बार-बार खाली खजाने की दुहाई देते नजर आते हैं वो आज लोकसभा चुनाव को सामने देख एक बार फिर जनता को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी चतुराई दिखाते हुए यह भूल जाते हैं कि जब बजट में प्रावधान नहीं तो 1500 रुपए कहां से देने की बात मुख्यमंत्री कर रहे हैं। हिमाचल की जनता भोली हो सकती है पर अनपढ़ व अज्ञानी नहीं, उन्हें पता है कि जिस योजना को शुरू किया जाना होता है उसके लिए पहले बजट में प्रावधान करना आवश्यक होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री की सरकार व प्रदेश के प्रति गंभीरता पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले तो मुख्यमंत्री अपने दोस्तों को कैबिनेट रैंक रेवड़ियों की तरह बांटते रहे।



**डरोह।** सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के खरोठ जोन में नारी शक्ति वंदन पद यात्रा का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता प्रदेश महिला मोर्चा प्रवक्ता अनीता चौधरी ने की। यह पद यात्रा एसडीएम कार्यालय धीरा से पुलिस चौकी धीरा तक तथा वापस एसडीएम कार्यालय तक की गई।

## एकलव्य रेजिडेंशियल स्कूल सिलेक्शन टेस्ट की परीक्षा 28 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश सरकार के एसटी ट्राइब डेवलपमेंट विभाग के तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में कक्षा छठी में प्रवेश हेतु एकलव्य रेजिडेंशियल स्कूल सिलेक्शन टेस्ट की परीक्षा 28 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

इस प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन छह मार्च से शुरू होंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 28 मार्च रखी गई है। इस प्रवेश परीक्षा के लिए कोई फीस नहीं है। मार्च माह में पांचवीं कक्षा पास हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जनजाति से संबंध रखने वाले सभी विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए पात्र हैं। इसके अतिरिक्त अन्य सभी श्रेणियों के ऐसे विद्यार्थी जो अनाथ हैं, माता विधवा है, जिनके माता-पिता की कोविड से मृत्यु हुई है, जिनके पालक सेना में युद्ध के दौरान शहीद हुए हैं या जिनके पालक दिव्यांग हैं, भी इस परीक्षा के लिए निशुल्क आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक व अन्य विवरण बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने दी है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

06 मार्च, 2024, बुधवार

विक्रमी संवत : 2080, शक संवत :1945 (शोभकृत), मास : फाल्गुन, तिथि :एकादशी (04:16): नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा (02:53), पक्ष : कृष्ण, योग व्यतिपात (11:32) शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:09)-(12:56)।

**विशेष दिन**

06 मार्च 2024 को स्मार्त वैष्णव समुदाय आज रखेगा विजया एकादशी व्रत

**मेष :** आज कोई खुशखबरी मिलेगी। आज का दिन कई अनुभवों से युक्त होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृषभ :** आय से अधिक खर्च न करें। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। आप के प्रयासों से व्यवसाय कातनाव समाप्त हो सकेगा।

**मिथुन :** आज व्यापार में अधिक लाभ प्राप्ति के योग है। जोखिम भरे कार्य से बचना चाहिए। कार्य व्यवसाय में सफलता मिल सकेगी।

**कर्क:** अपनी सोच को बदलें। दुसरों को नीचा दिखाने का प्रयास न करें। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी।

**सिंह:** दिन की शुरुआत से ही कार्य प्रभावित होंगे। आय में वृद्धि होगी। अपनी बुद्धिमानी से आर्थिक स्थिति सुधरेंगे।

**कन्या :** आज यश, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवन साथी की भावनाओं को समझें। दोस्तों से भेंट, उपहार मिलेगा।

**तुला :** मित्रों के सहयोग से निजी समस्या का समाधान होगा। व्यापार में प्रगति के योग हैं। अधिकारों का गलत प्रयोग नहीं करें।

**वृश्चिक :** लंबे समय के बाद व्यापार में लाभकारी परिवर्तन हो सकते हैं। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर काम करें।

**धनु :** आज धार्मिक आस्था बढ़ेगी। कार्य के प्रति दृढ़ता आपको आज कार्य में अनुकूल सफलता दिलवाने वाली है।

**मकर :** जीवन साथी के व्यवहार में उग्रता रहेगी। व्यावसायिक नवीन गतिविधियां लाभकारक रहेंगी। क्रोध न करें।

**कुंभ :** आज दिन व्यस्त रहेगा। जीवन साथी के व्यवहार में उग्रता रहेगी। व्यावसायिक नवीन गतिविधिया लाभकारी रहेंगी।

**मीन :** आप व्यर्थ के दिखावे एवं आडम्बरों से दूर रहें, अन्यथा परेशानियां बढ़ सकती है। निजी जीवन में भी ध्यान दें।

**गुड न्यूज** — सीपीएस किशोरी लाल ने सिंचाई कूहल नगुल के काम का किया भूमि पूजन

# पेयजल-सिंचाई सुविधा पर रहेगा फोकस: किशोरी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

हर घर के लिए शुद्ध पेयजल और खेत के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में है और इस दिशा में प्रदेश सरकार गंभीरता से कार्य के कर रही है।

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज किशोरी लाल मंगलवार को नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला के गणखेत्र में बहाव सिंचाई कूहल नगुल के कार्य का भूमि पूजन करने के उपरांत बोले रहे थे। उन्होंने कहा कि नगुल कूहल इस क्षेत्र के लिए मुख्य सिंचाई का स्रोत है। उन्होंने कहा किसानों कि जरूरत को देखते हुए नगुल कूहल के जीर्णोद्धार पर 165 लाख व्यय कर इसकी दशा को सुधारा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कूहल से 40 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। सीपीएस ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में, उन्होंने एक वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मर्गदर्शन में अभूतपूर्व विकास किया है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र को विशेष त्वजो प्रदान की है। उन्होंने कहा कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई सुविधा में व्यापक सुधार के लिए करीब 90 करोड़ की नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल के सुधार के लिए 45 करोड़ रुपए की योजना निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि हलके में पेयजल के सुधार के लिये विभाग को पुरानी पाइपों को बढलने के आदेश दे दिए गए हैं और चरणबद्ध तरीकें से पाइपों को बदला जा रहा है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद सीपीएस किशोरी लाल के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 98168-75517

**नाम परिवर्तन**

**आर्मी** न. 17000208F नायक लखन देवड़ा पुत्र माणकलाल देवड़ा 9FOD C/O 56 APO कंदरोडी त. इंदौरा जिला कांगड़ा (हि.प्र.) में सेवारत हूं। मैं घोषणा करता हूं कि मेरी माता का नाम और जन्मतिथि आर्मी रिकार्ड भाग II में गलत दर्ज है जिसे अब मनुभाई देवड़ा से ठीक कर मनोरमा बाई देवड़ा तथा जन्मतिथि 24-10-1956 के बजाए 11-11-1962 कर ली गई है तथा इनका आधार कार्ड में मनोरमा बाई देवड़ा तथा जन्मतिथि 11-11-1962 है। इनको इसी नाम से जाना जाएगा। कृपया सभी संबंधित नोट करें।

सफलता मन की शांति है, जो यह जानने में आत्मसंतुष्टि का प्रत्यक्ष परिणाम है कि आपने सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास किया, जिसके आप सक्षम हैं। –जॉन वुडन



## हिमाचल की उम्मीदों पर हाई कोर्ट ने फेरा पानी

**हिमाचल** हाई कोर्ट ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। हाई कोर्ट ने हिमाचल सरकार के वाटर सेस एक्ट को ही असंवैधानिक करार दे दिया है। इस फैसले के बाद सुक्खू सरकार हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से अब सेस नहीं ले पाएगी।

कोर्ट ने प्रदेश सरकार को स्पष्ट रूप से कहा है कि इस तरह का कानून बनाने का अधिकार उसे नहीं है। जब प्रोजेक्ट लगे थे, तो सेस नहीं था, ऐसे में प्रोजेक्ट लगाने वालों के हित सुरक्षित नहीं रहेंगे। राज्य में मौजूदा समय में 172 जल विद्युत परियोजनाएं हैं, जिससे 10999 मेगावाट विद्युत क्षमता का उत्पादन हो रहा है। इन प्रोजेक्टों से सालाना करीब 2000 करोड़ रुपए आय का अनुमान प्रदेश सरकार ने लगाया था। पिछले साल 25 अक्तूबर को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने भी सभी राज्यों को पत्र लिखकर वाटर सेस को अवैध और असंवैधानिक बताया था। अब हिमाचल हाईकोर्ट ने भी सरकार को झटका दे दिया है।

दरअसल, सुक्खू सरकार ने प्रदेश की आर्थिकी को पटरी पर लाने के मकसद से वाटर सेस लगाने का निर्णय लिया था, लेकिन अब हाई कोर्ट के निर्णय से सरकार मायूस हो गई है। वाटर सेस की दर 0.06 से लेकर 0.30 रुपए प्रति घन मीटर तय की गई थी। राज्य जल उपकर आयोग ने सितंबर में कई ऊर्जा उत्पादकों को वाटर सेस के बिल जारी कर दिए थे। बीबीएमबी, एनटीपीसी, एनएचपीसी समेत प्रदेश की 40 के करीब बिजली निर्माता कंपनियों ने राज्य सरकार के वाटर सेस एक्ट को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही आर्थिक संसाधन जुटाने के लिए राज्य में चल रहे पावर प्रोजेक्ट पर वाटर सेस लगाने का फैसला लिया था। इसके लिए बकायदा विधानसभा में एक्ट बनाया गया। सुक्खू सरकार को केंद्र से भी अपेक्षाकृत मदद नहीं मिल रही है, ऐसे में सरकार खुद ही अपने संसाधन जुटाने में जुटी है।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने अपनी आय के स्रोत बढ़ाने के लिए वॉटर सेस लगाने का फैसला किया था और इसे लेकर विधानसभा में बिल भी पास किया गया था। इस वाटर सेस के खिलाफ हरियाणा और पंजाब सरकारों ने हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पास किए गए वाटर सेस बिल का विरोध किया था। पड़ोसी राज्य सरकार की ओर से 1956 की संधि का उल्लंघन होने की बात करते थे। हालांकि, वाटर सेस लगाने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य नहीं था, बल्कि इससे पहले उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर भी वाटर सेस लगा रहा था। इन राज्यों की देखादेखी में ही सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वाटर सेस लगाने का फैसला लिया था। अब प्रदेश सरकार को अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए और कोई तिकड़म लगाना पड़ेगा। अभी हाल ही में राज्यसभा चुनाव के दौरान सरकार पर सियासी संकट छाया था। विपक्षी भाजपा ने सरकार को गिराने की भरपूर कोशिश की थी। अब जबकि सरकार थोड़ी संभली है, तो होई कोर्ट ने सरकार की कमर ही तोड़कर रख दी। कहते हैं कि जब मुसीबत आती है तो चारों ओर से आती है। हाई कोर्ट के फैसले को देखकर लगता है कि सरकार पर भी कोई गहरा संकट मंडरा रहा है। इसके लिए उसे समय रहते जतन कर लेने चाहिएं, वरना लोकसभा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# कौन करता है नौकरीपेशा औरतों को परेशान

**अब** सामाजिक, व्यापारिक, संस्थागत जीवन का शायद ही कोई इस तरह का क्षेत्र बचा हो, जहां पर महिलाएं नौकरी के लिए न जाती हों। खेत-खलिहानों, बैंकों, सरकारी और निजी दफ्तरों से लेकर घरों में चूल्हा-चौका करके अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में आधी आबादी किसी भी तरह मर्दों से पीछे नहीं है। कहा जा सकता है कि अब देश में करोड़ों महिलाएं कार्यशील हैं। देश में बढ़ती साक्षरता के चलते नौकरीपेशा औरतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

जाहिर है, उन्हें घरों से निकलकर अपने दफ्तर और फैक्टरियों में तो जाना होता ही है। आपको हजारों औरतें विभिन्न संस्थानों में नाइट ड्यूटी करते मिलेंगी, पर अपने दफ्तर या फिर स्कूल-कॉलेज जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग परेशान करते रहते हैं। वे उनके (महिलाओं) के पीछे पड़ जाते हैं। उन्हें वे तरह-तरह से परेशान करते हैं। इस हरकत को अंग्रेजी में कहते हैं 'स्टॉकिंग।' दिल्ली पुलिस ने हाल ही में इस तरह के शख्स को पकड़ा है, जो एक कार्यशील महिला का लगातार पीछा कर रहा था। यह तो सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। इस तरह के तमाम केस पुलिस के सामने आते रहते हैं।

किसी महिला का पीछा करना यौन उत्पीड़न का एक गंभीर रूप है और भविष्य में होने वाली किसी गंभीर घटना की पहली चेतावनी भी है। बेशक, पीड़िता को चुपचाप सहने के बजाय आगे आना चाहिए और अपने साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट पुलिस को करनी चाहिए ताकि इसे शुरू में ही खत्म किया जा सके। एक बात समझ लें कि किसी सिरफिरे का किसी महिला का पीछा करना प्रारंभिक चरण है। उसका अंतिम इरादा महिला के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार ही हो सकता है। राजधानी दिल्ली के न्यू सीमापुरी इलाके में हजारों मेहनतकश लोग छोटे-छोटे घरों में रहते हैं। यहां अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा जैसे राज्यों से आए लोगों के साथ अनेक बांग्लादेशी हैं। अब बांग्लादेशियों के पास वैसे तो अवैध आधार कार्ड वगैरह सब कुछ है। यहां रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने इलाके में चलने वाली 'महिला पंचायत' में अपने साथ घरों में होने वाले उत्पीड़न से लेकर घरों के बाहर उनका पीछा करने वालों की शिकायत करने के लिए आती हैं।

आगे बढ़ने से पहले बता दें कि इस महिला पंचायत में पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी हकों के बारे में पंचायत में काम करने वाली काउंसलर विस्तार से जानकारी देती हैं और उनकी समस्या का समाधान खोजती हैं। इस महिला पंचायत, जिसका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है, उसके प्रबंधक फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि कार्यशील औरतों के पीछे पड़ने के मामले बहुत तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। किसी महिला का पीछा करने वाले शख्स पीड़ित महिला को फोन पर अश्लील मैसेज भी भेजते रहते हैं। वह दिनभर और देर रात तक उसे फोन करके परेशान करते हैं। महिला के घर से निकलने



आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

पर वह उसे छूने या बात करने की चेष्टा करते हैं। इस कारण से बहुत सारी औरतें नौकरी छोड़ने तक के बारे में सोचने लगती हैं। अनेक किशोरियां डर के मारे पढ़ाई भी छोड़ देती हैं।

दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज के बाद अब हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैंब्रिज स्कूल स्थापित करने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि जो लोग स्टॉकिंग में शामिल होते हैं, वे बहुत मोटी चमड़ी वाले दुष्ट अपराधी होते हैं। सख्ती से मना करने के बाद भी वे बेशर्मी से महिला का पीछा करते रहते हैं। महिला के उन्हें अस्वीकार करने के बाद भी वे बाज नहीं आते। वे अपनी हरकतों को जारी रखते हैं। बेशक, स्टॉकिंग एक गंभीर अपराध है। इस अपराध से दो-चार होने वाली लड़कियों/ महिलाओं को तुरंत पुलिस में शिकायत करनी चाहिए। यदि वे आगे आकर शिकायत नहीं करेंगी, तो उनका पीछा करने वालों को गलतफहमी होने लगेगी कि वे सचमुच में बहुत ताकतवर हैं। उन्हें लगेगा कि वह जो चाहे कर सकते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि जब किसी महिला को अपने पीछे पड़े हुए व्यक्ति से दो-चार होना पड़ता है तो वह बुरी तरह से मनोवैज्ञानिक रूप से टूटने लगती है। यह अपने आप में घोर उत्पीड़न है और इससे कम कुछ नहीं। लड़कियां पीछा करने वाले से लगातार भयभीत रहती हैं।

याद रख लें कि किसी भी समाज के चरित्र को जानने के लिए आपको यह देख लेना काफी होगा कि वहां पर कितनी महिलाएं कार्यशील हैं। जिस समाज में जितनी अधिक औरतें कार्यशील होंगी, वह समाज उतना ही प्रगतिशील माना जाएगा। इसलिए कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा देना समाज और सरकार का पहला दायित्व है। अब नौकरियां सुबह दस से शाम पांच बजे तक की बहुत कम रह गई हैं। अब तो दिन-रात दफ्तर चलते हैं।

भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नौकरियों की बहार आने के बाद हम देख रहे हैं कि बड़ी संख्या में नौकरियां रात के समय की ही होती हैं। इन परिस्थितियों में कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा तो देनी ही होगी। यह देखना होगा कि उनका दफ्तर के भीतर किसी तरह से यौन उत्पीड़न न हो। उन्हें कोई फोन करके परेशान न करता हो या फिर उनका कोई पीछा न करता हो।

इसमें कोई शक नहीं है कि किसी भी देश और समाज की पहचान इस बात से ही होती है कि वहां पर महिलाएं कितनी आर्थिक रूप से स्वावलंबी हैं। वे स्वावलंबी तो तब ही होंगी, जब उन्हें सही ढंग से शिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार में पर्याप्त अवसर मिलेंगे। इसके अलावा उन्हें कार्यस्थल पर बेहतर माहौल और अपने पुरुष साथियों के बराबर वेतन भी मिलेगा। बेशक, जिन दफ्तरों में महिलाएं मुलाजिम होती हैं, वहां पर माहौल कुल मिलाकर सकारात्मक ही रहता है। इसलिए किसी दफ्तर का समावेशी होना बहुत जरूरी है। हां, उस वातावरण को कुछ गटर मानसिकता वाले लोग खराब अवश्य करने की कोशिश करते हैं।

चूंकि अब विश्व महिला दिवस (8 मार्च) को आने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं, इसलिए सारी बहस कार्यशील औरतों तक सिमट कर नहीं रह जानी चाहिए। अब भी अनेक औरतों को घरों में अपने ही पतियों के जुल्म-ओ-सितम का शिकार होना पड़ता है।

महिला पंचायत में आने वाली औरतों में उन बेबस महिलाओं की संख्या भी खासी रहती है, जो घरेलू हिंसा का लगातार शिकार होती हैं। जब देश में औरतों को उनके वाजिब हक दिलवाने की मांग हो तो उन असहाय औरतों को नजरअंदाज न कर दिया जाए जो दिन-रात अपने घरों में काम करने के बाद भी अपने जालिम पतियों के वहशीपन का शिकार होती रहती हैं।

## नजरिया: ओवैसी का झूठ, निशाने पर आरएसएस और मोदी

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर आर्यन थ्योरी का जिक्र करके एक नए विवाद को जन्म दिया है। वैसे तो उनकी जुबानी चालाकियों से सभी परिचित हैं। इस बार उन्होंने खुले तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्यन होने से भारतीय मूल का नहीं होकर विदेशी हो जाने की बात उठाकर प्रश्न खड़े किए हैं ।

वस्तुत: यही आज सबसे बड़ा विषय है कि जिस आर्यन थ्योरी को वैज्ञानिक भी नकार चुके हैं, उसे आज भी असदुद्दीन ओवैसी हवा दे रहे हैं ।

वस्तुत: वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा के शो में असदुद्दीन ओवैसी ने एक प्रश्न के जवाब में बोला कि मैं चाहता हूं कि मेरा डीएनए करा लीजिए और नरेंद्र मोदी का भी करा लीजिए। आरएसएस के लोगों का करा लीजिए। कौन आर्यन है और कौन इस देश का है, मालूम हो जाएगा आपको। उनके यह कहने के साथ ही साफ हो गया कि वे अपने लोगों के बीच और अन्य जो भी उनके संपर्क में आते हैं, उन्हें वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों को आर्य संबोधित कर यह बताने का प्रयास अब भी कर रहे हैं कि वे भारत के मूल निवासी नहीं, बल्कि बाहर से आकर यहां कब्जा करके बैठ गए हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि लगातार संसद सदस्य रहने और कानून की पढ़ाई करने के बाद भी उन्हें यह बात नहीं पता कि 'आर्यन थ्योरी' पूरी तरह असत्य साबित हो चुकी है।



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र पत्रकार

यह कुछ अंग्रेजों की शरारत थी जिसे हवा देने का काम भारत में इतिहास लिखते वक्त वामपंथी शिक्षाविदों ने भी किया। कहना होगा कि दो शताब्दियां गुजर गईं इस झूठ को समझाने में कि आर्य जैसा कोई शब्द कभी विदेशियों के लिए रहा ही नहीं, जो कि भारत में बाहर से आकर कभी बसे हों। आज यह बात पूरी तरह से सिद्ध भी हो चुकी है कि 'आर्यन इन्वेजन थ्योरी' असत्य है। फिर भी आज जिस तरह की भाषा असदुद्दीन ओवैसी बोल रहे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि वह कितने बड़े जूठे हैं और अपनी बात सिद्ध करने के लिए वे किस हद तक जा सकते हैं ।

## अंदाज-ए-बयां: शिव महिमा

*सारे जग में तू ही समाया कृपालु भोले भंडारी।*
*अनंत है तू सकल जग में तेरी खलकत गंगाधारी।।*
*समुद्र मंथन में हलाहल से घबराई खलकत चंदा धारी।*
*भोले दिल में उपजी दया गरल धारे कंठ में बने नीलकंठ धारी।।*
*नृसिंह अवतारी विष्णु मार हिरण्य कश्यप को बने क्रोध धारी।*
*ले शालभ अवतार करें क्रोधाग्नि शांत बने नृसिंह चर्म धारी।।*
*दक्ष तनया कर कठिन तप से पाने चली श्मशान राख धारी ।*
*तपस्या से प्रफुल्लित हो सती के स्वामी बने त्रिनेत्र धारी।।*
*शिव बैठे नंदी पे चले सती व्याहने चली संग प्रजा सारी।*
*शिव के गले में सती डाले वरमाला हर्षित होत नर नारी।।*
*सकल जग में आहुत हुआ दक्ष यज्ञ में न बुलाए सृष्टि धारी।*
*प्राण से प्रिय के अपमान को न सह सकी सती नारी।।*
*हवन कुंड में निज तन की दे आहुति स्वाहा हुई सती नारी।*
*कुपित शिव कर तांडव ले सती तन खत्म करने चले सृष्टि सारी।।*
*विष्णु सुदर्शन चले सती तन के खंड होत शांत नाग धारी।*
*बह्मांड रचियता सबका कल्याण करते हरदम भोले भंडारी।।*
*आदि अनादि आशुतोष की महिमा गा हो फलित सृष्टि सारी।*
*कर कृपा जग में हो अध्यात्म ही अध्यात्म शिव महिमा सारी।।*



हीरा सिंह कौशल

# अदालत और सरकार में फंसे उपभोक्ता आयोग, लोगों में जागरूकता का अभाव

**देश** में उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष की नियुक्तियों को लेकर इन दिनों सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई जारी है। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जवाब मांगा है। रोचक तथ्य यह है कि लिखित परीक्षा के आदेश खुद सुप्रीम कोर्ट ने ही पिछले साल दिए थे। अब हाई कोर्ट और जिला जजों को जब सामान्य लोगों के साथ परीक्षा में बैठना पड़ा तो सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक गरिमा का ख्याल आ गया। वस्तुत: देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) 2019 के नए एक्ट के अनुरूप खुद को खड़ा नहीं कर पाई हैं। आम लोगों में अभी भी आयोगों को लेकर जागरूकता का अभाव है। शीर्ष अदालतें कानून के जमीनी प्रवर्तन के स्थान पर अनावश्यक रूप से आयोगों के गठन और नियुक्तियों में हस्तक्षेप कर सरकारों को इस मामले में हीला-हवाली का मौका उपलब्ध करा रही हैं। बेहतर होगा नियुक्तियों का कार्यक्षेत्र सरकारों पर ही छोड़कर अदालतें कानून के समयबद्ध एवं त्वरित प्रवर्तन पर निगाहें रखें।



लेखक : डॉ. अजय खेमरिया
ओबड़ी, चंबा

देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) सरकार एवं न्यायपालिका के मध्य फंस गई हैं। हाल ही में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में रिटायर्ड न्यायाधीशों को अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पूर्व आयोजित होने वाली लिखित एवं मौखिक परीक्षा को उपभोक्ता कानून की भावना के विरुद्ध माना। समझा जा रहा है कि जल्द ही सरकार इस परीक्षा के प्रावधान को खत्म कर देगी। अलबत्ता पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने ही ऐसी परीक्षा के आदेश दिए थे। इसके तहत सभी स्तर के आयोगों में नियुक्ति के लिए दो लिखित परीक्षा एवं हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता वाले बोर्ड के जरिए साक्षात्कार अनिवार्य कर दिया गया था। कई राज्यों में इसी आदेश के अनुरूप नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है। अब उच्चतम न्यायालय को यह लगने लगा कि हाई कोर्ट और जिला जज के पद पर काम करने वाले लोग रिटायरमेंट के बाद परीक्षा दें, यह न्यायाधीश की गरिमा के विरुद्ध है।

शीर्ष अदालतों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर पिछले साल संशोधन संस्थित किए गए थे, इसका नतीजा यह हुआ कि आयोगों में चयन प्रक्रिया बुरी तरह उलझ कर रह गई। सवाल यह है कि सुप्रीम कोर्ट को क्यों लगता है कि हाई कोर्ट और जिला कोर्ट के जज अगर परीक्षा देंगे तो यह गरिमा के विरुद्ध है। अगर जजों की गरिमा इससे प्रभावित होती है तो सदस्यों के रूप में चयनित सामाजिक कार्यकर्ता भी अपने प्रामाणिक अनुभव से इन आयोगों में आते हैं। योग्यता और गरिमा का सवाल न्यायपीठ पर लागू होना चाहिए न कि केवल जजों पर। बेहतर होगा तीन स्तरों वाली यह परीक्षा या तो सभी को तय हो या किसी के लिए नहीं, इससे आयोगों की साख बढ़ेगी।

# राजनीति में सेवा भाव का होना अति आवश्यक

**देश** में जिस राजनीति के बिना आज कुछ भी संभव नहीं माना जाता है, जो कि जमीनी वास्तविकता है और जो राजनीति प्रदेश और देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाती है, जिनके प्रतिनिधि विधानसभा और लोकसभा में अपने क्षेत्र, प्रदेश और देश के विकास और समस्याओं की पैरवी करते आ रहे हैं। इन तमाम विधानसभाओं और देश की संसद में नीति निर्धारण और देश को विश्व पटल पर आगे ले जाने के लिए प्रयासरत रहते हैं, इसी परिप्रेक्ष्य में अगर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार राजनीति में शामिल होने के लिए शिक्षा के मापदंडों को अनिवार्य करती हैं तो निसंदेह यह किसी भी राज्य सरकारों और केंद्र सरकार का सराहनीय कदम माना जाएगा, क्योंकि कई क्षेत्रों में शिक्षा के अभाव में जनप्रतिनिधियों से उस स्तर के कार्य नहीं हो पाते, जिस इच्छाशक्ति और उच्च शिक्षित व्यक्ति का अनुभव और कार्यदक्षता रहती है, जबकि राजनीति में एक पहलू यह भी देखने को मिलता है कि राजनीति में अनुभवी होना भी जरूरी होता है, ताकि वे अपने विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और विशेषताओं को विधानसभा और लोकसभा में बैवाकि और अनुभव के आधार पर रख सकें।

अगर इस विषय पर सरकारें भविष्य में परिवर्तन करती हैं तो निसंदेह भविष्य में उच्च शिक्षित युवाओं की राजनीति में सहभागिता देखने को मिल सकती है, जैसा कि अभी तक संविधान अनुसार और चुनाव आयोग के द्वारा राजनीति में प्रवेश के लिए अनिवार्य शिक्षा के कोई मापदंड स्थापित नहीं किए गए हैं। राजनीति में आने के लिए देश का कोई भी नागरिक शिक्षित न होकर भी चुनाव लड़ सकता है, इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार को सुझाव और उनका ध्यान इस विषय पर आकर्षित करने का प्रयास करते हैं कि अगर शिक्षा को राजनीति में अनिवार्य



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

किया जाए तो संभव है कि भविष्य में राजनीति के माध्यम से हर विधानसभा और लोकसभा में सराहनीय विकास देखने को मिलता रहे और देश को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित हो सकता है, जैसे कहा भी जाता है कि शिक्षा ही एक ऐसा सर्वोच्च माध्यम माना जाता है जिसके माध्यम से हम अपने व्यक्तित्व और देश को शून्य से शिखर तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

इस प्रकार राजनीति में अगर केंद्र सरकार शिक्षा को अनिवार्य करती हैं तो निसंदेह प्रदेश और देश को आगे बढ़ने में विकास के विभिन्न क्षेत्रों में मददगार साबित हो सकता है, तो वहीं शिक्षित, समाजसेवी जनप्रतिनिधि अपने अनुभव को देश और प्रदेश हित में अनेक सुझाव और अनुभव से क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है।

दूसरी ओर अगर हम ध्यान आकर्षित करें तो एक चपरासी से लेकर आईएएस अधिकारी तक शिक्षा की अनिवार्यता रहती हैं जो उनको उनकी शिक्षा की दक्षता का परिचय करवाती है, जबकि नीति निर्धारण और आंतरिक कार्यप्रणाली में अधिकारियों से लेकर हरेक कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, परंतु जब भी देश और प्रदेश की नीति बनाने और विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन की बात आती है तो वहां पर राजनेताओं का नाम सर्वप्रथम रहता है जो जनता के लिए उतरदायी माने जाते हैं तो वहीं, आज राजनीति के गिरते उच्च सिद्धांतों का कम हो जाना, ईमानदारी और स्वच्छ राजनेता का गिरता स्तर, खरीद-फरोख्त जैसी खबरें बन जाना, एक दल से दूसरे दलों में निजी हितों के लिए शामिल हो जाना ओर राजनीति जैसे सेवा भाव वाले क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामलों में जेल तक चले जाना बहुत ही लजित और चिंतनीय विषय है। कहा भी जाता है कि राजनीति जनता की सेवा के लिए चुनी जाती है परंतु आज के परिप्रेक्ष्य में राजनीति में इन सभी उच्च मापदंडों का कोई औचित्य नहीं रह गया है, क्योंकि जिस राजनीति में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जैसे व्यक्तित्व ने अपनी एक छोटी सी त्रुटी के लिए केंद्रीय मंत्री पद तक से इस्तीफा दिया था, ऐसे त्याग के उदाहरण आज की राजनीति में बहुत कम देखने को मिलते हैं।

आज इन सभी व्यवस्थाओं को बदलने और राजनीति में सेवा भाव का होना अतिआवश्यक है, अन्यथा राजनीति का स्वरूप ही बदल जाएगा। जब आम जनता का जनप्रतिनिधियों से विश्वास ही उठ जाएगा तथा उम्मीद करेंगे कि भविष्य में राजनीति में ईमानदारी, सेवाभाव, समर्पण, तो वहीं नेता नहीं बल्कि जनप्रतिनिधि होकर जनता की मूलभूत सुविधाओं और पीड़ा को समझने का प्रयास करते रहेंगे। वहीं, देश और प्रदेश के शिक्षा का स्तर अब बढ़ चुका है तो इसी परिप्रेक्ष्य में भविष्य में अब सरकार को राजनीति में प्रवेश के लिए भी शिक्षा की अनिवार्यता करवानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी शिक्षित राजनेता किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन हो तो उनको अपने विभाग और क्षेत्र का बेहतरीन अनुभव प्राप्त हो।

इसी सुझाव और निवेदन के साथ सरकार से निवेदन रहेगा कि इस गंभीर विषय पर जरूर कुछ चिंतन मनन और नीतियां बनाई जाएं, ताकि भविष्य में राजनीति में बेहतरीन परिवर्तन देखने को मिलते रहें, तो वहीं भविष्य में एक शिक्षित राजनेता से बहुत से अपेक्षाएं भी देखने को मिलती रहेंगी जैसे कि किसी क्षेत्र में नई योजनाएं, नई नीतियों का निर्माण, बेरोजगारों के लिए विभिन्न के रोजगार के संसाधन उपलब्ध करवाने, निजी क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना, नए-नए उद्योग और आधुनिक यंत्रों का प्रयोग देश व प्रदेश के क्षेत्र में स्थापित करवाना, इत्यादि अनेक परिवर्तन एक शिक्षित राजनेता कर सकता है। इस तरह का विकल्प अगर भविष्य में शिक्षित युवाओं को प्राप्त होता है तो वहीं, अगर सरकार इस गंभीर विषय पर चिंतन करने और भविष्य में सकारात्मक कदम उठाने का प्रयास करती है तो।

# हरदेव से स्वामी कृष्णानंद बन गए थे मंडी के स्वतंत्रता सेनानी

**उन्नीसवीं** शताब्दी के पूर्वार्ध से, देश के साथ सभी पहाड़ी रियासतों में भी अंग्रेजों की शासन व्यवस्था के विरुद्ध व्यापक असंतोष फैल चुका था। अंग्रेजों के खिलाफ क्रांतिकारी गतिविधियां हिमाचल की पहाड़ी रियासतों में भी शुरू हो गई थीं। मंडी के क्रांतिकारियों की सूची में स्वामी कृष्णा नंद, भाई हिरदा राम, रानी खैर गढ़ी, पं. गौरी प्रसाद, किशन चंद फतुरिया, तेज सिंह निधड़क व स्वामी पूर्णा नंद आदि नामों के साथ सैकड़ों नाम गिनाए जा सकते हैं, लेकिन आज जिस क्रांतिकारी की मैं चर्चा करने जा रहा हूं, वह हैं स्वतंत्रा सेनानी स्वामी कृष्णानंद जी।



स्वामी कृष्णानंद का जन्म मंडी शहर में 6 मार्च 1891 में हुआ था। इस होनहार बालक का बचपन का नाम हरदेव था। हरदेव ने कॉलेज छोड़ कांगड़ा की गुरुदत्त डीएवी पाठशाला में अध्यापन कार्य शुरू किया। क्रांतिकारियों से प्रभावित होकर देश हित के लिए क्रांतिकारी कार्यों के बारे में चिंतन करने लगे। जून 1913 को 20 साल की उम्र में एक दिन वह पढ़ाई व पेसा कमाने के लिए अमेरिका जाने वाले जहाज में बैठ गए। एक सितंबर 1913 को सैनफ्रांसिस्को पहुंचने पर द्वितीय श्रेणी के यात्री तो उतर गए, लेकिन इन दोनों डैक वालों को वहां नहीं उतरने दिया, क्योंकि चिकित्सक ने इन्हें अनफिट घोषित कर दिया।

इसके पश्चात हरदेव शांघाई चीन पहुंच गए और एक गुरुद्वारे में ठहर कर रेल विभाग की नौकरी में लग गए। इस दौरान गद्दर पार्टी का साहित्य हरदेव पर पूरी तरह से प्रभावी हो गया। एक दिन उनकी मुलाकात क्रांतिकरी नेता डॉ. मथुरा सिंह से हो गई और फिर दोनों किराये के कमरे में रह कर गद्दर पार्टी का प्रचार प्रसार करने लगे। 1914 अप्रैल



जयंती विशेष

लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
परुथी, समखेतर, मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

1914 में दोनों अपने साथियों सहित शंघाई छोड़ मद्रास पहुंच गए। अंग्रेजों को क्रांतिकारियों की गद्दर पार्टी की योजनाओं की जानकारी हुई तो पुलिस द्वारा कई स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया और फिर 7 मार्च,1915 को मंडी में हरदेव के पास पुलिस पहुंच गई तथा उसके घर की तलाशी लेने लगी, लेकिन हरदेव ने पहले ही गद्दर पार्टी का सारा साहित्य छिपा दिया था। पुलिस ने अपनी आन के लिए भाई परमानंद को पकड़ लिया जो कि अमेरिका से आया था और उसे गद्दर पार्टी का मुख्य कर्ता-धर्ता बताया गया। उसके साथ ही साथ डॉ. मथुरा सिंह व भाई हिरदा राम को भी पकड़ लिया गया, क्योंकि भाई मथुरा सिंह ने हरदेव को अपना एक गुप्त संदेश अर्थात विवाह का आमंत्रण संदेश भेजा था। हरदेव को भगोड़ा घोषित किया जा चुका था।

अपने ऊपर आई मुसीबतों को देख कर हरदेव संन्यास का रास्ता अपनाने को मन बना कर बद्रीनाथ के स्वामी भूमा नंद जी के पास पहुंच गए। स्वामी जी ने हरदेव के संन्यास आश्रम में प्रवेश व मार्ग दर्शन के लिए उसको गीता की पुस्तक देकर,उनका नामकरण हरदेव के स्थान पर कृष्णा नंद कर दिया और फिर भगवां वस्त्र धारण कर स्वामी कृष्णानंद के रूप में हरदेव उत्तर काशी की ओर चल दिए।

हरदेव का स्वामी कृष्णानंद के रूप में दूसरा जीवन था। 1919 ईस्वी को जालियांवाला बाग हत्याकांड की पीड़ा को न सहन करते हुए स्वामी जी ने मीरपुर खास में एक जनसभा में हत्याकांड की भर्त्सना की और उसके साथ ही वे कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस का वार्षिक सत्र कराची में सरदार वल्लभ भाई पटेल की अध्यक्षता में किया गया,जिसमें प्रबंधन कमेटी के सचिव स्वामी जी ही थे। इसी सत्र का फोटो जब हिंदी समाचार पत्रों में छपा और स्वामी जी की माता ने देखा तो उन्होंने अपने बेटे हरदेव को पहचान लिया और सीधी अपने दूसरे बेटे के साथ कराची पहुंच गईं तथा बेटे को मंडी चलने को कहने लगीं। स्वामी जी ने माता से कहा कि जब तक देश स्वतंत्र नहीं हो जाता, तब तक मैं नहीं जा सकता तथा माता को यह भी कह दिया कि मेरी पूर्व जिंदगी का राज किसी से भी न बताया जाए, लेकिन शीघ्र ही जब हंस राज व विष्णु शर्मा स्वामी जी से मिले तो राज छिपा न रह सका। फिर क्या था स्वामी जी व शेष सभी साथियों को गिफ्तार कर लिया गया।

1932 में ही दूसरी गोल मेज बैठक की असफलता के पश्चात जब कांग्रेस के कई नेताओं को गिरफ्तार किया तो उस समय भी स्वामी जी को अढ़ाई साल की सजा सुनाई गई। 16 सितंबर,1974 को स्वामी जी लंबी बीमारी के कारण इस संसार को छोड़ कर दूर चले गए। उस महान व्यक्तित्व व पूण्य आत्मा को मेरा शत-शत नमन।

## अपनी बात

**देवभूमि** के युवा बड़ी तेजी से नशे की चपेट में आ रहे हैं। चिट्टे का नशा युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है। जन सहभागिता से हम नशे पर नकेल कस सकते हैं। दृढ़ इच्छा शक्ति ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रख सकती है। विद्यालयों व महाविद्यालयों में नशा निवारण कमेटियां गठित हैं। काम भी करती हैं। इसके बावजूद युवा पीढ़ी नशे के जंजाल में फंसती जा रही है। सिंथेटिक ड्रग्स का चलन तेजी से बढ़ रहा है। रेव पार्टियां भी नशा परोस रही हैं। अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। हमारी जनसंख्या का बड़ा हिस्सा युवा पीढ़ी का है। यदि युवा ही अपने पथ से विचलित हो जाए, तो देश का क्या होगा। बहुत बार अभिभावकों को धूम्रपान करता देख बच्चे उनका अनुसरण करने लगते हैं और नशे की चपेट में आ जाते हैं। पुलिस प्रशासन को भी विद्यालयों व महाविद्यालयों में नियमित गश्त लगानी होगी। नशा तस्करी पर कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए। नशे का कारोबार करने वालों को भी किसी प्रकार का राजनीतिक संरक्षण न मिले। हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम किसी भी कार्यक्रम में मदिरा का चलन नहीं होने देंगे। इस देवधरा हिमाचल को नशा मुक्त करने में अपना योगदान देंगे तो ही हम आने वाली पीढ़ी को इस नशे की दलदल से बचा सकते हैं।

–सुधीर गुलेरिया,
देहन (पालमपुर)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# किसानों को उपलब्ध करवाएं कृषि क्रेडिट कार्ड की सुविधा

## समीक्षा समिति की बैठक में सहायक आयुक्त पीपी सिंह के बैंक अधिकारियों को निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

सहायक आयुक्त पीपी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समवंय एवं समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिले में विभिन्न बैंकों द्वारा जमा-ऋण अनुपात को और बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वर्षिक ऋण योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 1049.53 करोड़ में से जिले ने दिसंबर माह तक 969.11 करोड़ के लक्ष्य को हासिल किया है जो कि 92.32 प्रतिशत है। उन्होने बैंकों की जमा ऋण अनुपात को और बढ़ाने के लिए विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, हिप्र. सहकारी बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया। सहायक आयुक्त ने जिला प्रबंधक लीड बैंक से शाखा स्तर पर विश्लेषण करने तथा बैंकों के समन्वयकों के साथ मासिक बैठक करने को भी कहा।



जिला स्तरीय बैंकर्स समवंय एवं समीक्षा समिति की बैठक में मौजूद विभिन्न बैंकों के अधिकारी व अन्य।

उन्होंने जिले के सभी किसानों को कृषि क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ विभिन्न योजनाओं की जानकारी को जनसाधारण तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए। पीपी सिंह ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के मुख्य संकेतक में से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग व किसान क्रेडिट कार्ड तथा शिक्षा ऋण की अधिक जागरूकता के लिए कैंप लगाने के लिए सभी बैंकों को निर्देश दिए। बैठक में एजीएम भारतीय रिजर्व बैंक आशीष शर्मा, समस्त बैंक प्रबंधक और जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# 63 हजार 489 कार्यों के सेल्फ अनुमोदित

## जिला परिषद चंबा की विशेष बैठक में किए पारित, वित्त वर्ष 2024-25 में किए जाएंगे काम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला परिषद चंबा की विशेष बैठक मंगलवार को जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की अध्यक्षता में परिषद के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान वार्षिक प्लान के अंतर्गत 1511 करोड़ 73 लाख 61 हजार की राशि के 63 हजार 489 विभिन्न कार्य योजनाओं के सेल्फ का अनुमोदन किया गया।



जिला परिषद चंबा की बैठक में मौजूद अधिकारियों व सदस्यों को संबोधित करती अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी।

इनमें विकास खंड भरमौर के तहत 4119 कार्यों के लिए 70 करोड़ 33 लाख, विकास खंड भटियात के तहत 16711 कार्यों के लिए 435 करोड़ 90 लाख 30 हजार, विकास खंड चंबा के तहत 8878 कार्यों के लिए 184 करोड़ 92 लाख 70 हजार, मैहला विकास खंड के तहत 14088 कार्यों के लिए 239 करोड़ 72 लाख 61 हजार, पांगी विकास खंड के तहत 2071 कार्यों के लिए 74 करोड़ 53 लाख 30 हजार, सलूणी विकास खंड के तहत 5752 कार्यों के लिए 219 करोड़ 78 लाख 80 हजार और विकास खंड तीसा के तहत 11870 कार्यों के लिए 286 करोड़ 52 लाख 90 हजार राशि के सेल्फ को अनुमोदित किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राहुल चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जिला परिषद सदस्यों की मांग पर डॉ. नीलम कुमारी ने वर्तमान में हो रही बारिश और बर्फबारी के चलते क्षतिग्रस्त हुए ग्रामीण विकास योजनाओं के सेल्फ को जिला परिषद सदस्यों से उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि सदस्यों द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली कार्य सूची को मनरेगा सेल्फ का हिस्सा बनाया जाएगा। बैठक में बालिका सभा, महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न मामलों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत अधिकारी एवं सचिव जिला परिषद मनीष कुमार ने स्वागत संबोधन भी रखा। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों के जिला परिषद सदस्य, खंड विकास अधिकारी तथा विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

बैठक में एनिमल बर्थ कंट्रोल के तहत विभिन्न कार्यों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। विभागीय अधिकारी डॉ. चमन ने आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन और स्टेरीलाजेशन को लेकर विभिन्न विभागीय गतिविधियों के बारे में बताया। एनिमल बर्थ कंट्रोल को लेकर अध्यक्ष ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को क्षेत्रवार एक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। भारी बारिश और बर्फबारी से हुए नुकसान का पंचायत स्तर पर प्रारंभिक आकलन करने को लेकर भी कहा गया।

## न्यूज ब्रीफ

### कार-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत

**चुवाड़ी।** भटियात विस क्षेत्र के अधीन सिहुंता -द्रमण मार्ग पर कार-बाइक भिड़त में एक युवक की मौत व एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए पीएचसी सिहुंता भेज दिया। जानकारी अनुसार यह दुर्घटना उस समय घटित हुई जब बाइक संख्या एचपी 90-7615 से अमित व रोहित पेट्रोल भरवा कर द्रमण की ओर जा रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से कार संख्या टी 1223 एचपी 2087 आ रही थी। तभी बाइक सवार व कार चालक दोनों ही अपनी स्पीड पर नियंत्रण न रख पाने के कारण आपस में जा टकराए। जिसमें बाइक सवार अमित कुमार पुत्र राकेश कुमार गांव उपला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथ सवार रोहित कुमार पुत्र रणजीत सिंह गांव नरवाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सिहुंता में प्राथमिक उपचार के बाद उपचार के लिए टीएमसी कांगड़ा रेफर कर दिया गया। वहीं कार सवार अनिल कुमार को आंशिक चोटें आई हैं। जिसे उपचार पश्चात घर भेज दिया। वहीं मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी चुवाड़ी रमन चौधरी ने बताया कि कार-बाइक दुर्घटना में मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। जिसमें बाइक सवार की लापरवाही सामने आई है। वहीं हादसे में मारे गए युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।



सिहुंता-द्रमण मार्ग पर कार-बाइक में हुई भिड़ंत।

### कल तक बहाल हो जाएगा तीसा मार्ग

**तीसा।** चंबा-तीसा मुख्य मार्ग रखालू के पास आगामी दो दिनों तक बड़े वाहनों के लिए बहाल हो सकता है। लोक निर्माण विभाग ने लक्ष्य के तहत बुधवार देर शाम तक किसी भी सूरत में 12 मीटर सड़क के स्थान पर डंगा लगने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए विभागीय टीम और मशीनरी युद्धस्तर पर कार्य में जुटी हुई हैं। मार्ग बड़े वाहनों के लिए खुलने से बसों की अदला-बदली कर जिला मुख्यालय और भंजराडू का रुख करने वाले लोगों को भी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि चंबा-तीसा मुख्य मार्ग रखालू मंदिर के समीप 12 मीटर सड़क का हिस्सा 20 फरवरी की सुबह करीब 9:30 बजे भारी भूस्खलन से बंद पड़ गया। मार्ग बंद हो जाने पर चंबा और भंजराडू की ओर से छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची विभागीय मशीनरी और लेबर ने प्राथमिकता के आधार पर अस्थायी डंगा लगवाकर 21 फरवरी को मार्ग बड़े वाहनों के लिए सुचारु करवाया जबकि, पहाड़ी पर कंकरीट का डंगा लगाने का कार्य अगले ही दिन से आरंभ करवा दिया। ऐसे में बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश के दौरान एक बार फिर से काम पर ब्रेक लग गया। विभागीय अधिकारी ने साफ किया है कि बुधवार देर शाम तक किसी भी सूरत में डंगे का कार्य पूरा करवाकर वीरवार से मार्ग बड़े वाहनों के लिए बहाल करवाकर लोगों को राहत प्रदान करवाई जाएगी। लोक निर्माण विभाग तीसा के अधिशाषी अभियंता जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि विभाग रखालू माता मंदिर के पास कंकरीट का डंगा लगवा रहा है। बुधवार देर शाम तक काम पूरा होने पर वीरवार से बड़े वाहनों के लिए मार्ग बहाल करवाने की योजना है।

### चुवाड़ी में चिकित्सा शिविर आज

**चंबा।** भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के स्वास्थ्य चेकअप के लिए छह मार्च को सैनिक विश्राम गृह चुवाड़ी में और 12 मार्च को खैरी में चिकित्सा शिविर स्टेशन हेडक्वाटर ईसीएचएस द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कर्नल एस काने, डॉ. वाईडी शर्मा, लाभ सिंह, सुदर्शन कुमार, जोगिंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सेवानिवृत्त कैप्टन अनुमेहा पराशर उपनिदेशक सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा ने दी। उन्होंने बताया कि जिन्होंने खून व शुगर की जांच करवानी है वे खाली पेट आएं। उन्होंने समस्त भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों से आग्रह है कि वे सभी उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर में अपना चेकअप करवाकर दवाइयां ले सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सैनिक विश्राम गृह चंबा में पांच व छह मार्च को भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों के लिए कैंटीन की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# डीसी ऑफिस में गरजी विद्यार्थी परिषद

## पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंबा इकाई द्वारा पश्चिम बंगाल में हुए संदेशखाली महिलाओं के साथ अत्याचार के खिलाफ उपायुक्त चंबा कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष भवानी ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2011 से पश्चिम बंगाल में टीएमसी का राज है। जब से टीएमसी की सरकार सत्ता में आई है, तब से प्रदेश में महिलाओं के साथ आए दिन बलात्कार और यौन शोषण की घटनाएं हो रही हैं। महिलाओं पर अत्याचार करने वाले पश्चिम बंगाल के ही सत्ताहीन पार्टी के नेता है।



चंबा में उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

टीएमसी के नेता सर्वे के नाम पर आए दिन घर में जाकर यह देखते हैं कि कौन सी महिला सुंदर है और रात को उसी महिला को पार्टी ऑफिस में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। महिलाओं ने आरोप लगाए हैं कि सरकार की शरण में पनपे इन गुंडो ने बहुत अत्याचार किए हैं। पुलिस भी इन गुंडो के कहने पर चलती है।

इसकी शिकायत तक दर्ज नहीं की जाती। विद्यार्थी परिषद ने सरकार से पश्चिम बंगाल की महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने और अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें सजा दिलवाने की मांग की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई चंबा ने केंद्र सरकार से यह अपील की है कि वहां पर रहने वाली महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि आने वाले समय में ऐसी घटनाएं बढ़ने के मुकाबले कम हो और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। इस मौके पर एबीवीपी चंबा इकाई पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# छतराड़ी में खुलेगी राज्य सहकारी बैंक की शाखा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

- सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया व अध्यक्ष हिप्र राज्य सहकारी बैंक देवेंद्र श्याम की उपस्थिति में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की छतराड़ी शाखा का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से शिमला से करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिमला से वर्चुअल माध्यम से पूरे प्रदेश में 22 नई शाखाओं का उद्घाटन करेंगे।

गौरतलब है कि छतराड़ी में बैंक की मांग पिछले 70 वर्षों से चली आ रही थी। यहां पर बैंक की शाखा खोलने के लिए लोगों ने कई बार सरकार को अवगत करवाया लेकिन मांग सिरे नहीं चढ़ पाई। कांग्रेस सरकार बनने के बाद जिला परिषद सदस्य ललित ठाकुर ने बैंक के निदेशक बनने के बाद इस मांग को प्राथमिकता के साथ बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में उठाया और मामला सरकार तक गया। जिसको मुख्यमंत्री ने पूरा किया है। मांग को पूरा करने के लिए यहां के लोगों ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक ललित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। लिहाजा बुधवार को 11 बजे यहां पर शाखा का उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे। इस दौरान यहां पर राज्य सहकारी बैंक के निदेशक ललित ठाकुर सहित प्रशासन के आलाधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। ललित ठाकुर ने कहा है कि यहां के लोगों की यह वर्षों पुरानी मांग थी। जिसको उन्होंने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग में प्राथमिकता के आधार पर रखा और मामला प्रदेश सरकार को भेजा। उन्होंने खुशी जताई है कि मुख्यमंत्री ने यहां पर बैंक की शाखा स्वीकृत की।

# धार्मिक प्रतिनिधियों को टीबी के बारे में दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, चंबा**

टीबी जन भागीदारी अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में धार्मिक प्रतिनिधियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टीबी चंबा डॉ. हरित पूरी ने धार्मिक प्रतिनिधियों को जिले में चल रहे टीबी कार्यक्रम की जानकरी दी। उन्होंने बताया की टीबी हारेगा और देश जागेगा मुहिम के चलते 25 फरवरी से 12 मार्च 2024 तक टीबी में जन भागीदारी अभियान चलाया गया है। जिस के तहत जन जन को टीबी बीमारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया किस तरह हर धार्मिक प्रतिनिधि जन जन में जाकर टीबी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान टीबी बीमारी और लक्षणों और बचाव ओर किस तरह कम किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सरकार की निक्षय पोषण योजना के बारे में भी बताया। इस मौके पर डॉ. रोहित नड्डा जिला कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. सुरेश कुमार, हेमराज शर्मा, पुजारी, गोविंद कुमार, पुजारी लक्ष्मी नारायण मंदिर चंबा पंडित बृज भूषण, मौलवी अब्दुल बसीर, रहमान मलिक, सरदार रतन सिंह प्रबंधक गुरुद्वारा सभा चंबा व शमशेर मसीह गिरजाघर चंबा अनुयायी मौजूद रहे।

# 410 ग्राम चरस सहित व्यक्ति गिरफ्तार किया

**चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस दल चंबा द्वारा चंबा-पठानकोट एनएच 154 ए पर स्थित डायट गांव सरू में गश्त के दौरान एक 54 वर्षीय व्यक्ति को 410 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। बता दें जिस दौरान पुलिस वाहन गश्त पर था तो रेन शेल्टर सरू में एक व्यक्ति को बैठे देखा जो पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और मुंह पीछे करके छिपने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तुरंत उसे काबू कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से कुल 410 ग्राम चरस बरामद की गई पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पुलिस थाना सदर में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान 54 वर्षीय मंसा राम पुत्र गोरख राम निवासी गांव अग्गार उपतहसील धरवाला जिला चंबा के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने की है।

## घरने पर डटे खफा पार्षदों ने नगर परिषद पर लगाया आरोप

# सफाई कर्मियों की भर्ती में की धांधली

**एमएम डैनियल, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे खफा पार्षदों और नप हाऊस अध्यक्ष उपाध्यक्ष में विकास कार्यों के आवंटन में भेदभाव की जंग जहां 16वें दिन में प्रवेश कर गई, वहीं खफा पार्षदों ने नगर परिषद चंबा हाऊस पर संगीन आरोप लगाते हुए उपायुक्त चंबा से जांच करने की मांग उठाई है।

धरने पर बैठे खफा पार्षदों की ओर से मनोनीत पार्षद भावना गुलाटी ने कहा कि नप अध्यक्ष के कहने पर पार्षदों की बैठक उनके साथ करवाई। जिसमें पहले दिन लग रहा था कि शायद पार्षदों की मांगों को पूरा किया जाएगा और अध्यक्ष ने हमें आश्वासन दिया कि उठाई गई मांगे जायज हैं व उस पर हम विचार करेंगे, लेकिन अगले दिन अध्यक्ष के तेवर बदले नजर आएं और गत रोज के तमाम बातों एवं मांगों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती में धांधली सरेआम की जा रही है। कार्य क्षेत्र में सफाई कर्मी कम और फाइलों में अधिक है। जबकि वार्डों में सफाई कर्मी पूर्ण नहीं हो रहे है।



नगर परिषद के खिलाफ 16वें दिन धरने पर डटे पार्षद।

उन्होंने उपायुक्त चंबा से गुहार लगाई कि किसी कार्य दिवस में समस्त सफाई कर्मचारियों, सुपरवाइजर को आधार कार्ड सहित हाजिर किया जाएं। जिसमें एक पल में नगर परिषद चंबा द्वारा सफाई कर्मचारियों के नाम मचाई जा धांधली उजागर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्डों में 16-16 कर्मी नियुक्त हैं लेकिन हकीकत में नहीं है। उन्होंने कहा कि धरने पर बैठे किसी पार्षद का कोई स्वार्थ न ही किसी के व्यक्तिगत रोष है। उन्होंने कहा कि हमारी एक ही मांग है कि सभी 11 वार्डों का एक सामान विकास हो। इस मौके पर वार्ड चौगान पार्षद खालिद मिर्जा, हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू राणा, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, मनोनित पार्षद जीवन सलारिया व उनके समर्थक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# तीसरा दिन: होली-भरमौर के लिए नहीं दौड़े बड़े वाहन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

- लोगों को मंजिल तक पहुंचने के लिए लेना पड़ा छोटी गाड़ियों का सहारा

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे तीसरे दिन भी बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए नहीं खुल पाया है। जगह-जगह हो रहे भारी लैंडस्लाइड वह जमीन धंसने के कारण विभाग के कड़े प्रयासों के बाद भी तीसरे दिन पठानकोट भरमौर नेशनल हाई-वे पर बड़ी गाड़ियां नहीं दौड़ पाई। लिहाजा सोमवार के दिन भी लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा वह उन्हें छोटी गाड़ियों का सहारा लेना पड़ा।

गौरतलब है कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण जगह-जगह लैंडस्लाइड हुआ है। जिसके कारण कई जगह सड़क का नामोनिशान ही मिट गया है। हालांकि विभाग जगह-जगह मशीनरी भेजकर सड़क को बहाल करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन जमीन में पानी अधिक होने के कारण अभी तक भी जमीन का धंसना और लैंडस्लाइड जारी है। सोमवार के दिन भी होली व भरमौर के लिए बड़े वाहन नहीं दौड़ पाए।

हालांकि अभी भी यह सड़क छोटे वाहनों के लिए भी काफी खतरनाक है जगह-जगह सड़क तंग होने के कारण व कीचड़ अधिक होने के कारण इस सड़क मार्ग पर की जगह फिसलन का भी बहुत खतरा है। लिहाजा अभी तक यह मार्ग छोटे वाहनों के लिए भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। इस बारे में कनिष्ठ अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग अशोक कुमार ने कहा है कि विभाग पूरी तरह से रोड को बहाल करने के लिए जुटा हुआ है। जल्द बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए रोड खुल जाएगा।

**समस्या** 10 दिन के बाद ही हुई बंद, लोगों को हो रही परेशानी

# बालू पुल पर लगी लाइटें बनी शोपीस

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव बालू में नए निर्मित बालू पुल के दोनों तरफ लगी स्ट्रीट लाइटें शोपीस मात्र है। स्थानीय लोगों की माने तो जब से यह पल निर्मित हुआ है तब ये लाइटें कुछ रोज जगमग तो जरूर हुई परंतु 10 दिन के बाद ही ये बंद हो गई जो आज तक बंद ही हैं। लोगों ने बताया कि कई बार कुछ शरारती कार चालक रात के अंधेरे में अपनी गाड़ियां पुल के बीचो-बीच खड़ी कर जोर-जोर से म्यूजिक सिस्टम ऑन कर हुड़दंगबाजी करते हैं।

इस बारे में कई बार स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन को भी शिकायत की परंतु आज तक इस पर न कोई कार्रवाई की गई और न ही ये लाइटें ठीक हो पाई हैं। यदि पुल के दोनों ओर लगी स्ट्रीट लाइटें जलती तो शायद शरारती तत्व यहां हुडदंग मचाने से पहले सौ बार जरूर सोचते। बताते चलें की एनएच 154 ए को तीसा-साहो मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला यह पुल अपने आप में ही अहमियत रखता है। यदि इसके दोनों और लाइटें जगमगाएंगी तो चंबा शहर की खूबसूरती में चार चांद लगेंगे। बालू एवं परेल पंचायत के प्रधानों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस पुल के दोनों और बंद पड़ी लाइटों को चालू किया जाए ताकि स्थानीय ग्रामवासियों को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)



बालू पुल में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें।

### मीटर न लगने से पैदा हुई दिक्कत



बिजली बोर्ड उपमंडल चंबा के सहायक अभियंता ई. अजय कुमार का कहना है कि बालू पुल पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने का मुख्य कारण विद्युत सप्लाई मीटर न लग पाना है। पंचायत सरोल द्वारा इस दिशा में मीटर लगाने की औपचारिकता पूर्ण नहीं की जा रही हैं और न ही अन्य कोई विभाग दायित्व ले रहा है। जिसके चलते पुल की लाइटें बंद पड़ी हुई हैं।

# कुठेड़ स्कूल में समारोह होनहारों को बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- छात्रों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़-प्रथम में चौथा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह और पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश, सेवानिवृत्त वन अधिकारी तरवीज सिंह और सेना से सेवानिवृत्त उत्तम शर्मा ने बच्चों को इनाम वितरित किए।

इस अवसर पर सत्यम शिवम सुंदरम संस्था के सदस्य नितिन और अनिकेत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी, केजी से लेकर पांचवीं तक के बच्चों ने पहाड़ी और पंजाबी गीतों में शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान मौजूद लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को खूब लुत्फ उठाया। मुख्य अध्यापक नवनीत कुमार और शिक्षक आशीष बहल व वंदना देवी ने अतिथियों का स्मृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया। केंद्रीय मुख्य शिक्षक अरविंद शर्मा और स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सोनी देवी ने सभी अभिभावकों का आभार जताया। प्रथम कक्षा में साक्षी, आरुषि, प्रिया क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। दूसरी कक्षा में शिवांशी, नव्या, आदरिजा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही।

तीसरी कक्षा में मिशा, शिवन्या, पीयूष, क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। चौथी कक्षा में वसवी, अनन्या, अनन्या कुमारी, क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। पांचवीं कक्षा में परिधि, कपिल और सुनाक्षी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# आनी अस्पताल में 69 पद खाली, ईसीजी मशीन खराब; मरीज परेशान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

सिविल अस्पताल आनी में आज भी व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो पाई है।आनी सहित साथ लगते मंडी और शिमला जिला की करीब 50 से ज्यादा दुर्गम पंचायतों के स्वास्थ्य केंद्र सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के 2 पदों सहित कुल 67 विभिन्न महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हैं।

जबकि अस्पताल की ईसीजी मशीन भी खराब पड़ी है, जिसके बिना मरीज को निजी प्रयोगशालाओं में जाकर महंगे दामों पर टेस्ट करवाना पड़ता है, जो आनी जैसे ग्रामीण, दुर्गम क्षेत्रों की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होता नजर आता है।

### अस्पताल में डॉक्टर होना बेहद जरूरी : चौहान

**आनी** में डेढ़ दशक से सामाजिक सुधार और आरटीआई पर कार्य कर रही सचेत संस्था के अध्यक्ष डोला सिंह चौहान, प्रबंध निदेशक जितेंद्र गुप्ता सहित संस्था के सभी सदस्यों का कहना है कि आनी के इस अस्पताल में हर दिन 200 से ज्यादा मरीज ओपीडी में चेक करवाते हैं, जबकि सुविधाओं के अभाव में भी हर दिन करीब 15 मरीज दाखिल रहते हैं। ऐसे में आनी के इस सिविल अस्पताल में मेडिसीन के डॉक्टर, बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ के अलावा एनेस्थीसिया का डॉक्टर होना बेहद जरूरी है। क्योंकि क्षेत्र के अधिकांश मरीज इनके अभाव में या तो नजदीकी निजी क्लीनिकों में या फिर यहां से 55 किलोमीटर दूर रामपुर या 120 किलोमीटर दूर शिमला, कुल्लू के अस्पतालों में जाकर इलाज करवाने को मजबूर हैं।

### विधायक लोकेंद्र ने कहा-जल्द पद न भरे तो खोलेंगे मोर्चा

"हमने अस्पताल के रिक्त पदों सहित खराब ईसीजी मशीन की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।
-डॉ. भागवत मेहता, बीएमओ आनी।"

अनंत ज्ञान स्पेशल

### ये पद हैं खाली

| | |
|---|---|
| -डॉक्टर : | 2 |
| -फीमेल हेल्थ वर्कर : | 14 |
| -मेल हेल्थ वर्कर : | 22 |
| -स्टाफ नर्स : | 8 |
| -रेडियोग्राफर : | 1 |
| -ओ टी असिस्टेंट : | 2 |
| -सीनियर लैब टेक्नीशियन : | 2 |
| -मैट्रन : | 1 |
| -मेल हेल्थ सुपरवाइजर : | 3 |
| -जूनियर असिस्टेंट : | 2 |
| -कुक, स्वीपर : | 3 |
| -कंप्यूटर ऑपरेटर : | 1 |

### चिकित्सकों के पदों को भरना जरूरी : लोकेंद्र

**आनी** के विधायक लोकेंद्र कुमार ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार पर आनी विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आनी विधायनसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य संस्थानों के दर्जनों रिक्त पदों पर हाल ही में विधानसभा बजट सत्र के दौरान प्रश्न पूछा भी था, लेकिन सरकार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया।

उन्होंने प्रदेश सरकार को चेताया है कि यदि समय रहते आनी के सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों के रिक्त पदों को भरा नहीं गया तो वे मोर्चा खोल देंगे।

# बंजार के अंबेडकर भवन की हालत खस्ता

**अनंत ज्ञान, बंजार**

भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम पर जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर अंबेडकर भवन का निर्माण किया गया है।

इस भवन में हर साल कई राजनीतिक, सामाजिक और अन्य गैर सरकारी संगठनों के कार्यक्रम एवं सभाओं का आयोजन होता रहता है, लेकिन देखभाल एवं उचित रखरखाव के अभाव में आज यह भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

बंजार में कला केन्द्र के साथ सरकार द्वारा वर्षों पूर्व बनाया गया यह अंबेडकर भवन अनदेखी का शिकार हो रहा है। भवन की दुर्दशा इतनी भयावह है कि



बंजार में बना अंबेडकर भवन जोकि खस्ताहाल है।

यहां पर चारों ओर आवारा पशुओं का साम्राज्य फैला हुआ है। गोबर और गंदगी के ढेर की बदबू से सांस लेना भी दूभर हो रहा है।

इस पेड़ के गिरने से भवन की छत भी कोने से क्षतिग्रस्त हो गई है। लोगों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि समय रहते इस भवन की दुर्दशा को सुधारा जाए ताकि परेशानियों का सामना न करना पड़े। लोगों का कहना है कि इस भवन की छत पर गिरे हुए पेड़ को तुरन्त हटा देना चाहिए और इसके चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण हो।

### मुद्दे को जिलाधीश के समक्ष उठाया जाएगा : डीणे राम

**हिमाचल प्रदेश** कोली समाज जिला कुल्लू के अध्यक्ष डीणे राम आनन्द ने कहा है शीघ्र ही इस मुद्दे को जिलाधीश कुल्लू के समक्ष उठाया जाएगा ताकि इस भवन का उचित रखरखाव और सौंदर्यकर्ण हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### लुहरी परियोजना के खिलाफ होगा प्रदर्शन

**आनी ।** जिला कुल्लू के आनी किसान सभा जिला महासचिव देवकी नंद ने बताया कि किसान सभा उपतहसील कार्यालय निथर के बाहर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा की सतलुज नदी पर निर्माणाधीन एसजेवीएनएल की 210 मेगावाट विद्युत परियोजना के प्रभावित लोगों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसान सभा का कहना है कि परियोजना प्रबंधन आश्वासनों के बाद भी प्रभावित और किसानों से किए गए वायदे पूरे नहीं कर पा रहा है। परियोजना प्रभावितों की मांगों को लेकर छह मार्च को उपतहसील नित्थर कार्यालय के बाहर किसान सभा परियोजना प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलेगी। किसान सभा ने चेताया है कि प्रभावितों की मांगें पूरी न होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

### पेंशन की घोषणा कर रचा इतिहास : विद्या

**मनाली ।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक विद्या नेगी ने कहा कि हिमाचल की सुखविंद्र सिंह सरकार ने महिलाओं के लिए 1500-1500 पेंशन की घोषणा कर नया इतिहास रचा है। हिमाचल सरकार ने चुनाव में जनता से पांचवीं गारंटी पूरा करने की ओर कदम बढ़ाया है। केंद्र की मोदी सरकार भी जनता से किए 15-15 लाख रुपए देने का अपना वादा पूरा करें। विद्या मनाली में संबोधित कर रही थी। कांग्रेस दशकों से महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने आपदा में लोगों को राहत प्रदान करने के लिए अहम कदम उठाए। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष आलमी ठाकुर, पार्षद सुनीता ठाकुर, इंदिरा, दीपिका मौजूद रही।

### स्टूडेंट्स को करियर संबंधी किया जागरूक



**मनाली।** सिस्सू में 10 मार्च को स्नो मैराथन में भाग लेने पहुंच रहे भारतीय सैन्य कर्मियों का आगमन शुरू हो गया है। मनाली पहुंचे 13 इंडियन नेवी के सेलर्स (नाविकों) ने स्नो मैराथन के आउटरीच प्रोग्राम के दौरान शहर का दौरा किया। इस दौरान इन सेलर्स ने डे स्टार स्कूल के 60 स्टूडेंट्स के लिए इंडियन नेवी में व्याप्त करियर संभावनाओं पर एक जागरूकता सत्र को संबोधित किया। इंडियन नेवी के टीम लीडर कमांडर दिनेश बाली ने अपने कार्यक्षेत्र के अनुभव सांझा किए।

# जल व जंगल को बचाना जरूरी : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि यदि हमें हिमालय बचाना है तो इसके लिए जल व जंगल को बचाना होगा, तभी हिमालय और पर्यावरण बचेगा। कुल्लू स्थित गोविंद वल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र प्रक्रियाएं एवं आजीविका, विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिमाचल ने गत वर्ष प्राकृतिक आपदा का जो आघात झेला है वह अकल्पनीय है।

समूचे हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरण के दृष्टिगत इस संस्थान की अहम भूमिका है। इसके अलावा, वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ाने, एकीकृत प्रबंधन रणनीतियों को विकसित करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए यह संस्थान काम कर रहा है।

अनुसंधान व विकास कार्यक्रमों में प्राकृतिक व सामाजिक विज्ञानों को जोड़ने का कार्य चल रहा है। इस दौरान प्रो. ललित अवस्थी, प्रो. आरती कश्यप, क्षेत्रीय प्रमुख राकेश कुमार, डॉ. वसुधा अग्निहोत्री, सचिव राज्यपाल राजेश शर्मा, उपायुक्त तोरुल एस. रवीश, पुलिस अधीक्षक डॉ. गोकुल चंद्र व अन्य उपस्थित थे।



जीबी पंत संस्थान के अतिथि गृह व सभागार का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल।

### नदियों में शोध सुझाव

**मुख्य** संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने अपने विचार रखे तथा संस्थान को प्रदेश की नदियों विशेषकर ब्यास व पार्वती नदियों पर शोध करने का सुझाव दिया, ताकि इन नदियों से बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए पग उठाये जा सकें।



राज्यपाल को सम्मानित करते हुए निदेशक।

### भगवान रघुनाथ जी के किए दर्शन

**राज्यपाल** ने भुंतर स्थित महिला एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। राज्यपाल ने इस दौरान केंद्र द्वारा रोगियों को दी जा रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात, राज्यपाल शाढ़ाबाई स्थित मॉनेस्ट्री व कुल्लू के रघुनाथ मंदिर भी गए और पूजा-अर्चना की।

राज्यपाल ने सरवरी स्थित चंद्रआभा मेमोरियल स्कूल फॉर ब्लाइंड में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों से सवांद किया। उन्होंने आवासीय स्कूल द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों को दी जा रही अन्य सुविधाओं की भी जानकारी हासिल की।

### शोध पर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजें

राज्यपाल ने इस अवसर पर आयोजकों को इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दिए शोध वक्तव्यों पर रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश व केंद्र सरकार को भेजने को कहा ताकि यहां से निकले निष्कर्षों पर विचार पहल की जा सके।

### संस्थान के अतिथि गृह व सभागार का किया उद्घाटन

**राज्यपाल** ने संस्थान के दो प्रकाशनों का विमोचन किया। इससे पहले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने संस्थान के अतिथि गृह व सभागार का उद्घाटन किया। गोविंद वल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान अल्मोड़ा के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।



राज्यपाल दो प्रकाशनों का विमोचन करते हुए।

# क्षतिग्रस्त सड़क पर नहीं लग पाया डंगा, लोगों में रोष

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल से लेकर धरोहर गांव नग्गर को जोड़ने वाली सड़क पर लगभग 10 मीटर के हिस्से में आधी सड़क क्षतिग्रस्त हो कर गिर चुकी है ओर ऐसे में 6 महीने गुजर जाने के बावजूद भी इस जगह पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई भी मुरम्मत का कार्य नहीं किया गया है ,जिसकी वजह से लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

गौरतलब है कि सड़क के इस हिस्से में जगह की कमी की वजह से सड़क काफी तंग है उस पर बरसात की वजह से यहां सड़क का काफी हिस्सा धंसकर गिर चुका है, जिसकी वजह से यहां हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

हालांकि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस जगह पर पत्थरों की एक लाइन लगाकर खानापूर्ति कर ली गई है। लंबा समय बीत जाने के बावजूद भी लोक निर्माण विभाग सड़क के इस हिस्से की मुरम्मत न करके केवल मूकदर्शक बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले विभाग के एक ठेकेदार ने डंगे का काम शुरू किया था लेकिन उसने भी इस कार्य को मंझधार में ही छोड़ दिया गया और उसके बाद से न तो ठेकेदार और न ही विभाग इस सड़क की खैर खबर ले रहे हैं ओर अभी हालात जस के तस है।

लोगों का कहना है कि विभाग का इस कार्य के प्रति बेपरवाह होना समझ से परे है। (अनंत ज्ञान)

### विभाग को हादसे का इंतजार



क्षतिग्रस्त सड़क का दृश्य।

"उपरोक्त सड़क की मुरम्मत का काम एक ठेकेदार को सौंपा गया था लेकिन बहुत समय बीत जाने पर भी उपरोक्त ठेकेदार काम नहीं कर रहा है। अत: विभाग द्वारा शीघ्र ही इस डंगे का काम अन्य ठेकेदार को सौंपा जाएगा ताकि काम समय पर पूरा हो सके।
**-केडी कश्यप, लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता।**"

### चरस सहित हरियाणा का व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू।** पुलिस चरस तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने बताया कि पुलिस ने महावीर (56 वर्ष) पुत्र माहा सिंह निवासी गांव व डाकघर शामरी तहसील गोहाना जिला सोनीपत (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया है। व्यक्ति के पास से 1 किलो 140 किलोग्राम चरस बरामद की है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के खिलाफ के मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे तीन दिनों के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

# लाहौल घाटी में चार जगह हुआ हिमस्खलन

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल घाटी में जहां मंगलवार को बादल छाए रहे वहीं, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रों में बर्फ के फाहे गिरने का दौर शुरू हो गया। सड़कों, बिजली बहाली के कार्य युद्धस्तर पर जारी है। लाहौल -स्पीति का जिला मुख्यालय केलांग मनाली से आने वाले दो दिनों में जुड़ जाएगा। बीआरओ ने मनाली की ओर से अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल तक सड़क बहाल कर ली है।

उधर, सोलंगनाला से अटल टनल तक पांच जगह हिमस्खलन हुआ है लेकिन बीआरओ की योजक परियोजना ने युद्धस्तर पर काम करते हुए अटल टनल तक सड़क बहाल कर दी है। मंगलवार को लाहुल की ओर नार्थ पोर्टल, पागल नाला, गोंपा थंग, तांदी पेट्रोल पंप के पास भारी हिमस्खलन हुआ है।

बीआरओ योजक परियोजना के चीफ इंजीनियर कर्नल विकास गुलिया ने बताया कि हिमस्खलन का खतरा बढ़ा है। गोहरमा पंचायत में एक बुजुर्ग के गिर कर घायल हो गया है। जिसे उचित उपचार की जरूरत है, ऐसे में हेलीकॉप्टर के माध्यम से उसे रेस्क्यू करने की मांग की है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि सड़क बहाल होते ही आवाजाही की अनुमति दे दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### चोटियों पर बर्फबारी शुरू



अटल टनल के साउथ पोर्टल में स्नो गैलरी में भारी बर्फ।

### हिमस्खलन ने बढ़ाई बीआरओ की दिक्कत, बहाली युद्धस्तर पर जारी

### हिमस्खलन वाले क्षेत्रों की ओर न जाएं : एसपी

**पुलिस** अधीक्षक जिला लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने घाटी के लोगों से आग्रह किया कि हालात सामान्य होने तक हिमस्खलन वाले क्षेत्रों में न जाने का आग्रह किया है।

एसपी ने सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस चौकी प्रभारी को हिमपात व हमस्खलन के संबंध में अलर्ट मोड में रहने की हिदायत दी।

# एरियर नोटिफिकेशन का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन मनाली एवं कटराईं खंड की बैठक प्रधान ओम प्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू के प्रधान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सेस राम ठाकुर, प्रेस सचिव दिले राम ठाकुर और जिला लाहौल-स्पीति के प्रधान राम नाथ, महामंत्री शमशेर बौद्ध, मनाली एवं कटराईं खंड के प्रधान ओम प्रकाश शास्त्री, महासचिव मेहर चंद ने बताया कि सरकार द्वारा कर्मचारियों और पेंशनरों को 1 मार्च, 2016 से संशोधित वेतनमानों के एरियर को देने के लिए जारी अधिसूचना का विरोध किया है।

यह अधिसूचना राज्य के सभी पेंशनरों के साथ भेदभावपूर्ण और अन्यायपूर्ण कार्य है।

उक्त जारी नोटिफिकेशन के हिसाब से पेंशनरों को अपना पूरा एरियर लेने के लिए 45 से 50 साल का समय लगेगा।

इस दौरान राज्य उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सेस राम ठाकुर, जिला प्रेस एवं सह सचिव दिले राम ठाकुर मनाली खंड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर सिंह, महासचिव मेहर चंद, वित्त सचिव जोगिंद्र राणा, जिला सह सचिव पवन भल्ला, सोनम राम, लुदर चंद ठाकुर, प्रेम चंद वर्मा, टेक चंद, मोती राम ठाकुर व आदि उपस्थित रहे।



मनाली एवं कटराईं खंड की बैठक में भाग लेते हुए पेंशनर्ज।

### बर्फबारी की सफेद चादर



लाहौल घाटी के ग्रामीण मोहन लाल, दोरजे व सोमदेव ने बताया कि ठोलंग व लौट के सामने पहाड़ी से भारी हिमस्खलन हुआ जिससे कुछ देर के लिए नदी का बहाव रुक गया। ग्रामीण रणवीर व राहुल ने बताया कि थिरोट से तिन्दी तक हिमस्खलन हुए लेकिन कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। लाहुल स्पीति के अधिकतर क्षेत्रों में बिजली व पानी आपूर्ति प्रभावित है।

# नाट्य महोत्सव में 'चिट्टा सिंह नाटक' का मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

'कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव' की चौथी संध्या समूह थिएटर जम्मू के कलाकारों ने हास्य नाटक 'चिट्टा सिंह' रविंद्र शर्मा के निर्देशन में प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

कुल्लू की स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के सहयोग से भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में कलाकेन्द्र कुल्लू में आयोजित किए जा रहे नौ दिवसीय इस नाटक में कलाकारों का जीवन्त अभिनय देख दर्शक लोट पोट हो गए।

नाटक में रविन्द्र शर्मा, संदीप, रोहित, जहाणवी राधिका, अजय और विनय आदि कलाकारों ने बेहतर अभिनय किया। संध्या में डॉ सन्जू पॉल ने बतौर मुख्य अतिथि तथा डॉ राजेन्द्र पॉल ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



जम्मू के कलाकार चिट्टा सिंह नाटक का मंचन करते हुए।

# महिलाओं पर अत्याचारों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरिपुर इकाई द्वारा पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार के खिलाफ एवीबीपी हरिपुर इकाई द्वारा प्रदर्शन किया गया।

हरिपुर इकाई अध्यक्ष सारांश ने बताया धरना प्रदर्शन लगभग 1 घंटे तक चला। प्रदर्शन के पश्चात इकाई हरिपुर ने उप प्राचार्य के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा गया।

ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की मांग की गई।

उन्होंने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही समाज हित छात्र हित और राष्ट्रीय हित के लिए कार्य करता आ रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगे भी इसी तरीके से समाज राष्ट्र और छात्रों के लिए कार्य करेगा।



उपप्राचार्य के माध्यम से केंद्र को ज्ञापन भेजते हुए।

### भुंतर में करंट लगने से व्यक्ति झुलसा

**भुंतर।** भुंतर स्थित परगानु गांव में एक व्यक्ति की करंट लगने से झुलसने की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद हालांकि व्यक्ति को अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे नेरचौक मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार परगानु में एक मकान के लेंटर का काम करते यह मजदूर व्यक्ति बिजली की तारों की चपेट में आ गया। व्यक्ति लोक सिंह उम्र 42 वर्ष पुत्र आलम चंद गांव बाहण (बालीचौकी) डाकघर सोमनाचनी जिला मंडी का रहने वाला है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

**समस्या** कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में सभी चिकित्सक लेंगे रक्तदान शिविर में हिस्सा

# सात मार्च को जिले के सभी चिकित्सक होंगे सामूहिक अवकाश पर

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में आगामी 7 मार्च को सभी चिकित्सक एक रक्तदान शिविर का हिस्सा बनेंगे और अपनी मांगों के पूरा न होने की सूरत में विरोध स्वरूप सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रहेंगे।

क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सत्यव्रत वेद ने बताया कि कलमछोड़ हड़ताल अब भी जारी है और 15 दिनों से हड़ताल पर बैठे चिकित्सकों को कोई संकेत प्रदेश सरकार की तरफ से नही पाया है जो बेहद दुखद है।

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा संघ के निर्देशानुसार अब 7 मार्च को विरोध स्वरूप सभी चिकित्सक आकस्मिक अवकाश यानी कैजुअल लीव पर रहेंगे, इस दौरान अस्पताल में किसी भी तरह की एमरजेंसी होने की सूरत में चिकित्सक सेवाएं जारी रखेंगे।

मंगलवार को हड़ताल के 15वें दिन भी जिला के सभी चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे रहे और अढ़ाई घंटे की कलम छोड़ हड़ताल को जारी रखा। कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में सुबह से ही सैंकड़ों लोग पर्ची बनवाने के लिए कतार में लग रहे हैं और ओपीडी में नम्बर लगने तक समय किसी किसी मरीज के लिए 3 से 4 घंटे तक का हो जाता है जो मरीजों के लिए पीड़ादायक है। जिले में इस वक्त ढालपुर कुल्लू में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल सहित 5 नागरिक अस्पताल, 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 26 प्राथमिक अस्पताल रहे हैं जहां पर सेवारत चिकित्सकों ने मुख्य 5 मांगों को लेकर कलमछोड़ हड़ताल को जारी रखा है। (अनंत ज्ञान)



हड़ताल के दौरान ओपीडी के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते हुए मरीज।

### स्वास्थ्य सेवा प्रभावित, लोग प्राइवेट अस्पतालों में जाने को मजबूर

**चिकित्सकों** के हड़ताल पर होने से जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवा काफी हद तक प्रभावित हो रही है और इस का नतीजा ये देखने को मिल रहा है कि कुछ लोग मजबूरन प्राइवेट अस्पतालों का रुख कर रहे हैं तो कुछ लोग अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए अढ़ाई घंटे का इंतजार करने मजबूर हैं।

# 12 सूत्रीय मांग पत्र को लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन (राजपत्रित प्रथम श्रेणी) अधिकारी संघ का द्वितीय महाधिवेशन बिलासपुर में आयोजित किया गया। अधीक्षक ग्रेड वन की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने की।

इस दौरान प्रदेश महासचिव कश्मीर ठाकुर, संयुक्त सचिव मिलाप चंद, अशोक गौतम एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि महाधिवेशन में सचिव शिक्षा हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजे गए 12 सूत्रीय मांगपत्र को शीघ्र लागू करने की मांग की गई।

सरकार को भेजे गए मांगपत्र में राजकीय महाविद्यालयों में तैनात अधीक्षक ग्रेड वन को आहरण एवं वितरण शक्तियां प्रदान की जाए ताकि कार्यालय के कार्य निष्पादन एवं वित्तीय प्रबंधन में पूरी पारदर्शिता बनी रहे। महाधिवेशन में कश्मीर ठाकुर को सर्वसम्मति से अधीक्षक ग्रेड वन अधिकारी संघ का प्रदेश महासचिव चुना गया। बैठक में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत दुग्गल, संयुक्त सचिव मिलाप चंद,उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जीत कुमार,अशोक शर्मा, राजेश कुमार, सुरेश कुमार, प्रीतम शर्मा, शशि किरण, हरिकृष्ण चौहान, अशोक कायथ, रामलाल, बालकृष्ण भारद्वाज, रजनीश, नारायण शर्मा, इंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन अधिकारी संघ के सदस्य।

### कश्मीर ठाकुर सर्वसम्मति से बने प्रदेश महासचिव

## न्यूज ब्रीफ

### ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक आठ को

**नादौन।** नादौन ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक आठ मार्च को प्रातः 11 बजे गीता भवन में होगी, जिसमें अगामी लोकसभा चुनावों बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस के कार्यालय सचिव नानक चंद ने देते हुए बताया कि बैठक में ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, कांग्रेस विचारधारा के पंचायत प्रतिनिधि, नादौन नगर पंचायत पार्षद हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंच कर बैठक में हिस्सा लें।

### सीएम ने कर्मचारियों के लिए लिया साहसिक फैसला

**नादौन।** अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ नादौन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 2024 में महंगाई भत्ते की चार किस्तें जारी करने का हार्दिक स्वागत किया है कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल करने का साहसिक फैसला सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यह बात राजपत्रित कर्मचारी महासंघ मंडल नादौन के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर, महासचिव सुखदेव सिंह पटियाल, वरिष्ठ प्रधान राहुल शर्मा, वित्त सचिव संजीव कुमार, उपप्रधान लेखराजआदि ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कही।

### 1500 रुपए शुरुआत करने पर सीएम का किया थैंक्स

**बड़ा।** हिमाचल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना लागू करने से महिलाओं में वर्तमान समय में काफी खुशी की लहर है। महिलाओं का कहना हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने नारी शक्ति को सुदृढ़ करने के लिए एक अनूठी पहल की हैं और सुक्खू प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने प्रदेश की नारी शक्ति के उत्थान एवं उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए इस योजना को लागू करके महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। यही नहीं योजना के माध्यम से प्रदेश की उन सभी बहनों को भी अपनी पढ़ाई को सुचारू रखने के लिए काफी आर्थिक सहायता मिलेगी। इस योजना को लागू करने पर कांग्रेस के नादौन मंडल के पूर्व मंडलाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल, ग्राम पंचायत चोड़ू के पूर्व प्रधान जय प्रेम सिंह आदि ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद किया हैं। महिलाओं ने बताया कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनावों में जो महिलाओं को 1500 देने का वादा किया था उसे पूरा किया है। इससे स्पष्ट जाहिर होता हैं कि वह जो कहते हैं वह कर दिखाते हैं।

### किसानों ने सीखे औषधीय पौधों की खेती के गुर

**रंगस।** औद्योनिकी एवं वाणिकी कॉलेज नेरी में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती को विकसित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर औद्योनिकी एवं वाणिकी कॉलेज के वन उत्पाद विभाग के प्रमुख डॉ. महेंद्र कुमार ब्राह्मी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती करके भी भरपूर लाभ कमा सकते हैं, लेकिन इस कार्य को करने से पूर्व किसानों को उनके उत्पाद के लिए विपणन की सुविधा को आवश्यक सुनिश्चित कर लेना चाहिए, ताकि उन्हें फसल उगाने के बाद जोखिम न उठाना पड़े। शिविर में नौणी यूनिवर्सिटी से डॉ. रवि भारद्वाज, सुनील मार्य, डॉ. कुमारी वंदना व डॉ. सीमा शर्मा ने एलोवेरा, कालमेघ, अकरकरा, लेमनग्रास, पुदीना, तुलसी आदि उगाने की तकनीकी टिप्स किसानों को दिए।

### जीपीएस बड़ियार में लगाया निपुण मेला

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के राजकीय प्राथमिक पाठशाला बड़ियार में आज निपुण मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के प्रभारी सज्जन कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें निपुण भारत मिशन के जिला समन्वयक भवानी सिंह एवं उप-समन्वयक नेक मोहम्मद विशेष रूप से शामिल थे। इस अवसर पर भवानी सिंह ने बच्चों के अविभावकों को शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के पढ़ाई, के साथ-साथ शारीरिक एवं अध्यात्मिक विकास के लिए चलाई गई गतिविधियों की भी विशेष रूप से जानकारी दी। मेले में एसएमसी प्रधान राकेश कुमार, कुलविंद्र, सविता, सुरजीत आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### सुक्खू सरकार ने पूरी की पांच गारंटियां : राजेंद्र

**सुजानपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जो कहते हैं वे करते हैं। उन्होंने मात्र 14 माह के शासनकाल में ही पांच गारंटियां पूर्ण कर दी हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा की केंद्र सरकार 10 वर्ष में भी अपने चुनावी वादे पूरे नहीं कर पाई है। यह बात सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि 18 से 60 वर्ष की सभी पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मिलेंगे, वहीं 60 वर्ष से अधिक की महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन पहले ही घोषित की जा चुकी है।

### स्टूडेंट्स ने की त्रिमूर्ति शिव मंदिर में साफ-सफाई

**धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्टूडेंट्स ने एकदिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवी स्टूडेंट्स ने धनेटा शहर के त्रिमूर्ति शिव मंदिर में साफ-सफाई की व लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा नेस्टूडेंट्स को कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। स्वच्छता का जीवन में बहुत बड़ा योगदान है क्योंकि स्वस्थ जीवन ही एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण करता है। स्टूडेंट्स ने प्रण लिया कि हम महाविद्यालय तथा उसके आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### बड़ा स्कूल में ऊर्जा संरक्षण पर हुई कार्यशाला

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में हिमाचल प्रदेश काउंसलिंग फार साइंस एंड टेक्नोलॉजी शिमला के सौजन्य से ऊर्जा संरक्षण के ऊपर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के कार्यकारिणी प्रिंसिपल प्रदीप वालिया ने की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बच्चों के अतिरिक्त एसएमसी प्रधान राकेश पठानिया विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान ईको क्लब की प्रभारी सविता कुमारी ने बच्चों द्वारा ऊर्जा संरक्षण के ऊपर बनाए गए मॉडलों की सराहना करते हुए बताया कि सौर ऊर्जा के उपयोग से हम ज्यादा दे ज्यादा बिजली बचाने में अपना सहयोग दे सकते हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रदीप वालिया व राकेश पठानिया ने बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

### एसडीएम ने भुक्कड़ स्कूल में किया औचक निरीक्षण

**भरेड़ी।** भोरंज एसडीमए संजय स्वरूप ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ का औचक निरीक्षक करके व्यस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान स्कूल प्रशासन ने प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में एसडीएम संजय स्वरूप का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया।इस दौरान भोरंज एसडीएम ने स्कूल में दसवीं कक्षा के सामाजिक विज्ञान विषय के पेपर का निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी कैमरे में पेपर दे रहे बच्चों का अवलोकन किया। स्कूल में बोर्ड की परीक्षा के लिए रखे प्रश्न-पत्रों व उत्तर पुस्तिका का भी निरीक्षण करके सही पाया। इसी तरह स्कूल में स्मार्ट क्लास रूम, कंप्यूटर लैब व मिड-डे मील पकाने के लिए बनी पाकशाला का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल डोगरा, मणीराम शर्मा, मनोज कुमार, वीना वर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

### राज्यसभा में क्रॉस वोट करना निंदनीय : नरेश

**बिझड़ी।** कांग्रेस प्रवक्ता एवं जिला उपाध्यक्ष नरेश लखनपाल ने अपने निवास मैहरे में प्रेस वार्ता में कहा कि ऐसी क्या नौबत आ गई थी कि उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के विरोध में मतदान किया। उन्होंने कहा कि मतभेद हो सकते हैं लेकिन पार्टी के साथ विश्वासघात करना यह कहां का मान-सम्मान है। प्रदेश के व्यक्तित्व को ही वोट डालकर अंतरात्मा से वह डाला है ऐसे में तो जेपी नड्डा जो कि हिमाचल प्रदेश से हैं राज्यसभा के लिए गुजरात से चुने गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता एवं जिला उपाध्यक्ष नरेश लखनपाल ने क्रास वोटिंग कर सरकार को संकट में डालने वाले छह कांग्रेस विधायकों पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया सुखविंदर सिंह सुक्खू जनता के हित में अभूतपूर्व फैसले ले रहे हैं। 14 महीनों के कार्यकाल में वे जिला हमीरपुर का कई बार दौरा कर चुके हैं।

### खग्गल-मसियाणा में आज बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-एक हमीरपुर में छह मार्च को लाइनों की आवश्यक मरम्मत एवं शिफ्टिंग के कार्य के चलते गांव खग्गल, कुसवाड़, मसियाणा और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह नौ से सायं पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### हरिद्वार रेल सेवा शुरू करने पर अनुराग का आभार

**हमीरपुर।** हिमाचल सेवाश्रम ट्रस्ट धर्मशाला (हरिद्वार) हमीरपुर ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का ऊना से हरिद्वार तक रेल चलाने का धन्यवाद किया है। हिमाचल सेवाश्रम ट्रस्ट धर्मशाला के अध्यक्ष सुखदेव शास्त्री, कार्यालय सचिव बाल किशन शर्मा, ट्रस्टी एवं प्रचार सचिव रसील सिंह मनकोटिया ने जारी प्रेस बयान में कहा कि जब से केंद्रीय मंत्री का कार्यभार संभाला है तब से हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार में क्रांति आ गई है। अनुराग ठाकुर ने अपने कुशल नेतृत्व में दौलतपुर से साबरमती प्रतिदिन, ऊना-नई दिल्ली (वंदे भारत) अब ऊना से हरिद्वार रेल का तोहफा देकर हिमाचल वासियों का दिल जीत लिया है। इसके अलावा ऊना-तलवाड़ा रेलवे लाइन बिछाने का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है जिसके पूरा होते ही हिमाचल सीधा जम्मू-कश्मीर से रेल सेवा जुड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की यह मांग है कि दौलतपुर साबरमती रेल का विस्तार द्वारिका तक कर दें जिससे प्रदेश की जनता सीधे तौर पर द्वारिकाधीश के दर्शन के साथ-साथ सोमनाथ तक रेल से जा सकेंगे।

# हमीरपुर में एक वर्ष के बाद पांच यूनिटों में 150 शराब के ठेकों की नीलामी

## हाई स्केल बोलियों के चलते यह लक्ष्य बढ़कर 112 करोड़ 20 लाख तक पहुंचा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**





ठेकों की नीलामी के दौरान उपस्थित एडीसी हमीरपुर मनीष यादव व अन्य तथा बोलीदाता।

जिला में एक वर्ष बाद पांच यूनिट में 150 शराब के ठेकों के मंगलवार को जिला मुयालय स्थित बचत भवन में ठेकों की नीलामी की गई। ठेकों की यह नीलामी पीठासीन अधिकारी एडीसी हमीरपुर मनीष यादव की देख-रेख में आयोजित की गई। इस बार 10 फीसदी बढ़ोतरी के तहत 104 करोड़ 45 लाख रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन बोलीदाताओं द्वारा लगाई गई हाई स्केल बोलियों के चलते यह लक्ष्य बढ़कर 112 करोड़ 20 लाख तक पहुंचा दिया है।

हमीरपुर जिला के बड़सर, सुजानपुर, नादौन, हमीरपुर और भोरंज यूनिट में कुल 150 शराब के ठेकों की नीलामी में इस बार 7.42 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिससे स रकार को सात करोड़ 75 लाख रुपए का मुनाफा होगा। नीलामी प्रक्रियाएं में विभाग के संयुक्त आयुक्त कम समाहर्ता गुलभूषण गौत्तम, राज्य कर आबकारी एवं कराधान विभाग के सहायक आयुक्त वरुण कटोच, ऑबर्जबर विरेंद्र दत्त एवं कर्मचारियों के अलावा जिला भर से ठेकेदार मौजूद रहे। नीलामी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से आयोजि करवाई गई।

नादौन यूनिट के 28 शराब के ठेके 24 करोड़ 71 लाख 62 हजार 52 रुपए में बे चने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बड़ी बोलियों के चलते यह 24 करोड़ 71 लाख 62 हजार 152 करोड़ में बिके, जबकि सुजानपुर यूनिट के 19 शराब के ठेके 14 करोड़ पांच लाख 68 हजार 275 रुपए में बेचने का लक्ष्य था, लेकिन बोलियों के चलते यह राशि 14 करोड़ 10 लाख रुपए तक पहुंच गई।

इसी तरह भोरंज यूनिट के 36 शराब के ठेके 23 करोड़ 57 लाख दो हजार 523 रुपए में बेचने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बोलियों के माध्यम से यह राशि 23 करोड़ 63 लाख रुपए में खत्म हुई। इसके अलावा बड़सर यूनिट की 36 शराब के ठेकों को 19 करोड़ 43 लाख 90 हजार 790 रुपए में बेचने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बोलियों के माध्यम से राशि 24 करोड़ 75 लाख में समाप्त हुई। इसी तरह हमीरपुर यूनिट के 31 शराब के ठेके 22 करोड़ 67 लाख 34 हजार 850 रुपए में बेचने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बोली के चलते ये 25 करोड़ एक लाख रुपए में बिके। हमीरपुर जिला के हमीरपुर व बड़सर यूनिट के शराब ठेकों को लेकर बोलीदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री आज हमीरपुर में करोड़ों के करेंगे उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को हमीरपुर में करोड़ों के उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। डीसी अमरजीत सिंह ने मंगलवार को जिला के अधिकारियों के साथ बैठक करके तथा उसके बाद शिलान्यास एवं जनसभा स्थल का निरीक्षण करके सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बुधवार सुबह करीब सवा दस बजे हमीरपुर पहुंचेंगे और पक्का भरो बाईपास चौक के पास बस स्टैंड का शिलान्यास करेंगे व पीडब्ल्यूडी और पशु पालन विभाग की आवासीय कालोनियों की आधारशिला भी रखेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री वन स्टॉप सेंटर भवन रकड़ियाल, जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय भवन, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साइंस ब्लॉक, विजिलेंस के थाना भवन, आईटीआई हमीरपुर के अतिरिक्त भवन और उठाऊ पेयजल योजना जट्टां घिरथां का लोकार्पण भी करेंगे। वे अवाहदेवी-अयोध्या बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री बाईपास चौक के पास ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे।



डीसी अमरजीत सिंह बैठक में जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए।

# एबीवीपी ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला



एबीवीपी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर नारेबाजी करते हुए।

**बिझड़ी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बड़सर इकाई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को लेकर मंगलवार को बड़सर महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। विद्यार्थी परिषद की अगुआई में हुई इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला भी फूंका। एबीवीपी बड़सर इकाई के इकाई अध्यक्ष वंश ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2011 से पश्चिम बंगाल में टीएमसी का राज है। उन्होंने कहा कि जब से टीएमसी की सरकार सत्ता में आई है, तब से प्रदेश में महिलाओं के साथ आए दिन बलात्कार और यौन शोषण की घटनाएं हो रही हैं। विद्यार्थी परिषद केंद्र सरकार से पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने और अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें सजा दिलवाने की मांग की है।

## डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हमीरपुर इकाई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को लेकर मंगलवार को जिला हमीरपुर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है।

विद्यार्थी परिषद की अगुआई में इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला पिछले हफ्ते फूंका था। एबीवीपी हमीरपुर इकाई के इकाई सचिव पियूष पटियाल ने कहा कि वर्ष 2011 से पश्चिम बंगाल में टीएमसी का राज है।

# भाजपा के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दे रहे सीएम सुक्खू : कौशल

**हमीरपुर।** ओल्ड पेंशन योजना लागू की गारंटी लागू करने के उपरांत इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि के रूप में प्रति माह 18 वर्ष से 80 वर्ष की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा ने दुष्प्रचार करने वाले भाजपाइयों को करारा जवाब दिया है। इसके साथ ही पार्टी की गारंटियों के विषय में भाजपा नेताओं के गुमराह करने वाले बयानों का भी मुंहतोड़ जवाब देने के साथ-साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनता से किए गए वादों को पूरा करने की



बचनबद्धता का उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने यहां जारी ब्यान में कहा है कि बदतर आर्थिक स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार ने जहां विकास की गति को तेज करने के साथ सामाजिक उत्थान के मद्देनजर ऐतिहासिक नीतियां बनाने का कार्य किया, वहीं भाजपा नेता लगातार सरकार द्वारा प्रदेश और जनहित में उठाए गए सार्थक एवं दूरगामी कदमों का विरोध करते हुए कांग्रेस विरोधी होने के जनून में हिमाचल विरोधी हो गए। कौशल ने भाजपा नेताओं की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि उनके षड्यंत्र तथा सत्ता हासिल करने के उनके मंसूबे कदापि पूरे नहीं होंगे और सरकार मजबूती के साथ आगे बढ़ती रहेगी।

# एचआरटीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन की बैठक हुई

**हमीरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन की बैठक मंगलवार को बस अड्डा हमीरपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अजीत कुमार ने की। सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन ने अपनी मांगों के विस्तृत चर्चा होने के उपरांत पिछले तीन-चार माह से पेंशन समय पर डालने के लिए धन्यवाद किया। संगठन ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी पेंशन हर माह की पहली तारीख को देय हो। संगठन सरकार से अनुरोध करता है कि पैंशनरों को डीए एरियर का भुगतान आदि एक मुश्त दिया जाए। बैठक में विक्रम राणा, होशियार सिंह, भगवान दास, हुक्म चंद सहित अन्य पेंशनर मौजूद रहे।

# जीवन में सफलता पाने के लिए प्रौद्योगिकी का ज्ञान जरूरी

**जाहू।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज में करियर गाइडेंस सेल द्वारा करियर मार्ग-दर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रोफेसर कुलजीत ने की। इस अवसर पर एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी मोहाली से जतिन शर्मा और नेहा कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जतिन शर्मा ने बीए, बीकॉम और पीजीडीसीए के स्टूडेंट्स को आधुनिक तकनीक में कंप्यूटर से संबंधित कोडिंग संबंधी तथ्यों से अवगत करवाया। उन्होंने स्टूडेंट्स को कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी, चैट पीटी एवं डिजिटल विपणन संबंधी जानकारी दी। उपप्राचार्य प्रो. कुलजीत ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए प्रौद्योगिकी का ज्ञान बहुत ही आवश्यक है।

# स्टूडेंट्स को रोजगार विकास योजनाओं की दी जानकारी

**सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर के कॉमर्स ब्लॉक में चितकारा विश्वविद्यालय चंडीगढ़ द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन करवाया गया, जिसमें लगभग 200 से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने किया, जिसमें उन्होंने रोजगार विकास की योजनाओं के बारे में स्टूडेंट्स को अवगत कराया। चितकारा विश्वविद्यालय के रणनीतिक निदेशक किरण कुर्वेडे ने रोजगार विकास के बारे में बताते हुए स्टूडेंट्स से कहा कि चितकारा विश्वविद्यालय सभी स्टूडेंट्स को स्नातक उपाधि के उपरांत उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने का अवसर प्रदान करती है। कार्यशाला में उपप्राचार्य डॉ. विभा, डॉ. जितेंद्र, प्रो. राजेश खरवाल, प्रो. मितुल कायस्थ तथा बीबीए, बीसीए के सभी स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए देने पर महासंघ खुश

**नादौन।** राजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला हमीरपुर के प्रधान अशोक सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान रानू राम, महासचिव सोमनाथ जगोटा एवं कश्मीर सिंह ठाकुर ने वर्ष 2003 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान करने तथा कर्मचारी को अप्रैल 2024 से चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि पेंशन मिलने के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारी अपना एवं अपने परिवार का लालन-पालन बेहतर ढंग से कर पाएंगे।

# मनोहर लाल ने संभाला प्लानिंग ऑफिस का कार्यभार

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भलवानी गांव के मनोहर लाल चंदेल ने लोक निर्माण विभाग हमीरपुर में प्लानिंग ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। बताते चलें कि इससे पूर्व वह धर्मशाला में कार्यरत थे। मनोहर लाल चंदेल ने बताया कि वह प्लानिंग ऑफिसर पर पदोन्नत होकर धर्मशाला में 11 माह कार्य के बाद हमीरपुर लोक निर्माण विभाग के प्लानिंग ऑफिस पद पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने बताया कि वे ईमानदारी के साथ अपने कार्य को कर रहे हैं।

# अनुराग ठाकुर ने बाइक रैली को दी हरी झंडी

**हमीरपुर।** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में नशा मुक्ति अभियान के तहत बाइक रैली को हरी झंडी दी है। अनुराग ने इस मौके पर कहा कि हिमाचल प्रदेश में नशा बढ़ रहा है। जिसके चलते युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता बाइक रैली हमीरपुर के गांधी चौक से रवाना की गई है, जो युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगी। बाइक रैली में युवा मोर्चा के सदस्य और स्थानीय युवा मौजूद रहे इस रैली में करीब 2000 युवाओं ने हिस्सा लिया है। बाइक रैली के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा बड़सर के पूर्व विधायक बलदेव शर्मा भोरंज के पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, व जिला भाजपा के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा नेता आधे-अधूरे कार्यों का कर रहे उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



कुलदीप सिंह पठानिया व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश ठाकुर प्रेस वार्ता करते हुए।

भाजपा नेता बार-बार मुख्यमंत्री सुक्खू की गारंटियों पर सवाल उठा रहे हैं। उन नेताओं में विशेषकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को बता देना चाहते हैं कि वित्तीय घाटे के बाद भी मुख्यमंत्री ने अपनी पांचवीं गारंटी को पूरा कर दिया है। जिससे महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए मिलेंगे। यह महिलाओं के लिए सबसे बड़ी योजना थी, जबकि केंद्रीय मंत्री आधे अधूरे कार्यों का उद्घाटन करने के लिए आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने मात्र 14 माह में ही पांच गारंटियां पूरी कर दी हैं। यह बात प्रेस वार्ता में कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी 10 गारंटियां जिनमें पांच को मुख्यमंत्री ने पूरा कर दिया है यह मुख्यमंत्री की सोच और संघर्ष का नतीजा है। उन्होंने कहा कि बुधवार को मुख्यमंत्री सुक्खू हमीरपुर जिले के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान हमीरपुर शहर में कई उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस बस स्टैंड का कार्य पिछले 12 वर्षों से लटका था उसके लिए 37 करोड़ रुपए बजट का प्रावधान कर दिया है अब इसका शिलान्यास करने जा रहे हैं। इसके अलावा विजिलेंस विभाग के भवन, सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लैब और वेलफेयर के भवन और अन्य उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

# एनआईटी स्टूडेंट्स ने 'योर दोस्त' पोर्टल किया लांच

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



संस्थान के डायरेक्टर और अन्य अधिकारी।

एनआईटी हमीरपुर ने स्टूडेंट्स के कल्याण के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल 'योर दोस्त' लांच किया है। यह मंच स्टूडेंट्स को विशेषज्ञों से जुड़ने और उनकी व्यक्तिगत, व्यावसायिक और शैक्षणिक चिंताओं को दूर करने के लिए एक सुविधाजनक और गोपनीय स्थान प्रदान करता है।

'योर दोस्त डाट काम' स्टूडेंट्स को पेशेवर रूप से प्रशिक्षित काउंसलरों से जोड़ता है। जो विभिन्न मुद्दों पर मार्ग-दर्शन दे सकते हैं, जिनमें कार्य का तनाव, संबंधों की समस्याएं, आत्म-सम्मान में वृद्धि और व्यक्तिगत विकास शामिल हैं। छात्र ऑनलाइन चैट, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ई-मेल संचार के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं, जो लचीलापन और गोपनीयता सुनिश्चित करता है।

योर दोस्त को लांच करके संस्थान ने एक सर्वांगीण शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देता है। यह पहल स्टूडेंट्स को मदद लेने, चुनौतियों का सामना करने और अपने शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में सफल होने का मजबूत बनाती है। डायरेक्टर प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास का एक अनिवार्य पहलू है। 'योर दोस्त' पोर्टल स्टूडेंट्स को उनकी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एक सुरक्षित और सुलभ मंच प्रदान करेगा। रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना नानोटी ने कहा कि हम अपने स्टूडेंट्स के समग्र कल्याण को प्राथमिकता देने वाले वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारत मां का नारा सही जगह लगाया : अनुराग

**हमीरपुर।** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हिमाचल से नहीं हैं फिर भी हिमाचल इनके दिन में बसता है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य के लिए जीवन रेखा वहां की सड़कें होती हैं और हमारा जीवन बदलने के लिए यदि अच्छी सड़कें का काम किया वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में नितिन गडकरी ने किया है। इससे पहले प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपना संबोधन दिया और अंत में भारत मां के नारे लगाए। इस पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह भारत मां के नारे लगाने का सबसे उचित मंच है। इस दौरान मंच पर नितिन गडकरी के साथ विक्रमादित्य सिंह आपस में बातचीत करते नजर आए। नितिन गडकरी ने कहा कि इतनी सारी परियोजनाओं को नहीं पढ़ सकूंगा। इसलिए इसकी लिस्ट में अनुराग के पास दे रहा हूं वे इसे वेबसाइट पर डाल देंगे। अनुराग ने कहा कि आज कुछ वर्ष पहले नितिन गडकरी हमीरपुर आए थे उस समय जो भी मांगा उन्होंने विशाल हृदय के साथ सब कुछ दिया। उन्होंने कहा कि मोदी की सरकार में नई सोच वाले मंत्रियों की बहुत बड़ी भूमिका है।

# एरियर के भुगतान की जारी योजना त्रुटिपूर्ण, कर्मचारी खफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

वेतन आयोग के वर्ष 2016 से देय एरियर का भुगतान सालाना तीन प्रतिशत करने की योजना कर्मचारी हितों से खिलवाड़ है। इसे वापस लिया जाए और नई अधिसूचना विस्तृत प्लान के साथ जारी की जाए। 0.25 प्रतिशत एरियर मासिक वेतन के साथ देने की अधिसूचना से कर्मचारी निराश हैं, क्योंकि मौजूदा सरकार को वेतन आयोग के एरियर का भुगतान अपने ही कार्यकाल में करना होगा।

वर्ष 2026 से अगला वेतन आयोग देना होगा या बेसिक में डीए मर्ज करना ही पड़ेगा। दोनों ही स्थितियों में वर्ष 2026 तक यह भुगतान करना होगा, जबकि 22 माह के मंहगाई भत्ते का एरियर एकमुश्त ही मिलना चाहिए। पहले ही इसे देने में इतना विलंब हुआ है और अब इसका एरियर एकमुश्त नहीं दिया जाना अनुचित है।

इस राशि का ब्याज तो सरकार नहीं दे रही और अब मूल राशि को अनेक वर्ष तक लटकाकर कर्मचारियों का भारी आर्थिक नुकसान न करे। इसलिए जारी अधिसूचना को वापस लेकर नए सिरे से कर्मचारी हितों के अनुरूप वेतन आयोग एरियर दो वर्ष तक मासिक किश्तों में और महंगाई भत्ता एरियर एकमुश्त देने की व्यवस्था करें। इस बारे में राजकीय टीजीटी कला संघ ने एक मांग-पत्र प्रदेश मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और वित्त सचिव को भेजा है।

**खुशखबरी**

## भवन खतरे में, दुकानदारों के रास्ते हुए बंद, लोग परेशान

# टौणीदेवी कस्बे में शुरू हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग का काम

**संजीव चौहान, टौणीदेवी**

अणु से पाडछु तक बनने वाले 46 किलोमीटर राष्ट्रीय मार्च मार्ग नंबर तीन जिसका कॉन्ट्रेक्ट गाबर कंपनी को दिया गया था, ने इसे सबलेट किए गए कार्य में को सूर्य कंपनी कर रही है।

लगभग दो वर्ष पहले टौणीदेवी की दुकानों को तुड़वा दिया गया था। तब से व्यापार वैसे ही ठप पड़ा हुआ था और अब केंद्रीय भूतल परिवहन एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी के हमीरपुर आगमन से एक दिन पहले राष्ट्रीय राजमार्ग कंपनी ने स्थानीय कशवे में काम करना शुरू कर दिया है।



टौणीदेवी कस्बे में डंगे की खुदाई करती जेसीबी।

अस्पताल चौक जहां चार से पांच मंजिला भवनों के पास डंगे की खुदाई की जा रही है उन भवनों को खतरा उत्पन्न तो हुआ ही है, साथ ही वह दुकानदरों का सड़क से संपर्क टूट गया है और वे अपने घरों में कैद हो गए है।

दुकानदारों का कहना है कि यदि डंगा साथ-साथ नहीं लगाया गया तो उनका व्यवसाय पूरी तरह ठप हो जाएगा और बारिश होने पर भवन भी धराशायी हो सकते है। उन्होंने एनएचएआई व कंपनी से मांग की है कि खुदाई के साथ-साथ तीव्र गति से वहां पर डंगे का निर्माण करें ताकि दुकानदारों का संपर्कसड़क से जुड़ सके। (अनंत ज्ञान)

# लुहणू मैदान में सजी क्रिकेट पिच, लगे चौके–छक्के

केंद्र ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए: अनुराग
प्रदेश में खेलों के प्रति अधिक जुनून : रोहित
खिलाड़ी खेल महाकुंभ में अपना खेल दर्शा सकते हैं : द्रविड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मंगलवार को बिलासपुर के लुहणू मैदान में रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसका नतीजा है कि भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है।

सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे चरण में लगभग 45 हजार युवाओं ने भाग लिया था और यह कार्यक्रम युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों के प्रति जागरूक करने में कारगर साबित हुआ है। हिमाचल के पहले सांसद खेल महाकुंभ की शुरुआत सचिन तेंदुलकर ने धर्मशाला में की थी, पिछले दो खेल महाकुंभ संस्करण में 3,700 से ज्यादा गांव और पंचायत की टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसमें अब तक कुल 87,400 से अधिक खिलाड़ियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया है।

इस महाकुंभ में वॉलीबाल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबॉल व एथलेटिक्स इन पांचों खेल इवेंट्स के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। राहुल द्रविड़ ने आने संबोधन में कहा कि खेल महाकुंभ वास्तव में एक ऐसा आयोजन है, जिसमें उभर कर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र से खिलाड़ी अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर सकते हैं। यह जरूरी नहीं है कि भारतीय टीम में खेला जाए, लेकिन अपनी योग्यता का प्रदर्शन कहीं भी किया जा सकता है। जिला एवं राज्य स्तर के बाद राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खिलाड़ी अपना खेल दर्शा सकते हैं। उन्होंने इसके लिए प्रदेश से मंत्री अनुराग ठाकुर को बधाई दी।


लुहणू मैदान में खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण के शुभारंभ पर मौजूद लोग।









नाटी किंग कुलदीप शर्मा रोहित शर्मा के साथ सेल्फी लेते हुए।

## ये रहे मौजूद

**महाकुंभ** के मंच पर दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा, भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ और केंद्रीय सूचना सह प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सहित बिलासपुर जिले के तीनों विधायक रणधीर शर्मा, जीतराम कटवाल तथा त्रिलोक जम्वाल उपस्थित रहे। इसके अलावा ऊना से विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान के अलावा अन्य भाजपा नेता भी उपस्थित रहे। पंजाबी गायक लखविंदर सिंह वडाली, नाटी किंग कुलदीप शर्मा, हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ द पाइंस ने अपनी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनता का मन मोह लिया। मंच संचालन अपार शक्ति खुराना ने बहुत ही बेहतर तरीके से किया।

## गेंदें उछालकर फेंकी , कहा–यादगार के रूप में अपने पास रखें

इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में खेलों के प्रति इतना अधिक जुनून है यह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने इस आयोजन के लिए केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की प्रशंसा की। शुभारंभ के उपरांत मंच पर ही क्रिकेट की पिच सजा दी गई और भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़ और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने जमकर शॉट्स लगाए। सारे शॉट दर्शकों की ओर लगाए गए और उन्हें कहा गया कि इस गेंद को कैच करें तथा यादगार के रूप में अपने पास रख लें। इसके अलावा रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने गेंदें उछालकर दर्शकों की ओर फेंकी।



## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं को मतदान के लिए किया जागरूक

**बिलासपुर।** शिव शक्ति युवक मंडल कवाली टटोह के सदस्यों ने पंचायत धार-टटोह में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए युवा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में पहली बार वोट डालने वाले युवक-युवतियों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। मंडल कवाली टटोह के प्रधान अभिषेक ठाकुर ने कहा कि अप्रैल-मई 2024 में लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर संसद के लिए चुनाव होने जा रहे हैं। अभियान में प्रत्येक मतदाता को वोट करने, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने, गांव, शहर और अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में युवाओं के लिए रस्साकशी, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गईं।

### कहलूर लोक उत्सव के लिए ऑडिशन नौ से

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का आयोजन 17 से 23 मार्च तक किया जाएगा। सात दिवसीय इस मेले में 18 से 20 मार्च तक सुबह 11 से शाम पांच बजे तक लुहणू मैदान में कहलूर लोक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मेला कमेटी की ओर से पहले कहलूर लोक उत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों का ऑडिशन लिया जा रहा है। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। नौ मार्च को रैन बसेरा घुमारवीं में, 10 मार्च को पंचायत भवन हॉल झंडूता में, 12 को खंड विकास अधिकारी कार्यालय स्वारघाट में तथा 14 को संस्कृति भवन सदर बिलासपुर में दलों का चयन किया जाएगा। इस उत्सव में भाग लेने वाले गायकों, नर्तकों, बजंतरियों, सांस्कृतिक दलों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों को ऑडिशन देना होगा। जिले के सांस्कृतिक दल, गायक ही इसमें भाग लेंगे।

### कोटलू ब्राह्मणा में रामकथा का आयोजन

**बरठीं।** शिव शक्ति मंदिर कोटलू ब्राह्मणा में चल रही श्री राम कथा में प्रभु श्री राम चंद्र जी के जन्म तथा वनवास की कथा का वर्णन हुआ। कथा वाचक आचार्य मदनलाल दुर्वासा ने राम के वनवास की कथा का वर्णन सुनते हुए कहा कि महाराजा दशरथ ने श्री राम के राजतिलक से लेकर वनवास तक की कथा सुनाई। अयोध्या के राजा दशरथ के चार पुत्रों में सबसे बड़े राम थे। वे अपने पिता की हर बातों का भी पालन करते थे। चारों भाइयों में सबसे बड़े होने के नाते राम को राजपथ का भी बहुत ज्ञान था। वे राजपाठ के कार्य में अपने पिता दशरथ का हाथ बंटाते थे। जैसे-जैसे प्रभु राम बड़े हुए, तो दशरथ के मन में एक ही बात थी कि मैं अपने जीते जी राम को अयोध्या का राजा बनाकर राजतिलक कर दूं। राजा दशरथ ने अपने राज्य में युवराज राम को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया।

### शिक्षकों को शिक्षण के सिखाए नए गुर

**बिलासपुर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर में समग्र शिक्षा के तहत पांच दिवसीय सामाजिक विज्ञान की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बिलासपुर के लगभग तीस सामाजिक विज्ञान स्नातक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में शिक्षक प्यार चंद, जितेंद्र सहगल, जसपाल शर्मा, राजेंद्र सिंह ने शिक्षकों को शिक्षण के नए गुर सिखाए। कार्यशाला में सामाजिक विषय में आई आधुनिक तकनीकों, शिक्षण कौशलों और नई पाठ योजना की जानकारी दी।

## दि तलाई ग्राम सेवा सहकारी सभा का अधिवेशन 20 को

**शाहतलाई।** दि तलाई ग्राम सेवा सहकारी सभा सीमित तलाई का साधारण अधिवेशन कोरम पूरा नहीं होने के चलते स्थगित कर दिया गया तथा अब सभा का साधारण अधिवेशन 20 मार्च को रखा गया है।

सभा के साधारण अधिवेशन में करीब चार दर्जन शेयर धारकों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सभा के होने वाले साधारण अधिवेशन में कई अहम मुद्दों पर चर्चा करके निर्णय लिए जाने थे। वहीं, सभा के महासचिव ओंकार शर्मा ने बताया कि सभा के उपस्थित शेयर धारकों से राय लेकर उन्होंने सभा के शेयर धारकों का आह्वान किया कि वे आगामी 20 को होने वाले सभा के साधारण अधिवेशन में निश्चित तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं, ताकि कोरम पूरा हो सके।

## जब छह विधायक कांग्रेस में थे तो सदाचारी, अब हो गए भ्रष्टाचारी : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश सरकार में मंत्री राजेश धर्माणी की ओर से दिए गए उस बयान को हास्यास्पद बताया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के छह विधायक की विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर उनपर भ्रष्टाचार के माध्यम से पैसा कमाने का आरोप लगाया है।

यह कांग्रेस पार्टी के ओछेपन को जनता के बीच में जगजाहिर कर रहे हैं क्योंकि यही छह विधायक जब कांग्रेस का समर्थन करते थे, तो सदाचारी थे और ईमानदार थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने राज्यसभा के कांग्रेस के अधिकृत कैंडिडेट के खिलाफ अपना मत दिया, वैसे ही ये लोग सदाचारी से अब भ्रष्टाचार हो गए। यह डबल स्टैंडर्ड कांग्रेस का जनता के बीच में सामने आया है और कांग्रेस को जो लोग कह रहे हैं कि छह विधायक भ्रष्टाचार थे, तो क्या कांग्रेस के लोगों को नेतृत्व को ये पता नहीं था कि जिनको हम चुनाव लड़ा रहे हैं वह भ्रष्टाचारी हैं, जब वो चुनाव जीते तो कांग्रेस ने उनको सीने से लगाया था।

### उनके बलबूते पर बनाई सरकार

कांग्रेस ने उनके बलबूते पर सरकार बनाई थी, लेकिन आज जब उनमें कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण असंतोष फैला, तो वह भ्रष्टाचारी हो गए। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री व उनके मंत्रियों को कहा कि अपने आप में झांककर देखिए और जो मंत्री ने यहां कहा कि भाजपा की सरकार को अस्थिर कर रही है यह भी दूसरे के सिर पर अपनी असफलताओं को मढ़ने का काम है।

भाजपा का इसमें कोई हाथ नहीं है। कांग्रेस के ही विधायक आज कांग्रेस के खिलाफ हैं, नाराज और असंतुष्ट हैं। उसका ही ये परिणाम सबके सामने है, जो मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को जनादेश मिला है, लेकिन जनादेश उन्हें तब मिला था, जब उन्होंने जनता को गारंटियां दी थी कि हम 1500 रुपए 18 साल की युवती से लेकर 70 साल की महिला को देंगे, 100 रुपए किलो दूध खरीदेंगे, दो रुपए किलो गोबर खरीदेंगे, कर्मचारियों की समस्या को हल करेंगे और पहली ही कैबिनेट की मीटिंग में 1,00,000 लोगों को रोजगार देंगे।

## राजस्व मामलों को जल्द निपटाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजस्व कार्यों की पूर्ति के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त कानूनगो सक्रियता के साथ अपनी सेवाएं प्रदान करें, ताकि राजस्व के तहत विभिन्न मामलों को जल्द निपटाया जा सके।

डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कानूनगो की ओर से पूर्व में किए गए कार्यों को ही करना है। शीर्ष एवं अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से इनके कार्यों के आंकलन के उपरांत ही कानूनगो की मासिक रिपोर्ट निर्मित की जाएगी, जो उनकी सेवा अवधि विस्तार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। राजस्व विभाग मे लंबित पड़े मामले के लिए यह नियुक्तियां की गई हैं। कानूनगो इसके प्रति गंभीरता के साथ कार्य कर निपटाए। उन्होंनें राजस्व अधिकारियों को इंतकाल, जमाबदीं, तकसीम एवं वनसंरक्षण अधिनियम के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के आदेश दिए। इन मामलों का निपटारा अप्रैल माह में निर्धारित कर लक्ष्य की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी देवी राम, एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार शामिल रहे।


डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## बागछाल पुल हुआ तैयार, जल्द किया जाएगा उद्घाटन : कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि गोविंद सागर पर निर्मित बागछाल पुल बनकर तैयार हो गया है। पिछड़ा क्षेत्र कहे जाने वाले कोटधार में इस पुल के बनने से यह क्षेत्र विकास की मुख्य धारा में शामिल होगा। एशिया में सबसे अधिक 185 मीटर लंबे कैंटिलीवर स्पैन के इस पुल की कुल लंबाई 330 मीटर है।

हिमाचल के साथ ही झंडूता का प्रवेश द्वार बने इस पुल का जल्द ही विधिवत तरीके से उद्घाटन किया जाएगा। फिलहाल इसे यातायात के लिए खोल दिया गया है। यह पुल बनने से कोटधार व झंडूता से केवल चंडीगढ़ या दिल्ली की ही नहीं, बल्कि हमीरपुर व कांगड़ा की दूरी भी लगभग 50 किलोमीटर कम हुई है।



## प्रदेश सरकार ने पूरी की पांचवीं गारंटी : धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार अपनी पांचवीं गारंटी पूरी करते हुए 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने की घोषणा की है।

इसके लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना चलाई है। यह बात टीसीपी, हाउसिंग एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने पंचायत भपराल, गतवाड़ और फटोह में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में अनेक नवोन्मेषी पहल और योजनाएं लागू की जा रही हैं। इस योजना के तहत 800 करोड़ रुपए से अधिक वार्षिक व्यय होगा और लगभग पांच लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि योजना के तहत सरकार शीघ्र ही फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू करेगी, ताकि वे इस योजना का जल्द लाभ उठा सकें। सरकार ने इस योजना का पहला चरण एक फरवरी से शुरू किया था, जिसके तहत लाहौल–स्पीति की महिलाओं व प्रदेश की 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने सत्ता संभालते ही 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ देकर अपनी पहली चुनावी गारंटी पूरी की। इससे सेवानिवृत्त के उपरांत सरकारी कर्मचारियों का सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित हुआ है।


तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी पंचायत भपराल में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

**प्रस्ताव** प्रशासन के तैयार किए गए नए पार्किंग प्लान के तहत अलग–अलग स्थान पर पार्किंग तथा नो–पार्किंग जोन चिन्हित किए

## घुमारवीं शहर में बनेगा नए तरीके से पार्किंग प्लान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर के लिए बनाए गए पार्किंग प्लान को प्रशासन ने नगर परिषद के साथ मिलकर धरातल पर उतारने का कार्य शुरू कर दिया है।

इसके बाद शहर को नया पार्किंग प्लान मिलने की उम्मीद है। शहर के लिए प्रशासन की ओर से तैयार किए गए नए पार्किंग प्लान के तहत अलग–अलग स्थान पर पार्किंग तथा नो–पार्किंग जोन चिन्हित किए गए हैं। शहर में बनाए गए सभी पार्किंग जोन में सड़क से बाहर के कच्चे हिस्से पर टाइल लगाने का कार्य प्रस्तावित था। टाइल लगने के बाद स्थानीय दुकानदारों व शहर में आने वाले अन्य लोगों को अपनी गाड़ी लगाने के लिए उचित पार्किंग योग्य जगह बनाई जानी है। इस कार्य से जहां शहर में लगने वाले जाम से छुटकारा मिलने की उम्मीद है। वहीं, नगर परिषद की आय में भी बढ़ोतरी होगी। इस सारी व्यवस्था को बनाने के लिए टाइल लगाने के कार्य के लिए नगर परिषद द्वारा टेंडर प्रक्रिया आरंभ की जा चुकी है, जिसके तहत इस सारे कार्य पर करीब पांच लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नगर परिषद घुमारवीं के लिए नए पार्किंग प्लान को मंजूर हुए करीब छह माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक इसके अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है।

शहर में पुख्ता पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरा दिन शहर में सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे शहर में पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। पूरा दिन लगने वाले इस जाम से जहां स्थानीय दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं, शहर में ट्रैफिक को लेकर अव्यवस्था का आलम बना रहता है। प्रशासन द्वारा शहर में पुख्ता पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने के लिए एक पार्किंग प्लान तैयार किया गया था। इस पार्किंग प्लान को उपायुक्त बिलासपुर द्वारा मंजूरी दे दी गई थी, लेकिन करीब छह माह का समय भी जाने के बाद इस पार्किंग प्लान को प्रशासन धरातल पर नहीं उतार पाया, लेकिन अब नगर परिषद द्वारा टेंडर प्रक्रिया को शुरू करने के बाद शहर में नई पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने के बाद यातायात व्यवस्था के सुचारु होने की उम्मीद बढ़ गई है।


घुमारवीं में लगा ट्रैफिक जाम।

> शहर के लिए बनाए गए नए पार्किंग के प्लान में पार्किंग जोन क्षेत्रों में टाइल लगाए जाने का कार्य प्रस्तावित था, जिसके लिए नगर परिषद द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्य के लिए करीब पांच लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। कुछ दिनों के भीतर ही इस कार्य को शुरू कर दिया जाएगा।
> **रीता सहगल, अध्यक्ष, नगर परिषद घुमारवीं।**

## मोरसिंघी में नलवाड़ मेला 8 से 10 मई तक लगेगा

**अनंत ज्ञान, दधौल**

उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत आने वाली पंचायत मोरसिंघी में हर साल की तरह नलवाड़ मेला 8, 9, 10 मई को आयोजित किया जाएगा। यह नलवाड़ मेला मोरसिंघी 'सातवें साल' में पहुंच चुका है, जिसके उपलक्ष में कोर कमेटी की बैठक हुई और सभी ने निर्णय लिया कि हम सब पिछले साल की तरह ही इस साल भी मेले का अयोजन किया जाएगा और मेला धूमधाम से मनाया जाएगा।

मेले का आय और व्यय का भी मूल्यांकन किया गया और कई मुद्दों पर विचार–विमर्श हुआ। अगले मेले की रूपरेखा बनाने व वर्तमान कार्यकारिणी पर भी चर्चा हुई और आने वाले दिनों में कार्यकारिणी में भी बदलाव करना निश्चित किया गया है, जिस पर समिति ने 11 को मोरसिंधी में जनरल हाउस रखा है, जिसने सभी गांववासी आमंत्रित किए गए हैं। इस अवसर पर राहुल चौहान प्रधान नलवाड़ मेला मोरसिंधी, बैठक में सेवानिवृत्त निदेशक के आर रत्तन, सेवानिवृत्त बीडीओ भक्त राम ,सेवानिवृत्त सहायक अभियंता शहजाद चौहान, सेवानिवृत्त एसडीएम बीडी शर्मा, रोशन लाल धीमान, बाबू राम, रिटायर प्रधानाचार्य इंद्र राम आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम ने उद्योगों का किया औचक निरीक्षण



**अंब।** उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत ठठल में स्थित औद्योगिक इकाइयों का एसडीएम अंब विवेक महाजन ने यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण किया कि सभी सुरक्षा उपकरण मौजूद हैं या नहीं। उन्होंने यह भी देखा कि अग्नि उपकरण और सुरक्षा उपाय काम कर रहे हैं या नहीं। गगरेट के एक उद्योग में अग्निकांड के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। एसडीएम ने मंगलवार को औद्योगिक इकाइयों में यह भी देखा कि आग लगने की स्थिति में उचित निकासी योजना उपलब्ध है या नहीं। रासायनिक अपशिष्टों का समुचित उपचार किया जा रहा है के नहीं। मल निकासी/कीचड़ प्रवाह संयंत्र ठीक से काम कर रहा है या उसमें कोई कमी है। एसडीएम ने यह भी देखा कि समय-समय पर विभिन्न सुरक्षा उपायों के प्रमाण पत्र लिए या नवीनीकृत किए जाते रहते हैं या नहीं। एसडीएम ने सभी निर्धारित नियमों का समयबद्ध तरीके से अनुपालन करने के लिए उद्योगों को दिशा-निर्देश भी दिए।

### राजेंद्र को डिप्टी डायरेक्टर बनने पर दी बधाई



**गोंदपुर बनेहड़ा।** लेक्चरर संघ के पूर्व जिला प्रधान एवं प्रिंसिपल राजेंद्र कौशल को ऊना जिला का हायर एजुकेशन का डिप्टी डायरेक्टर बनने पर लेक्चरर संघ के प्रांतीय सगठन सचिव राजन शर्मा ने उन्हें बधाई दी है। लेक्चरर संघ ने डिप्टी डिरेक्टल राजेन्द्र कौशल इससे पूर्व प्रिंसिपल इंस्पेक्शन में भी रह चुके है और वर्तमान में कोटला कलां स्कूल के बतौर प्रिंसिपल कार्यरत थे। लेक्चरर संघ प्रदेश उपाध्यक्ष विकास रतन, जिला प्रधान देवेंद्र सिंह बेली, शशि सेनी, वरुण लखनपाल, विक्रम ठाकुर, प्रिंसिपल सतपाल विशिष्ट, नरेश शर्मा, राजेश, जगजीत राणा, विनोद, यूनियन नेता राजन शर्मा, बिहारी लाल, मुकेश और पवन ने भी उन्हें बधाई दी है।

### हटली क्लब में श्री राम कथा 13 मार्च से

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली के लगातार 7वीं श्री राम कथा 13 मार्च से शुरू होने जा रही है और 21 मार्च को कथा विश्राम होगा। इस दौरान व्यास उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा अपने मुखारबिंद से श्री राम कथा का रसपान करवाएंगे। हटली क्लब के निदेशक विपन साजन ने बताया कि 13 मार्च को हटली के गांव रिवाड हनुमान मंदिर से सुबह दस बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी और इस उपरांत कथा प्रसारण होगा। इसका समय प्रतिदिन एक बजे से शाम चार बजे तक होगा और रात्रि आरती समय सायं सात से आठ बजे तक रहेगा। इसके अलावा हर दिन भंडारे का आयोजन भी होगा और 21 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी दी जानकारी

**अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन शिविर के दूसरे दिन अंब हॉस्पिटल से आई चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस शिविर में कुल 80 विद्यार्थियों ने हिस्सा लियाा। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने इस आपदा प्रबंधन शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा की और बाकी सभी विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. स्तुति स्थानीय अस्पताल अंब, एवं डॉ. विकास जसवाल सिविल हॉस्पिटल धुसाडा से शामिल हुए, जिन्होंने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण का महत्व बताया। डॉ. स्तुति ने सीपीआर का महत्व बताया। इस मौके पर आपदा प्रबंधन प्रभारी डॉ. रजनीश कुमार, एनसीसी के ऑफिसर प्रो. अनिल वर्मा, प्रो आशुतोष सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई



**अंब।** बीते कल प्रवीण चौधरी को विकास खंड अंब के सभागार में एसडीएम अंब विवेक महाजन द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि पंचायतीराज के उपचुनावों में ब्लॉक समिति अंब के वार्ड नंबर 15 कटौहड़ कलां के लिए हुए उपचुनाव को भाजपा समर्थित प्रवीण चौधरी ने 592 वोट से जीत हासिल की थी। इस मौके पर एसडीएम के साथ बीडीसी चेयरपर्सन सुनीता धीमान व विकास खंड अंब ओमपाल डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। 10

### बंगाणा में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक द्वारा मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस थानाखास गोशाला में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुईं सुपरवाइजर सुनीता देवी ने महिला दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा आज के समय में महिलाएं किसी भी कार्य में पुरुषों से पीछे नहीं है। राजनीति हो या फिर अन्य समाजसेवा। देश में महिलाएं बेझिझक होकर आगे बढ़ रही हैं। इस मौके पर अंबुजा फाउंडेशन की ओर से प्रॉजेक्ट कोर्डिनेटर निर्देश कुमार, मनीषा सिंह, शिखा सहित पंद्रह गांवों की एक सौ पचास महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर महिलाओं की प्रतियोगिता भी करवाई गई और उनको सम्मानित भी किया गया।

### नेता बोले- कुटलैहड़ के विधायक ने जनता की भावनाओं से खेला, लेकिन अब सब एकजुट

# कुटलैहड़ में कांग्रेस नेताओं का बैठक में छलका दर्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक घटनाक्रम के बाद छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय किया जाने लगा है। इस कड़ी में मंगलवार को कुटलैहड़ कांग्रेस की ओर से जोगीपंगा में एक बैठक बुलाई गई थी इसमें कांग्रेस नेताओं का दर्द भी सामने आ गया। कुटलैहड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं का अपने विधायक के प्रति गुस्सा कम नहीं हो रहा है। इस बैठक में पार्टी के तमाम नेताओं ने विधायक द्वारा क्षेत्र के लोगों की भावनाओं से खेलने का आरोप जड़ा। इस दौरान नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस सरकार और सुक्खू के नेतृत्व में आस्था व्यक्त की।

बैठक में कुटलैहड़ कांग्रेस के नेताओं ने स्थानीय विधायक द्वारा पार्टी के प्रति व्यवहार को लेकर कड़ी निंदा की गई। सभी वक्ताओं का दर्द भी छलक रहा था कि तीन दशकों के बाद क्षेत्र में कांग्रेस जीतकर भी हार गई। बैठक में नेताओं ने अब क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिए सभी लोगों को समर्पण भाव से कार्य करने का प्रण लिया। क्षेत्र में नेतृत्व की कमी को पूरा करने के लिए कांग्रेस नेताओं द्वारा राज्य के 6 विधानसभा क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ा दी है। इन क्षेत्रों के विधायकों की विधानसभा से सदस्यता को रद्द कर दिया गया था। ऐसे में विधानसभा क्षेत्र में से एक कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र भी है जहां के कांग्रेस विधायक द्वारा क्रॉस वोटिंग करके पार्टी से दगा किया था। मंगलवार को इस क्षेत्र के कांग्रेस नेता विवेक शर्मा विक्कू के नेतृत्व में क्षेत्र के तमाम कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा एक बैठक बुलाई गई थी। जोगीपंगा में हुई बैठक काफी हंगामेदार रही।

इस बैठक में जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को ओर से विधायक द्वारा किए गए व्यवहार को लेकर कड़े शब्दों में निंदा की गई। नेताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक साथ इन परिस्थितियों को काबू में रखने के लिए एकजुटता बनाए रखने की अपील की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव विवेक शर्मा ने कहा की राजनीतिक घटनाक्रम के बाद कुटलैहड़ में भले ही नेतृत्व का शून्य हुआ हो, लेकिन राजनीतिक तौर पर कांग्रेस संगठन इस क्षेत्र में कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के अलावा विकास कार्य के गति को निरंतर बनाए रखने के लिए कांग्रेस संगठन पूरी तरह सक्रियता से कार्य करेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के नेताओं ने यह भी कहा कि आने वाले समय में जिस तरह की भी राजनीतिक परिस्थितियों यहां पैदा होती हैं उसके लिए कुटलैहड़ के कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी सुक्खू सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हर हालत में क्षेत्र की जनता प्रदेश की सुख सरकार के साथ है। इस मौके पर, विजय डोगरा, देसराज मोदगिल, देशराज गौतम, महेंद्र सिंह, लेख राज भारती व इब्राहिम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कुटलैहड़ कांग्रेस की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता और नेता।

### ऊना से इंदौर ट्रेन को मंजूरी

**ऊना।** ऊना से इंदौर के बीच रेलसेवा शुरू होने की घोषणा रेलवे की ओर से कर दी गई है। यह ट्रेन 14 मार्च को इंदौर से चलेगी। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव सुमित शर्मा ने कहा कि 15 मार्च को यह ट्रेन ऊना से इंदौर के लिए जाएगी। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि अनुराग ने यह घोषणा की थी जो पूरी हुई है। इससे प्रदेश में सैनिकों और कारोबारियों को लाभ मिलेगा।

### कर्मचारी विरोधी है सुक्खू सरकार : राजीव वशिष्ठ

**ऊना।** भाजपा सेवानिवृत्ति प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ठ ने कहा कि आज तक कोई ऐसी सरकार नहीं आई जो कर्मचारी के विरोध में निर्णय लेती हो। यह पहली ऐसी कांग्रेस की सरकार है जिसने जो वायदे आज तक कर्मचारियों के साथ किए वे पूरे नहीं किए। मंगलवार को वशिष्ठ ने यहां जारी बयान में कहा कि सुक्खू सरकार ने महंगाई भत्ते की किस्त जो 4 फीसद कर्मचारियों को दी है वह भी किश्तों में दी गई है। जो कर्मचारी को एरियर्स दिया है वह भी किस्तों में दिए गए हैं, लेकिन भाजपा सरकार जब-जब रही है कर्मचारियों के हितों की रक्षा की है।

# लिखित पत्र पर नहीं डला काम का प्रस्ताव

### कलरूही के लोगों का आरोप- दो माह पहले दिया था लिखित पत्र, सचिव कर रहा टालमटोल

**अनंत ज्ञान, अंब**

चिंतपूर्णी विधानसभा के तहत ब्लॉक अंब की ग्राम पंचायत कलरूही में सचिव की ओर से आम जनमानस के कार्य न करने का मामला सामने आया है।

आपको बता दें कि ग्राम पंचायत कलरुही के कुछ व्यक्तियों ने जनवरी महीने में ग्राम पंचायत में सचिव के पास लिखित में पत्र दिया था। जिसका प्रस्ताव सचिव द्वारा पंचायत के कार्यवाही रजिस्टर में डालकर संबंधित विभाग या पत्र देने वाले व्यक्तियों को देना था लेकिन सचिव से जब व्यक्ति प्रस्ताव लेने जाते हैं तो सचिव प्रस्ताव आज-कल करके उन्हें टाल देता है, जिससे सभी आम जनमानस परेशान हैं और सचिव लगातार एक महीने से आम जनमानस को गुमराह कर रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वो लगभग हर दिन पंचायत में सचिव द्वारा बनाए हुए प्रस्ताव को लेने जाते हैं तो सचिव उन्हें प्रस्ताव न देकर टालमटोल करता है।

लोगों का कहना है कि लोकसभा के इलेक्शन कुछ महीनों में आ जाएंगे और आचार संहिता लागू हो जाएगी तो उनका सारा कार्य अधूरा रह जाएगा। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत कलरुही में लगभग सात से आठ महीने से सचिव के पद पर कोई नहीं है। कोई भी सचिव अभी तक स्थायी रूप से नहीं आया है, जिस सचिव के पास एडिशनल चार्ज है वो सिर्फ सप्ताह के दो दिन ही ग्राम पंचायत कलरुही में आता है, जिसके चलते इस गांव के लोगों के जरूरी कार्य नहीं हो रहे हैं और सभी निवासी सचिव के न मिलने से परेशान है।

#### सचिव बोले- मेरे पास दो पंचायतें नहीं मिल पा रहा समय

**ग्राम** पंचायत कलरुही के सचिव रविंद्र पाल से जब इस मामले के बारे बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव ग्राम पंचायत की सभा में डालना था और इस प्रस्ताव को कार्रवाही रजिस्टर में डाल दिया गया है जल्द ही प्रस्ताव दे दिया जाएगा और उनका कहना था कि मेरे पास दो पंचायतें हैं। कलरुही ग्राम पंचायत का एडिशनल चार्ज है और समय का भी अभाव था जिसके कारण प्रस्ताव नहीं दे पाया।

#### बीडीओ अंब ने सचिव को दिए रुके कार्य को तुरंत करने के निर्देश

**स्थानीय** निवासी जब अपनी शिकायत लेकर बीडीओ अंब ओम पाल के पास पहुंचे तो उन्होंने सचिव रविंद्र पाल को रुके हुए कार्यों को करने के तुरंत निर्देश दिए और शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनका कोई भी काम रुकने नहीं देंगें। अगर सचिव ग्राम पंचायत के कार्य नहीं करता है तो सीधे मुझसे संपर्क करें।

# रोड सेफ्टी क्लब ने सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, अंब।**




रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक छात्रों को जानकारी देते हुए।

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों पर एक कला प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार को किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक आचार्य नवीन शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बीएस राणा ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने बहुत सी कलाकृतियों को सराहा और विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से यातायात के नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। महाविद्यालय के ईको क्लब ऊर्जा, क्लब रेड रिबन आपदा और रेड क्रॉस के सदस्यों ने इसमें भाग लेने के अलावा प्रदर्शनी को लगाने तथा अन्य प्रबंधन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके लिए उन सब की प्रशंसा की गई। इस मौके पर प्राध्यापक प्रो. कविता कौशल डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. रामकुमार, प्रो. शगुन डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बिलासपुर व ऊना की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**ऊना।** अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम नादौन हिमाचल प्रदेश में सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत ऊना का मुकाबला बिलासपुर के साथ हुआ। बिलासपुर की टीम ने पहले खेलते हुए 190 रन बनाए। ऊना के ऋतिक कालिया ने चार विकेट झटके। ऊना की टीम ने पहली पारी में 498 रन बनाए। टीम के कप्तान अंकुश बेदी ने 89 नाबाद रनों की पारी खेली। ऊना की टीम को पहली पारी की बढ़त के आधार पर अधिक अंक मिले। मैच बिना नतीजे के समाप्त हो गया।

### क्वार्टर फाइनल में खेलेगी कांगड़ा व कल्लू की टीमें

**स्थानीय** इंदिरा स्टेडियम में ऊना में कल्लू और कांगड़ा के बीच में तीन दिवसीय मैच आरंभ हुआ था। जिसमें कल्लू की टीम ने पहले खेलते हुए अपनी पारी में 210 रन बनाए। कांगड़ा के अपूर्व वालिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया। इस दौरान कांगड़ा की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 501 रन बनाए। इस दौरान कल्लू के दक्ष नारायण ने 5 विकेट प्राप्त किए। कांगड़ा ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की है। इस दौरान मैच बिना नतीजे के समाप्त हो गया।

# अधर में लटका गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के खेल मैदान का कार्य

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के खेल के मैदान का समतलीकरण के लिए खेल के मैदान में मिट्टी डाली गई थी, परंतु पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं की गई है, बारिश होने के कारण खेल के मैदान की मिट्टी पानी के बहाव में बह रही है, जिस कारण खेल के मैदान में खड्डे पड़ गए हैं। काफी राशि खर्च होने के बावजूद भी खेल के मैदान के समतलीकरण की उचित व्यवस्था नहीं हो पाई है और कार्य भी अधर में लटका हुआ है, जो चिंता का विषय है।

स्थानीय पंचायत की स्कूल वार्ड से सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने बाढ़ नियंत्रण, लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएं और खेल के मैदान का अधर में लटका कार्य शीघ्र पूरा करवाया जाए। पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी ने बताया कि इस खेल के मैदान में पहले कांटेदार झाड़ियां थी उनको मनरेगा के माध्यम से साफ करवाया गया था लेकिन उस समय बजट की कमी थी, परंतु अब बजट मंजूर होने के बावजूद इसका कार्य अधर में लटकाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**बजट मंजूर होने के बावजूद कार्य रुकना दुर्भाग्यपूर्ण: राजकुमारी**

राजकुमारी ने स्थानीय पाठशाला के स्कूल के स्टेडियम का कार्य जो वर्षों से लटका हुआ है, जिसके लिए बजट भी मंजूर है का कार्य भी शीघ्रता से पूरा करने की मांग की है। स्मरण रहे यह इलाके का सबसे पुराना स्कूल है और खेल का मैदान इतना बड़ा है कि यहां पर एक समय में कई खेलों का आयोजन हो सकता है और इसके प्रति विभागीय उदासीन रवैया उचित नहीं है। उधर स्कूल के प्रिंसिपल राजेश कुमार ने बताया कि इस बारे संबंधित विभाग, स्थानीय पंचायत, एसएमसी को अवगत करवा दिया गया है।

# कुटलैहड़ आईटीआई में आपदा प्रबंधन व बचाव बारे करवाई मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



आपदा प्रबंधन एवं बचाव बारे आयोजित मॉक ड्रिल में शामिल टीम व छात्र।

कुटलैहड़ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बल्ह टीहरा में आपदा प्रबंधन एवं बचाव के संबंध में एक माक ड्रिल का आयोजन किया गया। हिमाचल होमगार्ड विंग द्वारा आयोजित इस मॉक ड्रिल में भूकंप तथा आगजनी जैसी अनेक आपदाओं की स्थिति में बचाव तथा प्राथमिक उपचार के संबंध में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस मॉक ड्रिल में संस्थान के सभी प्रशिक्षुओं, स्टाफ स्टाफ सदस्यों तथा अन्य लोगों ने भी भाग लिया।

इस दौरान होम गार्ड्स के कंपनी कमांडर हंसराज ने भूकंप आने की स्थिति में पहले तथा बाद में क्या करें व क्या न करें के अलावा खुद का बचाव करने तथा घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार करने व उसे अस्पताल तक पहुंचाने संबंधी प्रक्रिया बारे व्यवहारिक जानकारी प्रदान की, इस प्रक्रिया में होमगार्ड के जवान राकेश कुमार तथा अजय ने उनका सहयोग किया। कंपनी कमांडर हंसराज ने आगजनी की घटनाओं के मूल कारणों के अलावा आग की विभिन्न किस्मों तथा उन्हें बुझाने के लिए इस्तेमाल होने वाले विभिन्न वर्गों के अग्निशमन यंत्रों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है और ही इन्हें रोका जा सकता है, लेकिन जागरूकता के द्वारा इनके प्रभाव तथा होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। इस मौके पर संस्थान की प्रबंध निदेशक इंजीनियर रजनीश वाला, कुटलैहड़ आईटीआई के प्रधानाचार्य सूबेदार (सेवानिवृत्त) इंजीनियर सोम पाल, अनुदेशक करमजीत व पंकज शर्मा, शशी कुमार के अतिरिक्त नीलम कुमारी सीमा देवी तथा अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# अनुराग ठाकुर ने उपडाकघर चौकीमन्यार के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, अंब**

उपतहसील जोल के तहत आने वाले उप डाकघर चौकीमन्यार के 35 लाख रुपए से नवनिर्मित भवन का उद्घाटन हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं माननीय भारत सरकार में सूचना एवं प्रसारण खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष एवं चिंतपूर्णी क्षेत्र के पूर्व विधायक बलबीर सिंह, हिमाचल प्रदेश डाक परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर अंवेश उपमन्यु व अधीक्षक ऊना मंडल भूपेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अनुराग ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब बहुत ही सरलता से डाक विभाग से संबंधित सेवाओं का लाभ यहां के लोगों को मिल सकेगा। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं महिला सम्मान बचत पत्र योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिला मोर्चा की महिलाओं से आग्रह किया गया कि वह सभी मोदी सरकार द्वारा मिल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं।

केंद्रीय मंत्री ने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों एवं उनके प्रयास से हो रहे विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से संवाद भी किया।

इस मौके पर अन्यों के अलावा चिंतपूर्णी मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, जिला महामंत्री शाम मिन्हास, महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहडा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी, जिला परिषद रजनी मनकोटिया, बीडीसी सदस्य अंबेहडा धीरज सुषमा शर्मा, बीडीसी सदस्य चौकीमन्यार अनीता देवी, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप शर्मा, रिटायर्ड एसएचओ मंगतराम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



भवन का रिबन काटकर उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, साथ हैं अन्य।

**राजनीति** | प्रदेश स्टेट प्लानिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन ने भाजपा के सिर फोड़ा राजनीतिक संकट का ठीकरा

# भाजपा ने कांग्रेस के 6 विधायक धनबल से खरीदे : भवानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रदेश स्टेट प्लानिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन व फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य में सुक्खू सरकार मजबूत स्थिति में है। कुछ लोगों ने सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास किया है। ऐसे लोगों ने हिमाचल की भोली भाली जनता की भावनाओं से खिलवाड़ किया है। हिमाचल प्रदेश में उठे राजनीतिक ज्वर को शांत करने के लिए कांग्रेस के तमाम विधायक जगह-जगह प्रेस कान्फ्रैंस से स्थिति को शांत करने में जुटे हैं। एक के बाद एक नेताओं की प्रेस वार्ताएं प्रदेश भर में जारी हैं।

मंगलवार को ऊना विश्राम गृह में कांग्रेस के फतेहपुर से विधायक भवानी सिंह पठानिया ने भी ऐसी ही एक प्रेस कान्फ्रैंस में कहा कि सुक्खू सरकार पहले से मजबूत स्थिति में है और हमने राजनीतिक संकट से पार पा लिया है। पठानिया ने हिमाचल में उत्पन हुए इस राजनीतिक संकट का सारा ठीकरा भाजपा के सिर फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सुक्खू सरकार को गिराने के लिए धनबल के आधार पर कांग्रेस विधायकों की खरीद फरोख्त की लेकिन फिर भी इतना संख्या बल नहीं जुटा पाई जिससे सरकार गिर जाती।

उन्होंने कहा कि 2014 से भाजपा देश भर के राज्यों में ऐसे ही सरकारों को अस्थिर करने में लगी है। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी 6 बागी विधायक उनके भी करीबी रहे हैं। उन्होंने बड़सर विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि अभी कुछ हफ्ते पहले ही बड़सर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपए के विकास कार्यों को आरंभ करवाया है। सारे प्रोजेक्ट समय पर शुरू हो रहे हैं। यदि हम एक विधायक के पांच साल के कार्यकाल की बात करें तो मुश्किल से वह पांच साल में 50 से 100 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवा पाता है। यही हिमाचल का चलन भी है, लेकिन अकेले बड़सर में ही हमने 150 करोड़ की परियोजनाओं को स्वीकृति दे रखी है। ऐसे में 6 बागी विधायकों का यह कहना कि उनके क्षेत्रों की अनदेखी हो रही थी या उनके क्षेत्रों को पैसा नहीं दिया जा रहा था। यह सारी बातें निराधार हैं। कांग्रेस के बागी विधायकों के इलाकों में जाकर आप जमीनी हकीकत देख सकते हैं। विकास कार्यों में रुकावट की तो कोई बात ही नहीं थी। यदि ऐसा कुछ था भी तो उन विधायकों को हाइकमान के पास जाना चाहिए था। अपनी नाराजगी अपनी ही सरकार के समक्ष पेश की जा सकती थी लेकिन उन्होंने तो सरकार को ही दांव पर लगा दिया। उन्होंने आयोग्य विधायकों को सलाह दी है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में वापस जाएं और उपचुनाव की तैयारी करें।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार सरकारी खर्चों को कम करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए आय के साधन भी विकसित कर रही है।



फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया ऊना में कांग्रेस समर्थकों के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### इंग्लैंड के खिलाफ 2012 शृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी : अश्विन



**धर्मशाला।** भारत के सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला उनके कैरियर का निर्णायक मोड़ थी, जिससे उन्हें अपनी गलतियों को सुधारने में मदद मिली। इंग्लैंड ने वह शृंखला 2-1 से जीती थी, जो भारत में 1984-85 के बाद शृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है।' इंग्लैंड के खिलाफ यहां सात मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने कैरियर के 100 टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने इस बारे में कहा ,'यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है।' हाल ही में 500 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बने अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

### बी साईं प्रणीत ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** विश्व चैपिंयनशिप कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कह दिया और अब वह अमेरिका में एक क्लब से मुख्य कोच के रूप में जुडेंगे। हैदराबाद के 31 वर्ष के प्रणीत ने टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन उसके बाद से चोटों से जूझ रहे हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'मिले जुले जज्बात के साथ मैं इन शब्दों के जरिये उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जो 24 से अधिक साल से मेरे लिए सब कुछ रहा है।' उन्होंने लिखा, ''आज मैं नए अध्याय की शुरूआत कर रहा हूं और अपने अब तक के सफर के लिए अभिभूत और कृतज्ञ हूं।'' प्रणीत ने लिखा कि बैडमिंटन मेरा पहला प्यार और साथी रहा है। इसने मेरे वजूद को मायने दिए, जो यादें हमने साझा की, जो चुनौतियां हमने पार की, वे सदैव मेरे ह्दय में रहेंगी। उन्होंने पीटीआई से कहा कि मैं अप्रैल में वहां जाऊंगा। मैं क्लब का मुख्य कोच रहूंगा और सारे खिलाड़ी मेरे मार्गदर्शन में खेलेंगे।

### सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते



**इंडियन वेल्स।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

### सिर में चोट लगने से महिला मुक्केबाज की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूंख्वा की एक युवा महिला मुक्केबाज की प्रतिस्पर्धा के दौरान सिर में चोट लगने से मौत हो गई। बीस वर्ष की फिजा शेर अली को मरदान में यूथ टैलेंट हंट के दौरान 44 किलोवर्ग के मुकाबले में सिर में चोट लगी थी। पाकिस्तान जूडो महासंघ के एक अधिकारी ने कहा कि वह पेशावर में बीएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी और ट्रायल के लिए मरदान आई थी। वह इस खेल में नई थी। वह मैच के दौरान तुरंत गिर गई और फिर उठ नहीं सकी। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

### गाजा संकट पर भारत ने यूएनजीए में फिर जताई चिंता



**न्यूयॉर्क(** यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली (यूएनजीए) में सोमवार को भारत की तरफ से कहा गया कि इजराइल-हमास संघर्ष के चलते बड़े स्तर पर लोगों की जान जा चुकी है। खासकर महिलाओं और बच्चों की, जो अस्वीकार्य है। भारत की तरफ से इस पर चिंता जताते हुए कहा गया है कि इस विवाद को करीब पांच माह हो चुके हैं और यह इंसानियत पर संकट जैसा है, जो गहराता जा रहा है। यूएनजीए में ब्रीफिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है जो कई मौकों पर दोहराया गया है। भारत दो राज्य समाधान के समर्थन को प्रतिबद्ध है। दोनों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के माध्यम से इसका समाधान निकाला जा सकता है। यह स्थायी शांति के लिए जरूरी है। भारत की स्थायी दूत ने तनाव कम करने का आग्रह करते हुए कहा कि स्थायी समाधान तक पहुंचने के लिए हम तत्काल तनाव कम करने, हिंसा से बचने, सभी बंधकों को रिहा करने और तनावपूर्ण कार्रवाइयों से बचने का आग्रह करते हैं। जिससे सीधी शांति वार्ता के लिए जमीन तैयार हो सकेगी।

# धर्मशाला में भारत-इंग्लैंड ने बहाया पसीना

## खिलाड़ियों ने फुटबाल खेलकर किया वार्मअप, बल्लेबाजों ने स्पिनरों को किया फेस



अभ्यास करतीं दोनों टीमें।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारत-इंग्लैड के बीच 7 से 11 मार्च तक खेले जाने वाले सीरीज के अंतिम टेस्ट मैच के लिए धर्मशाला पहुंचे इंग्लैंड और भारतीय खिलाड़ियों ने मंगलवार को नेट पर खूब पसीना बहाया। सुबह के सत्र में इंग्लैंड और दोपहर को भारतीय खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने नेट पर स्पिन गेंदबाजी का सामना किया। वहीं, दूसरी ओर टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया। मंगलवार को इंग्लैंड की टीम सुबह 9 बजे अभ्यास के लिए पहुंची। सबसे पहले खिलाड़ियों ने फुटबाल खेलकर वार्मअप किया। करीब डेढ़ घंटे के प्रैक्टिस सेशन में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एंडरसन और अन्य ने गेंदबाजी की। वहीं, बल्लेबाजों ने स्पिनरों को फेस किया और घूमती गेंदों पर शॉट लगाए। कप्तान बेन स्टोक्स, बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो, बेन डकेट और जक क्रॉली ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया। दोपहर 12.30 बजे भारतीय खिलाड़ी अभ्यास के लिए पहुंचे। करीब पौने घंटा मैदान में एक्सरसाइज और क्षेत्ररक्षण का अभ्यास करने के बाद टीम ने नेट अभ्यास किया। ऑलराउंडर रविंद्र जेडजा, बल्लेबाज शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, मोहम्मद सिराज, आर अश्विन और कुलदीप यादव ने नेट पर तेज और धीमी गति की गेंदों पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया।

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी मंगलवार दोपहर धर्मशाला पहुंच गए हैं। हेलिकाप्टर से धर्मशाला पहुंचने के बाद वह टीम के साथ जुड़ गए। ड्रेसिंग रूम में थोड़ा आराम करने के बाद रोहित ने बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया।

### खिलाड़ियों को खूब भा रही धौलाधार की वादियां

**भारतीय** क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ को धौलाधार की वादियां खूब भा रही हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सोमवार को ग्राम पंचायत सोकणी दी कोट के गांव खड़ौता की पहाड़ियों में घूमने की फोटो शेयर की। उनके साथ बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर, गेंदबाजी कोच पारस महांबरे और फील्डिंग कोच टी दिलीप भी नजर आए। उधर, इंग्लैंड टीम के अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भी अपने साथी खिलाड़ियों के साथ मांझी खड्ड में नहाने के वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं।

## पिच और आऊटफील्ड दोनों बढ़िया : बेयरेस्टो

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज का पांचवां तथा आखिरी मुकाबला धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। मंगलवार को इंग्लैंड टीम के खिलाड़ी जॉनी बेयरस्टो ने एक प्रेस वार्ता कहा कि इंग्लैंड अंतिम टेस्ट मैच में अपने बेहतर प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि वह अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे हैं, जब बचपन में क्रिकेट खेलना शुरू किया था तब एक लक्ष्य रखा था कि 100वां टेस्ट मैच खेलूंगा। उन्होंने कहा कि उनका यह सपना अब पूरा होने जा रहा है। धर्मशाला में मौसम तथा पिच का मिजाज इंग्लैंड टीम के अनुकुल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों ही टीमों के लिए यह अनुकूल है तथा पिच काफी बढ़िया है तथा वह एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के साथ खेले गए मैच उन्हें हमेशा ही यादगार रहेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि परिवार के साथ भारत घूमने के लिए एक बेहतरीन देश है, वहीं धर्मशाला मैदान को लेकर जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि धर्मशाला मैदान में आउटफील्ड और विकेट को बेहतर बनाया गया है।

## एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन सभी टीमों को नियमों से करवाया अवगत



अभ्यास करते राफ्टर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुन्नी में आयोजित हो रहे एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन आज विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के संदर्भ में सभी टीम कप्तानों के साथ बैठक का आयोजन कर आपस में समन्वय स्थापित किया गया। इस अवसर पर एशियन राफ्टिंग फेडरेशन के तकनीकी कमीशन निदेशक मसीमो एवं रेस निदेशक हादी गाजी असगर द्वारा सभी टीम के कप्तानों एवं कोचों को नियमों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी उपलब्ध की गई। इसी दौरान आज रेस कोर्स की भी स्थापना की गई तथा यह दिन अधिकतर टीम के सदस्यों का अभ्यास सत्र रहा। आगामी 6 मार्च, 2024 को स्प्रिंट रेस एवं डाउन रिवर रेस का आयोजन होगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ रोजमेरी मेयर व ब्रुक हॉलिडे की न्यूजीलैंड टीम में वापसी

**वेलिंगटन।** घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए तेज गेंदबाज रोजमेरी मेयर और बल्लेबाज ब्रुक हॉलिडे की न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम में वापसी हुई है। आखिरी दो टी-20 के लिए ऑफस्पिनर लेह कास्पेरेक को शामिल किया गया है। यह दौरा 10 और 12 मार्च को क्वींसटाउन में दो अभ्यास टी-20 मैचों के साथ शुरू होगा। इसके बाद पहला टी-20 मैच 19 मार्च को डुनेडिन में खेला जाएगा। पहले टी-20 के लिए तीन स्टैंडबाय खिलाड़ियों को अमेलिया केर (मुंबई इंडियंस), सोफी डिवाइन (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर), या ली ताहुहू (गुजरात जायंट्स) के कवर के रूप में शृंखला के करीब नामित किया जाएगा। ये तीनों खिलाड़ी इस समय महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खेल रही हैं, जो 17 मार्च को समाप्त हो रही है।

## मेग लैनिंग बोली-किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करूंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, जो मौजूदा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहीं हैं, ने स्वीकार किया है कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हैं, लेकिन किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करेंगी।

लैनिंग ने उस समय आश्चर्यचकित कर दिया जब उन्होंने पिछले साल के अंत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया और 31 वर्षीय खिलाड़ी केवल कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया में घरेलू प्रतियोगिताओं में दिखाई दीं। हाल के दिनों में उन्होंने भारत में अपने जीवन के अगले चरण को अपना लिया है और मौजूदा डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बन गई हैं, जहां वह अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 117.46 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं।

उस फॉर्म ने कैपिटल्स को चार मैचों में तीन जीत के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचने में मदद की है और लैनिंग ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व साथियों एनाबेल सदरलैंड और जेस जोनासेन के साथ टीम में अपनी भूमिका का आनंद ले रही हैं।

## दीपिका के बाद परिणीति चोपड़ा से भी 'गुड न्यूज' मिलने की अटकलें



**मुंबई।** बी-टाउन से एक के बाद एक अच्छी खबरें सुनने को मिल रही हैं। एक्ट्रेस यामी गौतम के प्रेग्नेंट होने की बात सामने आने के बाद ऋचा चड्ढा और दीपिका पादुकोण ने भी मां बनने की खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर कर चुकी हैं। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई है कि एक और एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं। हाल ही में शादी करने वाली एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा के प्रेग्नेंट होने की खबर है। फिलहाल परिणीति चोपड़ा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद फैंस को लगने लगा है कि वह प्रेग्नेंट हैं। एक्ट्रेस का यही लुक उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाह फैलने की वजह बन गया।

इस वायरल वीडियो पर अब कई लोग कमेंट कर रहे हैं कि क्या परिणीति प्रेग्नेंट हैं? ऐसा प्रश्न पूछा गया है। ड्रेस के साथ उनके वॉक ने भी लोगों का ध्यान खींचा। वह एयरपोर्ट पर स्लो मोशन में चलती नजर आईं। इस दौरान एक्ट्रेस के चेहरे पर बड़ी-सी मुस्कान भी देखने को मिली।

## मेदवेदेव ने जेलेंस्की से वार्ता करने से किया इनकार

**मास्को।** रूस-यूक्रेन के बीच पिछले दो साल से जारी युद्ध के बीच शांति वार्ता के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी और रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने सोमवार को मौजूदा यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ शांति वार्ता से इनकार कर दिया। मेदवेदेव ने कहा कि यूक्रेन रूस का हिस्सा है।

दक्षिणी रूस में मेदवेदेव ने कहा कि रूस अपना विशेष सैन्य अभियान जारी रखेगा, जब तक कि दूसरा पक्ष आत्मसमर्पण नहीं कर देता। मेदवेदेव ने कहा कि यूक्रेन के पूर्व नेताओं में से एक ने कहा था कि यूक्रेन रूस नहीं है। उस अवधारणा को हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहिए। यूक्रेन निश्चित रूप से रूस है। उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के नेतृत्व वाले वर्तमान यूक्रेनी नेतृत्व के साथ शांति वार्ता से इनकार कर दिया।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भी आज दबाव में कारोबार होता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी, हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, जिससे शेयर बाजार की हालत में सुधार होता नजर आया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बाजार में फिर बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए।

पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.42 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

आज शुरुआती कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर के शेयरों में बड़ी गिरावट बनी हुई थी। पहले 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, यूपीएल, बजाज ऑटो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 6.08 प्रतिशत से लेकर 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, एलटी माइंडट्री और टेक महिंद्रा के शेयर 2.04 प्रतिशत से लेकर 1.09 प्रतिशत की गिरवट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,069 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 801 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,268 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## चुनाव आयोग ने बंगाल पुलिस को दी चेतावनी- हिंसा हुई तो भुगतने होंगे परिणाम

**कोलकाता।** चुनाव आयोग की फुल बेंच फिलहाल बंगाल में है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बंगाल पुलिस को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी तरह की धांधली या हिंसा होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य प्रशासन की होगी और इसका परिणाम भुगतना होगा। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में एक पूर्ण पीठ रविवार को राज्य में पहुंची थी। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव में हिंसा पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। किसी भी रूप में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य पुलिस को राज्य में स्वतंत्र और शांतिपूर्ण मतदान की जिम्मेदारी लेनी होगी। किसी भी चूक के लिए डीजीपी जिम्मेदार होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उनके पास राज्य की सभी रिपोर्ट हैं। बंगाल के चुनाव में बाहुबल और धनबल का इस्तेमाल हुआ तो इसे किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## साउथ सुपर स्टार को शाहरुख के 'इडली वड़ा' कहने पर भड़के फैंस



**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान मुसीबत में हैं। साउथ सुपरस्टार राम चरण को 'इडली' कहने पर उनके फैंस शाहरुख से नाराज हैं। अंबानी की पार्टी में स्टेज पर शाहरुख, सलमान और आमिर तीनों खान ने राम चरण की फिल्म आरआरआर के गाने 'नाटू नाटू' पर डांस किया। पार्टी में मौजूद अभिनेता राम चरण को स्टेज पर बुलाने के लिए तीनों ने आवाज दी लेकिन इस दौरान शाहरुख ने मजाक करते हुए राम चरण को 'इडली वड़ा' कहा।

इस पर राम चरण ने तो कुछ नहीं कहा लेकिन उनकी मेकअप आर्टिस्ट और उनके फैंस भड़क गए। इसके चलते अब यूजर्स और राम चरण के फैंस शाहरुख से नाराज हैं। साउथ सुपरस्टार को 'इडली वड़ा' कहना कितना उचित है? नेटिजेंस ने यह सवाल उठाया है। भले ही अंबानी की पार्टी में शाहरुख ने मस्ती के मूड में ऐसा किया लेकिन फैंस को यह साउथ सुपरस्टार का अपमान लगा। इतना ही नहीं शाहरुख की बात सुनकर राम चरण की मेकअप आर्टिस्ट जेबा हसन वहां से चली गईं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा कि इडली वड़ा राम चरण कहां है तू? यह सुनकर मैं वहां से चली आई। यह राम चरण जैसे सुपरस्टार का अपमान है।

**पंजाब बजट** — किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं को मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

# पंजाब का बजट दो लाख करोड़ से पार, न कर न राहत

**एजेंसी, चंडीगढ़**



बजट पेश करते पंजाब सरकार के वित मंत्री हरपाल चीमा।

**महिलाओं के लिए नहीं हुई एक हजार मासिक भते की घोषणा**

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मंगलवार को विधानसभा में दो लाख चार हजार 918 करोड़ रुपए का सालाना बजट पेश किया। इस बजट में प्रदेश की जनता को न तो कोई राहत दी गई है और न ही कोई नया कर लगाया गया है। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई मुफ्त बिजली योजना जारी रखने का ऐलान किया है। प्रदेश का सालाना बजट भले ही पिछले साल के मुकाबले बढ़ गया है लेकिन कई विभागों के सालाना बजट में पिछले साल के मुकाबले कटौती की गई है।

वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मंगलवार को सदन में बजट पेश करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की तरफ एनएचएम, आरडीएफ, एमडीएफ के रूप में आठ हजार करोड़ रुपए बकाया है। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि पंजाब में किसानों तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई मुफ्त बिजली योजना जारी रहेगी। पंजाब के उद्योगों को बिजली पर सब्सिडी भी जारी रहेगी। सरकार ने स्कूल ऑफ एमीनेंस के लिए सौ करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के समय में विकास दर 13 फीसदी पहुंच गई है, जबकि पिछली सरकारों के समय में यह बहुत कम थी। उन्होंने साल 2013 से लेकर 2022 तक की विकास दर गिनाई। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार खेतों के आखिरी टेल तक नहरी पानी पहुंचा रही है। इससे पंजाब को मरुस्थल बनाने से बचाने में लगी है।

आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार के बजट में महिलाओं के लिए विशेष भत्ता घोषित किए जाने के बाद अनुमान था कि पंजाब सरकार आज के बजट में महिलाओं को एक हजार रुपये मासिक भत्ता देने का ऐलान कर सकती है। इस संबंध में आप ने चुनाव के दौरान ऐलान किया था। आज के बजट में महिलाओं के हित में किसी तरह की नया ऐलान नहीं किया गया है। महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा जारी रहेगी। इसके लिए 450 करोड़ का प्रस्ताव रखा गया है। राज्य के लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली मुहैया करवाने के लिए सरकार ने सात हजार 780 करोड़ का बजट रखा है।

सरकार ने मनरेगा स्कीम के तहत रोजगार के लिए 655 करोड़ रुपए रिजर्व रखे हैं। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के लिए 20 करोड़ रुपए रखे गए हैं। ग्रामीण विकास के लिए 3154 करोड़ का बजट रखा गया है। पंजाब सरकार ने टूरिज्म क्षेत्र के लिए 166 करोड़ का बजट रखा है। इस दौरान विभिन्न स्मारकों, पार्कों के लिए 30 करोड़ व सैर सपाटे के लिए 30 करोड़ खर्च किए जाएंगे। आम आदमी क्लिनिक के लिए 249 करोड़ का बजट रखा है। सरकार ने शिक्षा के लिए कुल बजट का 11.5 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित किया है।

### किस विभाग को बजट में क्या मिला

| विभाग | बजट |
|---|---|
| कृषि | 13784 करोड़ |
| किसानों को मुफ्त बिजली | 09330 करोड़ |
| शिक्षा | 16987 करोड़ |
| तकनीकी शिक्षा | 00525 करोड़ |
| मेडिकल शिक्षा एवं शोध | 01133 करोड़ |
| स्वास्थ्य सेवाएं | 05264 करोड़ |
| खेल एवं युवक सेवाएं | 00272 करोड़ |
| उद्योगों को बिजली सब्सिडी | 03367 करोड़ |
| खाद्य एवं आपूर्ति विभाग | 01072 करोड़ |
| राजस्व एवं आपदा प्रबंधन | 01573 करोड़ |
| पर्यटन विकास | 00166 करोड़ |
| गृह, न्याय एवं जेल | 10635 करोड़ |
| सामाजिक न्याय | 09388 करोड़ |
| शहरी स्थानीय निकाय | 06289 करोड़ |
| ग्रामीण विकास एवं पंचायत | 03154 करोड़ |
| परिवहन विभाग | 00550 करोड़ |